सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 18 सितम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 70, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

तीसरी बार टाटा के चेयरमैन बने चंद्रशेखरन

टाटा संस के निदेशक मंडल ने एन चंद्रशेखरन को कार्यकारी चेयरमैन के रूप में पांच साल के एक और कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्त करने को मंजूरी दी। } 10

सत्ता का दरवाजा नहीं दिखने से विपक्षी नेता बेचैन : नवीन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता हासिल करने का कोई भी दरवाजा दिखाई नहीं देने से उन्हें बेचैनी हो रही है। } 12



पीएम मोदी के जन्मदिन पर देशभर में दीपोत्सव

देश-विदेश के वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर बृहस्पतिवार को राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और अन्य नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। गुजरात के वडनगर में 17 सितंबर, 1950 को जन्मे मोदी बृहस्पतिवार को अपना 76वां जन्मदिन मना रहे हैं।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दृढ़ संकल्प के साथ देश को आगे बढ़ाया है। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सेवा, सुशासन और राष्ट्रनिर्माण का संकल्प लेकर भारत को नयी ऊंचाइयों पर ले जा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।





उन्होंने कहा पहले गुजरात में सरकार और बाद में भारत के प्रमुख के तौर पर पिछले 25 वर्षों से उन्होंने दृढ़ संकल्प के साथ देश को आगे बढ़ाया है। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। उन्होंने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर राज्यवासियों को भी शुभकामनाएं दीं। चौधरी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, आज का दिन विशेष है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र और देशसेवा के लिए समर्पित किया है। उनके दीर्घ राष्ट्रसेवा के सफर को नमन करते हुए उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना करता हूं। उन्होंने कहा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे बिहार में सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। सेवा सेतु अभियान के तहत सभी प्रखंडों एवं विधानसभा क्षेत्रों में सरकार आपके द्वार समाधान शिविर आयोजित करके नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।



वहीं मार्च 2027 तक कायाकल्प अभियान के माध्यम से विकास कार्यों में तेजी, स्वच्छता तथा सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच को और प्रभावी बनाया जाएगा। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रदेश की जनता और अपनी ओर से मैं आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आपके परिवर्तनकारी शासन और ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों के तहत भारत अब सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नेतृत्व करने से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र का मार्गदर्शन करने तक आपकी यात्रा ने भारत की विकास गाथा को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सेवा, संकल्प और सुशासन का दृष्टिकोण देशभर के लोगों को प्रेरित करता रहता है। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने भी प्रधानमंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीएम योगी ने जलाया आशीर्वाद का दिया



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित प्रेरणा स्थल पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं पर दीप जलाकर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रेरणा स्थल पर मौजूद छात्रों से संवाद किया। उन्होंने मोबाइल से वीडियो बनाया और वहां मौजूद छात्रों को चॉकलेट भी दी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की और विश्वकर्मा पूजन की भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं ...शेष पृष्ठ 10 पर

पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने बनायी नयी पहचान : राजनाथ

- नये भारत के शिल्पी हैं प्रधानमंत्री मोदी : योगी
- यूपी की 25 करोड़ जनता उनके साथ

विशेष सवांददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र को उनके जन्म स्थान से जोड़ने वाली एक मोटरसाइकिल यात्रा की शुरुआत के अवसर पर बृहस्पतिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वाराणसी और वडनगर के बीच लगभग 2,000 वर्ष पुराने संबंध का उल्लेख किया। वाराणसी में सेवा संकल्प अभियान के शुरुआत पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि लगभग 2,000 वर्ष पहले बौद्ध भिक्षु ज्ञान और आध्यात्मिकता को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए सारनाथ से वडनगर गए थे।



वाराणसी से वडनगर तक की सेवा संकल्प मोटरसाइकिल यात्रा की शुरुआत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और केंद्रीय मंत्री व भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की मौजूदगी में की गई। भाजपा का व्यापक सेवा संकल्प अभियान मोदी के 76वें जन्मदिन और उनके समर्पित जनसेवा के 25 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने पहले गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर यह सेवा की है। उन्होंने कहा आज हम उसी प्राचीन परंपरा को एक नए रूप में आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। सिंह ने वर्तमान यात्रा को आस्था, जल और सेवा के माध्यम से दोनों स्थानों को जोड़ने का प्रयास बताया। सिंह ने कहा कि यह यात्रा केवल एक भौगोलिक स्थान से दूसरे भौगोलिक स्थान तक की यात्रा नहीं है, बल्कि यह मोदी की जन्मभूमि (वडनगर) व कर्मभूमि (वाराणसी) के बीच एक संबंध का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि काशी से ...शेष पृष्ठ 10 पर

यमुना तट पर 2100 दीप हुए रोशन

सीएम धामी ने की मां यमुना की आरती, हरिघाट का किया लोकार्पण

प्रमुख संवाददाता

हरिपुर कालसी (उत्तराखंड)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर ऐतिहासिक हरिपुर कालसी में यमुना तट आस्था और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर नजर आया। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत यमुना तट पर 2100 दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की रोशनी से सजे घाट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मां यमुना की आरती कर प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की भी कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मां यमुना की प्रतिमा का अनावरण करने के साथ हरिघाट का लोकार्पण किया



और मां यमुना-कृष्ण मंदिर की आधारशिला रखी। वैदिक मंत्रोच्चार, यमुना मैया के जयघोष और दीपों की शृंखला के बीच हुए आयोजन ने हरिपुर कालसी की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को भव्य स्वरूप प्रदान किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कालसी ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर विराज सागर दास ने परिवर्तन चौक पर बांटी झालमुड़ी और चाय, रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ, निराश्रित बच्चों के लिए हेल्थ कैंप, करियर काउंसलिंग और पेंसिल बॉक्स व फल का किया वितरण

पीएम मोदी से प्रेरणा लेकर देश की प्रगति के लिए कार्य करें : विराज सागर दास





विशेष संवाददाता

लखनऊ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को हजरतगंज स्थित परिवर्तन चौक पर झालमुड़ी और चाय वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ युवा भाजपा नेता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन अध्यक्ष व यूपी ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने किया। इसके अलावा उन्होंने मोती नगर स्थित श्रीमद् दयानंद बाल सदन में निराश्रित, अनाथ एवं निर्धन बच्चों के लिए हेल्थ कैंप, करियर काउंसलिंग और पेंसिल बॉक्स का वितरण किया। वहीं, जियामऊ स्थित सामुदायिक केंद्र में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।





फोटो : समीर भटनागर

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में विराज सागर दास ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर उन्होंने विविध प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है। श्रीमद् दयानंद बाल सदन में हेल्थ कैम्प, करियर काउंसिल और पेंसिल बाक्स और फल का वितरण किया गया तो दूसरी तरफ जियामऊ स्थित सामुदायिक केन्द्र में रक्तदान शिविर लगा। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम सभी को विशेष रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर देश की प्रगति में कार्य करने की जरूरत है। इस सेवा संकल्प अभियान के तहत पूरे माह विविध प्रकार के सामाजिक कार्य किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ फिर से भाजपा सरकार बनेगी। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत विराज सागर दास ने जियामऊ स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान के लिए आगे आये युवाओं और ...शेष पृष्ठ 10 पर

मालिनी अवस्थी के गीत व भजनों पर झूमे श्रद्धालु

बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने पद्मश्री मालिनी अवस्थी को किया सम्मानित



फोटो : अमित वर्मा

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे चार दिवसीय श्री गणेश महोत्सव 2026 के चौथे दिन प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका एवं पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने लोक संगीत व भजन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने पद्मश्री मालिनी अवस्थी को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने कार्यक्रम की शुरुआत वक्रतुंड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभः ,ॐ गं गणपतये नमो नमः, मेरे घर में पधारो गजानन जी, मेरे घर में पधारो, गणपति बप्पा मोरिया, जय गणेश जय गणेश देवा, माता जाकी पार्वती पिता महादेवा, अच्युतम केशवं कृष्ण दामोदरम, रामनारायणम जानकी वल्लभम, गणपति को लग जहिये नजरिया..., जय गणेश देवा जय गणेश देवा..., डम डम डमरू बजावे से किया जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित दर्शक झूम उठे। होली ...शेष पृष्ठ 10 पर

कारीगरी और हस्तशिल्प से तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार : मुख्यमंत्री

पारंपरिक कारीगरों के हुनर को आधुनिक तकनीक और नये बाजार से जोड़ने का काम किया

विशेष संवाददाता (vol)

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अलग-अलग कारीगरी और हस्तशिल्प से तीन करोड़ से अधिक लोग रोजगार प्राप्त कर रहे हैं और स्वावलंबन का जीवन जी रहे हैं। वर्ष 2017 में सरकार बनने के बाद प्रदेश सरकार ने परंपरागत कारीगरों और हस्तशिल्पियों को आगे बढ़ाने के लिए काम शुरू किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक तकनीक और नए बाजार से जोड़ने के साथ उत्पादों की पैकेजिंग और डिजाइनिंग पर भी ध्यान दिया। इससे कारीगरों और हस्तशिल्पियों के लिए आगे बढ़ने का रास्ता खुला है।



मुख्यमंत्री योगी बुधवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर गोरखपुर के श्री विश्वकर्मा पंचायत मंदिर में आयोजित विश्वकर्मा पूजनोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन अत्यंत पवित्र है। एक ओर सृष्टि के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती है तो दूसरी ओर नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। मुख्यमंत्री योगी ने बाबा गोरखनाथ की धरती से प्रधानमंत्री मोदी को उत्तर प्रदेशवासियों की ओर से जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नए भारत और विकसित भारत की संकल्पना को उनके नेतृत्व में 140 करोड़ भारतवासी साकार होते हुए देखेंगे। उन्होंने बाबा गोरखनाथ और भगवान विश्वकर्मा से प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत की परंपरा में भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि के शिल्पी के देवता के रूप में पूजा जाता है। विशिष्ट कला, कारीगरी और हस्तशिल्प से जुड़े लोग विश्वकर्मा जयंती पर सृष्टि के शिल्पी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि जो देश अपने हस्तशिल्पियों और कारीगरों का सम्मान करता है, वह आगे बढ़ता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नए भारत में कारीगरों और हस्तशिल्पियों को पीएम विश्वकर्मा के रूप में एक मंच उपलब्ध कराया है। राजमिस्त्री, बढ़ई, हलवाई, सुनार सहित विभिन्न परंपरागत व्यवसायों से जुड़े कारीगर समाज के स्वावलंबन का आधार रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आजादी के बाद परंपरागत कारीगरों और हस्तशिल्पियों की निरंतर उपेक्षा हुई। पहली बार सरकार ने उनकी बात सुनी, उनकी जरूरतों को समझा और उनकी चिंता की। उन्हें टूलकिट उपलब्ध कराने के साथ प्रशिक्षण और बैंक से सस्ता ऋण दिलाने की व्यवस्था की गई। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने कारीगरों को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 में सरकार बनने के बाद इस दिशा में काम शुरू किया गया। आज प्रदेश में तीन करोड़ से अधिक लोग अलग-अलग कारीगरी और हस्तशिल्प के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं और स्वावलंबन का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि परंपरागत कारीगरी को समय के अनुरूप आगे बढ़ाने के लिए उसे आधुनिक तकनीक से जोड़ना जरूरी था। प्रधानमंत्री मोदी ने कारीगरों के हुनर को आधुनिक तकनीक और नए बाजार से जोड़ने के साथ उत्पादों की पैकेजिंग और डिजाइनिंग पर भी ध्यान दिया। इससे पारंपरिक कारीगरी को बदलते समय के अनुरूप आगे बढ़ाने का अवसर मिला।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की परिकल्पना कारीगरों, हस्तशिल्पियों, युवा शक्ति और आधी आबादी नारी शक्ति के माध्यम से साकार होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ और यशस्वी दीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि देश को लंबे समय तक उनका मार्गदर्शन प्राप्त हो। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उन्हें प्रतिवर्ष श्री विश्वकर्मा पंचायत मंदिर आने का अवसर मिलता है और यह उनका सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि दशकों पहले जिस भावना के साथ मंदिर की व्यवस्था को आगे बढ़ाने का काम शुरू हुआ था, उसे आज भी लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है।

हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनाया जाये : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने कहा कि सरकार इलाज में पूरी मदद करेगी। इसके लिए जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा और इसके बाद भी जरूरत पड़ी तो विवेकाधीन कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 150 लोगों से मिले। उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया।

मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद



के साथ खड़ी है। उन्होंने अलग-अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किए।

साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में देवरिया जनपद से आए एक दिव्यांग ने इलाज के लिए सहायता देने का निवेदन किया।

मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। दिव्यांग से बातचीत में जैसे ही सीएम को उसका आयुष्मान कार्ड न होने की जानकारी हुई तो उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनवा दिया जाए। सीएम ने उससे दिव्यांग पेंशन के बारे में भी पूछा तो पता चला कि पेंशन मिलती थी, लेकिन किंचित कारणों से अभी बंद है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उक्त दिव्यांग की पेंशन बहाल कराने के लिए निर्देशित किया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही।

पूर्व मंत्री राम आसरे भाजपा छोड़कर फिर सपा में शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष भाजपा, राष्ट्रीय लोक दल, भाजपा, बसपा, एमआईआईएम, निषाद पार्टी समेत कई अन्य दलों के दर्जनों वरिष्ठ नेताओं ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में भाजपा छोड़कर पूर्व मंत्री राम आसरे कुशवाहा ने घर वापसी की। बरौली अलीगढ़ से विजय कुमार सिंह, कन्नौज के अंशु दुबे तिर्वा, अनूप कश्यप प्रधान निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष कन्नौज, गोरखपुर से मनोज कुमार निषाद, अविनाश निषाद, शिव प्रसाद निषाद, आसिक अली और पूर्व मंडल अध्यक्ष आशीष पाल भी भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए।

मथुरा से राष्ट्रीय लोक दल के नेता पूर्व प्रत्याशी रहे अशोक कुमार अग्रवाल, फतेहपुर बसपा के नेता कौशल किशोर पटेल, उदय शंकर पटेल, यूपी लेखपाल संघ के अध्यक्ष राजकुमार सागर सहित बसपा उपाध्यक्ष रहे आरिफ खां, हारून खां मंडल



अध्यक्ष बसपा, सबी अली खान पूर्व जिलाध्यक्ष एआईएमआईएम, रईस अधिवक्ता पूर्व जिला महासचिव एआईएमआईएम, रवि पटेल जिलाध्यक्ष अपना दल कानपुर देहात, अपनी-अपनी पार्टियों को छोड़कर सपा में शामिल हुए। सभी ने 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने सभी नेताओं का आभार प्रकट करते हुए स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इन सभी नेताओं के आने से पार्टी और पीडीए की ताकत मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने-अपने कस्बे, नगर, बूथों पर और आसपास के क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी को मजबूत करेंगे। प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी और सामाजिक न्याय के राज की स्थापना होगी।

सपा यूपीआई से पैसा वसूलने की योजना के खिलाफ : अखिलेश

अखिलेश यादव ने गुरूवार को पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा है कि भाजपा सरकार यूपीआई पेमेंट पर टैक्स लगाकर चुंगी वसूलना चाहती है। यूपीआई पेमेंट पर टैक्स भाजपा सरकार की रुपये ऐंठने की योजना है। सपा यूपीआई से पैसा वसूलने की योजना के खिलाफ है। भाजपा के लोग चुंगीजीवी हैं। उन्होंने कहा कि अर्थ व्यवस्था को ट्रिलियन डालर बनाने के लिए चुंगीजीवियों के पास अब यही बचा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार लूट, बेईमानी के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में हत्याएं हो रही है। प्रदेश हत्याओं से भरा पड़ा है। लखनऊ में थाने के सामने हत्या हो गयी और पुलिस ने इनाम भी ले लिया। गोरखपुर में तो इतनी हत्याएं हो रही है, इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। भाजपा सरकार में महिलाएं-बेटियां सुरक्षित नहीं है। महिलाओं-बेटियों पर हो रहे अपराध और साइबर क्राइम के मामले उत्तर प्रदेष में देश में सबसे ज्यादा हो रहे है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है।

सैफई के महोत्सव और बर्मिंघम की बग्घी में उलझी पिछली सरकारें : योगी

- मुख्यमंत्री बोले- कारीगरों की चिंता की फुर्सत नहीं थी, अब हुनर को बाजार, तकनीक और पूंजी से जोड़ रही सरकार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पिछली सरकारों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जब सरकारों को सैफई में महोत्सव आयोजित कराने, मुंबई से डांस कराने और बर्मिंघम की बग्गी लाकर जन्मदिन मनाने से फुर्सत न हो तो कारीगरों के बारे में सोचने का समय कहां से आता। उन्होंने कहा कि ऐसी सरकारों को स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के बारे में सोचने की भी फुर्सत नहीं थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पारंपरिक कारीगरों के हुनर को सम्मान देने के साथ उन्हें बाजार, बैंकिंग व्यवस्था और आधुनिक तकनीक से जोड़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित विश्वकर्मा स्वरोजगार एवं स्वदेशी मेला-2026 के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने प्रदर्शनी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना-2.0 के मार्जिन मनी ऋण पोर्टल का शुभारंभ किया। योगी ने कहा कि वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर ओडीओपी और वर्ष 2019 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शुरू की गई। पिछले सात-आठ वर्षों में छह लाख से अधिक हस्तशिल्पियों और कारीगरों को प्रशिक्षण के साथ टूलकिट उपलब्ध कराई गई है।

हुनर था, लेकिन बाजार और बैंक से दूर कर दिए गए : मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आर्थिक ताकत उस दौर में बनी थी, जब यहां का कारीगर उद्यमी और हस्तशिल्पी आत्मनिर्भर था। उनके मुताबिक समय के साथ कारीगर बाजार, बैंकिंग व्यवस्था और बदलती तकनीक से दूर होते गए। इससे वह कारीगर, जो कभी अपना काम और कारोबार करता था, श्रमिक बनने को मजबूर हुआ। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 में सत्ता संभालने के बाद सरकार ने पारंपरिक कारीगरों की स्थिति को बदलने पर काम शुरू किया। पारंपरिक काम करने वालों को प्रशिक्षण, टूलकिट और वित्तीय सहायता से जोड़ने की व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने केवल प्रशिक्षण देने के बजाय प्रशिक्षण अवधि में कारीगर के परिवार की जरूरतों को भी ध्यान में रखा है। योजना के तहत 10 दिन का निशुल्क प्रशिक्षण, पांच हजार रुपये मानदेय और प्रशिक्षण के बाद 15 हजार रुपये तक की टूलकिट उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना का दायरा बढ़ाकर अब 25 ट्रेड किया गया है। इसमें मूर्तिकार, दूधिया, माली, भड़भूजा और मछुआरा जैसे नए ट्रेड शामिल किए गए हैं। मोबाइल रिपेयर, ऑटोमोबाइल रिपेयर, कंप्यूटर रिपेयर, प्लंबिंग, सोलर इंस्टॉलेशन, डिजिटल फोटोग्राफी और ब्यूटी पार्लर जैसे आधुनिक कार्यों को भी इसमें जोड़ा गया है। योगी ने कहा कि कारीगर को उद्यमी बनाने के लिए पूंजी की जरूरत भी होती है।

सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत युवाओं को पांच लाख रुपये तक और कारीगरों को 10 लाख रुपये तक ब्याजमुक्त एवं गारंटीमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें 10 से 15 फीसदी तक मार्जिन मनी की व्यवस्था है। 25 से 29 सितंबर तक सभी जिलों में टूलकिट वितरण कार्यक्रमों के साथ कारीगरों को बैंक ऋण से जोड़ने की व्यवस्था भी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य कहा जाता था, जबकि प्रदेश के पास विशाल आबादी, उपजाऊ भूमि, पर्याप्त जल संसाधन और युवा शक्ति थी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू नहीं था, बल्कि इसे संचालित करने वाले राजनेताओं की मानसिकता बीमारू थी। उनके मुताबिक अब प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयां हैं, जिनसे करीब 3.25 करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश ट्रेड शो आयोजित होगा। इसमें 2500 से अधिक एग्जिबिटर और 650 से ज्यादा विदेशी खरीदार शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि ट्रेड शो में 12 से 15 हजार करोड़ रुपये तक के कारोबार की संभावना है। इससे प्रदेश के कारीगरों, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को बड़े बाजार से जोड़ने में मदद मिलेगी।

नागरिक सुरक्षा विभाग के 191 पदों पर जल्द होगी भर्ती

विशेष संवाददाता (vol)

- सबसे अधिक सहायक उप नियंत्रक के 104 पदों पर होगी भर्ती

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिन पहले ही एक कार्यक्रम में 19 सितंबर से एक लाख नई नौकरी देने का ऐलान किया था। इसी क्रम में नागरिक सुरक्षा विभाग में छह अलग-अलग पदों पर कुल 191 रिक्तियों पर भर्ती की शुरू कर दी गयी है। इसमें सबसे अधिक सहायक उप नियंत्रक (सा.वे.) के 104 पद शामिल हैं। इसके अलावा भंडार अधीक्षक-द्वितीय, स्टोरमैन, आशुलिपिक, कनिष्ठ सहायक और डिस्पैच राइडर के पद भी शामिल हैं।

योगी सरकार ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े नौ लाख से अधिक सरकारी नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए हैं। वहीं प्रदेश के युवाओं को अगले छह माह में एक लाख नई नौकरी उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विभागों को निर्देश दिये हैं। इसमें सबसे अधिक 77 हजार भर्तियां अकेले यूपी पुलिस और होमगार्ड विभाग में की जाएंगी। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर नागरिक सुरक्षा विभाग में 191 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग में अलग-अलग जिम्मेदारियों वाले पदों पर नियुक्तियां होने से विभागीय कामकाज को भी मानव संसाधन का सहयोग मिलेगा। विभाग में सहायक उप नियंत्रक के 104, भंडार अधीक्षक-द्वितीय के 6, स्टोरमैन के 33, आशुलिपिक के 9, कनिष्ठ सहायक के 25 और डिस्पैच राइडर के 14 खाली पदों पर भर्ती की जाएगी। नागरिक सुरक्षा विभाग की 191 रिक्तियों में अकेले 104 पद सहायक उप नियंत्रक के हैं।

विभाग की ओर से जल्द ही इन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। नागरिक सुरक्षा विभाग आपात परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा और सहायता से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य करता है। ऐसे में विभाग में रिक्त पदों को भरने से उसके प्रशासनिक और मैदानी कार्यों के संचालन में अतिरिक्त मानव संसाधन उपलब्ध होगा। सहायक उप नियंत्रक के पद विभागीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से जुड़े हैं।

पूर्व कुलपति माहरुख मिर्जा की बर्खास्तगी रद्द करने के आदेश पर हाई कोर्ट ने लगायी रोक

विधि संवाददाता

- दो जजों की पीठ ने एकल पीठ के फैसले पर लगायी है अंतरिम रोक

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गुरुवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रो. माहरुख मिर्जा की बर्खास्तगी रद्द करने वाले एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी। एकल पीठ ने पांच अगस्त 2026 को मिर्जा की बर्खास्तगी को निरस्त कर दिया था।

न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ल की पीठ ने विश्वविद्यालय की ओर से दाखिल विशेष अपील पर यह आदेश पारित किया। विशेष अपील में एकल पीठ के न्यायमूर्ति राजीव सिंह के पांच अगस्त के फैसले को चुनौती दी गई थी। पीठ ने कहा कि एकल पीठ ने मिर्जा के खिलाफ लगाए गए आरोपों के गुण-दोष पर निष्कर्ष दर्ज किए, जबकि विभागीय कार्रवाई के मामले में न्यायिक समीक्षा की सीमाओं को ध्यान में रखा जाना आवश्यक था। पीठ ने प्रथमदृष्टया तीन आरोपों - एनओसी में कथित जालसाजी, कथित अवैध नियुक्तियां और बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज न करने- से संबंधित निष्कर्षों को संदिग्ध माना है। दो जजों की पीठ ने कहा कि आरोपों की प्रकृति को देखते हुए और प्रथमदृष्टया तीन आरोपों से संबंधित निष्कर्ष संदिग्ध पाए जाने के कारण हम इस निष्कर्ष पर हैं कि एकल पीठ के विवादित फैसले पर रोक लगाया जाना उचित है। मामले को दो माह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से पेष वरिष्ठ अधिवक्ता एलपी मिश्रा ने दलील दी कि एकल पीठ का फैसला टिकाऊ नहीं है। उन्होंने कहा कि विवाद मिर्जा के कुलपति कार्यकाल के दौरान कथित रूप से की गई 13 नियुक्तियों से भी जुड़ा था। इनमें से सात नियुक्तियों को विश्वविद्यालय की कार्य परिषद अथवा कुलाधिपति द्वारा बाद में मान्यता दे दी गई थी, जबकि शेष छह कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं। इन कर्मचारियों की ओर से दाखिल याचिकाएं हाईकोर्ट में लंबित हैं। कहा कि एकल पीठ ने बिना सारे तथ्यों पर गौर किये ही पूर्व कुलपति माहिरुख मिर्जा की बर्खास्तगी रद्द कर दी थी जो कि सरासर गलत आदेश है। सुनवायी के दौरान दो जजों की पीठ ने पाया कि नियुक्तियों से संबंधित यह महत्वपूर्ण पहलू एकल पीठ के समक्ष पर्याप्त रूप से विचार में नहीं आया। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि छह बर्खास्त कर्मचारियों की याचिकाएं पहले मिर्जा की याचिका के साथ संबद्ध थीं, लेकिन बाद में उन्हें अलग कर दिया गया और इसके बाद केवल मिर्जा की याचिका पर फैसला हुआ। उल्लेखनीय है कि पांच अगस्त को एकल पीठ ने मिर्जा की बर्खास्तगी और उससे संबंधित विभागीय कार्यवाही को निरस्त कर दिया था। अदालत ने कथित फर्जी एनओसी से संबंधित आरोप के समर्थन में ठोस साक्ष्य नहीं पाए थे। साथ ही, बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं होने मात्र से 75 दिन अनुपस्थित रहने का आरोप सिद्ध नहीं माना था।

आईएएस अभिषेक प्रकाश को हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत

विधि संवाददाता

- कोर्ट ने बिना शपथपत्र प्रकाश के खिलाफ की गई शिकायत पर कार्रवाई को गलत ठहराया, विजिलेंस जांच की रद

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गुरुवार को आईएएस अधिकारी एवं तत्कालीन औद्योगिक विकास विभाग के सचिव तथा इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक प्रकाश को बड़ी राहत देते हुए योगी सरकार द्वारा उन के खिलाफ शुरू की गई विजिलेंस जांच को निरस्त कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने अभिषेक प्रकाश की याचिका मंजूर करते हुए पारित किया है।

कोर्ट ने अभिषेक प्रकाश के खिलाफ सरकार द्वारा 20 मार्च 2025 और 28 मार्च 2025 को जारी आदेशों के साथ ओपन विजिलेंस इंक्वायरी की पूरी कार्यवाही रद कर दी है। मामला एक कंपनी के अधिकारी की ओर से 20 मार्च 2025 को की गई शिकायत से जुड़ा था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि इन्वेस्ट यूपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उसे निकांत जैन का मोबाइल नंबर देकर उनसे संपर्क करने को कहा था और कथित तौर पर प्रोजेक्ट को एम्पावर्ड कमेटी और कैबिनेट से मंजूरी दिलाने की बात कही गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, निकांत जैन ने प्रोजेक्ट की पांच प्रतिशत राशि की माँग की थी। इसी शिकायत के आधार पर निकांत जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई, जबकि दूसरी ओर अभिषेक प्रकाश के खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई और उसी दिन विजिलेंस जांच के लिए भी पत्र भेज दिया गया।

हाईकोर्ट ने खास तौर पर इस बात को नोट किया कि शिकायत के समर्थन में कोई शपथपत्र नहीं दिया गया था। मामले में महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब कंपनी के अधिकारी बिस्वजीत दत्ता ने निकांत जैन से जुड़े मामले में हाईकोर्ट के समक्ष दाखिल अपने काउंटर एफिडेविट में कहा कि 20 मार्च 2025 की शिकायत उलझन और गलतफहमी के कारण की गई थी। उन्होंने बताया कि उस समय उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि जमीन की उपलब्धता तथा अन्य संबंधित मामलों में यीडा और यू पी सी एल की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने निकांत जैन को कोई धनराशि नहीं दी थी। कंपनी ने तीन दिसंबर 2024 को इन्वेस्ट यूपी में सोलर सेल और सोलर मॉड्यूल निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए आवेदन किया था। इस प्रस्ताव पर 24 फरवरी, 12 मार्च और 25 मार्च 2025 को मूल्यांकन समिति की बैठकें हुईं। 12 मार्च की बैठक में जमीन और बिजली सब्सिडी से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रस्ताव पर आगे विचार के लिए जानकारी मांगी गई। बाद में 25 मार्च की बैठक में कंपनी के प्रस्ताव को हाई लेवल एम्पावर्ड कमेटी के समक्ष रखने की सिफारिश कर दी गई। अभिषेक प्रकाश की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील देकर कहा था कि कंपनी का प्रोजेक्ट लगातार मूल्यांकन समिति के विचाराधीन था और 25 मार्च 2025 की बैठक में उसे हाई लेवल एम्पावर्ड कमेटी के समक्ष रखने की सिफारिश भी कर दी गई थी। तर्क दिया था कि शिकायतकर्ता ने स्वयं बाद में हाईकोर्ट में हलफनामा देकर स्वीकार किया कि शिकायत गलतफहमी के कारण की गई थी। उन्होंने तर्क दिया कि बिना शपथपत्र की शिकायत पर विजिलेंस जांच शुरू करना और स्टेट विजिलेंस कमेटी की स्वीकृति नहीं लेना सरकारी आदेशों के विपरीत था।

वहीं राज्य सरकार की ओर से मुख्य स्थायी अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह स्थाई अधिवक्ता अनिरुद्ध सिंह के साथ पेश हुए। अनिरुद्ध ने याचिका का विरोध किया और कहा कि आरोपों की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक विभाग ने विजिलेंस जांच का निर्णय लिया था। उन्होंने दलील दी कि कंपनी के अधिकारी की शिकायत को फर्जी नहीं माना जा सकता और संबंधित सरकारी आदेशों के तहत विजिलेंस जांच की प्रक्रिया अपनाई जा सकती है।

प्रल्हाद जोशी ने प्राथमिक शिक्षक संबंधी शिक्षा में ब्रिज कोर्स का किया शुभारंभ

पाठ्यक्रम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सेवारत प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को व्यापक प्रशिक्षण करेगा प्रदान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्राथमिक शिक्षक संबंधी शिक्षा (पीटीई) में छह माह के प्रमाण-पत्र (ब्रिज) पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया। यह पाठ्यक्रम ऐसे सेवारत प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए तैयार किया गया है, जिनके पास बीएड की डिग्री है। यह पाठ्यक्रम ऐसे शिक्षकों के लिए प्राथमिक स्तर पर शिक्षण के लिए आवश्यक प्रमाणन प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। यह विशेष व्यावसायिक विकास कार्यक्रम शिक्षकों को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिससे वे प्राथमिक स्तर (कक्षा प्रथम से पांचवीं) के विद्यार्थियों को प्रभावी ढंग से शिक्षित करने के लिए आवश्यक कौशल और दक्षताएं विकसित कर सकेंगे।

यह ब्रिज पाठ्यक्रम राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान



(एनआईओएस) के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत शिक्षकों को बाल-केंद्रित, समावेशी तथा बाल विकास के अनुरुप शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराया जाएगा। इससे शिक्षा के आधारभूत और प्राथमिक चरणों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी।

यह पाठ्यक्रम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के निर्धारित ढांचे के अनुरूप तैयार किया किया गया है। इसके माध्यम से प्राथमिक स्तर पर शिक्षण-पद्धति संबंधी दक्षताओं को मजबूत किया जाएगा। इसमें अकादमिक अध्ययन के साथ-साथ कम से कम 10 दिनों की ऑनलाइन संपर्क कक्षाएं और कम से कम 20 दिनों का विद्यालय-आधारित अनुभव शामिल होगा।

यह ब्रिज पाठ्यक्रम शिक्षकों को छोटे बच्चों की विविध अधिगम आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाएगा। इसमें छह सैद्धांतिक पाठ्यक्रम और विद्यालय-आधारित प्रायोगिक कार्य शामिल हैं। यह कार्यक्रम शैक्षिक सिद्धांत को कक्षा में उसके व्यवहारिक प्रयोग से जोड़ने के लिए एक सुदृढ़ ढांचा प्रदान करता है। ब्रिज पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षकों को ऐसे कौशल, दृष्टिकोण और आत्म चिंतन की क्षमताओं से सशक्त बनाना है, जो प्राथमिक कक्षाओं में सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आजीवन अधिगम सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं। यह शिक्षण को एक गतिशील, संदर्भ-संवेदी और जिज्ञासा-आधारित पेशे के रूप में देखने के विजन को बढ़ावा देता है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 8 अप्रैल 2024 को सिविल अपील संख्या 5068/2023 (देवेश शर्मा बनाम भारत संघ एवं अन्य) में अपने फैसले के माध्यम से एनसीटीई को उन प्राथमिक शिक्षकों के लिए एक ब्रिज पाठ्यक्रम तैयार करने का अधिकार दिया था, जिनके पास डीईएलईएड की योग्यता नहीं थी। तदनुसार, यह ब्रिज पाठ्यक्रम सेवारत प्राथमिक विद्यालय के उन शिक्षकों के लिए तैयार किया गया था, जिनकी नियुक्ति 28 जून 2018 से 11 अगस्त 2023 के बीच प्राथमिक स्तर (कक्षा प्रथम से पांचवीं) पर अध्यापन के लिए बीएड डिग्री के साथ की गई थी। यह पाठ्यक्रम विशेष रूप से उन शिक्षकों के लिए है, जिनकी नियुक्तियां एनसीटीई की राजपत्र अधिसूचना एफ. संख्या एनसीटीई-आरईजी 012/2018, 28 जून 2018 के तहत संरक्षित हैं।

इस कार्यक्रम में सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों घटक शामिल हैं, जिनका उद्देश्य आधारभूत अधिगम के सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित करना है। शिक्षण का माध्यम हिंदी और अंग्रेजी भाषाएं होंगी। हालांकि, शिक्षकों को आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध 22 अनुसूचित भाषाओं में से किसी भी भाषा में सार्वजनिक परीक्षा (सिद्धांत) देने की अनुमति होगी। यह पाठ्यक्रम मुक्त एवं दुरस्थ अधिगम (ओडीएल) पद्धति के माध्यम से संचालित किया जाएगा। पाठ्यक्रम में संपर्क कार्यक्रम, विद्यालय-आधारित प्रायोगिक कार्य-जिसमें अभ्यास शिक्षण, आत्म-चिंतन संबंधी जर्नल और पोर्टफोलियो शामिल हैं- वीडियो ट्यूटोरियल, ई-लर्निंग सामग्री और डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल होंगे। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि सेवारत शिक्षक अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु में सक्रिय रूप से भाग ले सकें।

इस पाठ्यक्रम में प्रवेश एनआईओएस के आधिकारिक ब्रिज पाठ्यक्रम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगा। पात्र शिक्षक पंजीकरण कर सकेंगे, आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे तथा निर्धारित डैशबोर्ड के माध्यम से अपने प्रवेश की स्थिति देख सकेंगे। पाठ्यक्रम की समस्त अध्ययन सामग्री, जिसमें स्व-अधिगम सामग्री भी शामिल है, डिजिटल प्रारूप में उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षक अपने अधिगम अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऑडियो/वीडियो, इ

संक्षेप

करोड़ों की साइबर धोखाधड़ी के दो आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़ । देशभर में ऑनलाइन सट्टेबाजी, ट्रेडिंग धोखाधड़ी और अन्य साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिए फर्जी कंपनियों और बैंक खातों का इस्तेमाल करके साइबर धोखाधड़ी गिरोह चलाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी क्षेत्र) आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस की अपराध शाखा ने पटना में रहने वाले और मूल रूप से वाराणसी के निवासी शकीब खान और पटना के ही बंदर बगीचा के रहने वाले संदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक लैपटॉप, छह मोबाइल फोन, छह पेन ड्राइव, एक कार्ड रीडर और कई बैंकों की चेक बुक बरामद की हैं। एएसपी ने बताया कि बड़ौदा यूपी बैंक की मोहनगंज शाखा के एक खाते से साइबर धोखाधड़ी के जरिये ढाई लाख रुपये निकाले जाने की शिकायत 16 जुलाई को दर्ज होने के बाद जांच शुरू हुई थी। जांच के दौरान एक संगठित साइबर धोखाधड़ी गिरोह का पता चला। उन्होंने बताया कि साइबर धोखाधड़ी से हासिल किये गये धन को अंतरित करने के लिए फर्जी कंपनियों, बैंक खातों, सिम कार्ड और ईमेल आईडी का इस्तेमाल किया जाता था। सूत्रों ने बताया कि जांच में 42.65 करोड़ रुपये की संदिग्ध धोखाधड़ी और अलग-अलग बैंकों में 109 खातों के सक्रिय होने का पता चला है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शुक्रवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में साढ़े ग्यारह बजे मुस्तफाबाद में लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह दिन में सवा एक बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में पर्यटन विकास से जुड़ी परियोजनाओं का अवलोकन करेंगे। दिन में डेढ़ बजे सांसद प्रमोद तिवारी लालगंज कैम्प कार्यालय पर विधायक आराधना मिश्रा मोना की अध्यक्षता में आयोजित संगठन सृजन अभियान की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे।

गंगा नदी में पांच बच्चे डूबे, एक बच्ची का शव बरामद

कौशांबी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में गंगा नदी में नहाने के दौरान पांच बच्चे डूब गये जिसमें से चार बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया जबकि एक बच्ची की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मरने वाली बच्ची की पहचान नेहा (10) के तौर पर हुयी है और वह जिले के बाबू का पुरवा गांव की रहने वाली थी। उन्होंने बताया कि कि यह हादसा थाना क्षेत्र के तरसौरा गंगा घाट पर बृहस्पतिवार को हुआ। उन्होंने बताया कि बाबू का पुरवा गांव के रहने वाले बच्चे बृहस्पतिवार की सुबह लगभग नौ बजे तरसौरा घाट पर गंगा में नहाने गए थे। उन्होंने बताया कि नहाने के दौरान पांचों बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्होंने बताया कि बच्चों को डूबता देखकर घाट पर मौजूद स्थानीय मछुआरों ने तुरंत गंगा नदी में कूद कर चार बच्चों को बचा लिया लेकिन नेहा को नहीं बचाया जा सका। मछुआरों ने नदी में काफी देर तलाश करने के बाद नेहा का शव बरामद किया पुलिस क्षेत्राधिकारी सिराथू सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि सूचना मिलने पर कोखराज थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

सीताद्वार मंदिर में प्रभारी मंत्री ने जलाया आशीर्वाद का दीया

सेवा संकल्प अभियान में रक्तदान से लेकर दिव्यांगों को मिला सहायक उपकरण

जिला संवाददाता



श्रावस्ती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद के प्रभारी मंत्री एवं कारागार विभाग के मंत्री दारा सिंह चौहान ने गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। वन विभाग के विश्राम गृह गुलरा पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी और मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने गार्ड की सलामी ली।

प्रभारी मंत्री संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा स्थित जिला पोषण पुनर्वास केंद्र पहुंचे और भर्ती महिलाओं तथा उनके नवजात बच्चों को फल वितरित कर उनका कुशलक्षेम जाना। इसके बाद जिला अस्पताल के रक्तदान केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। मंत्री ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक इकाई रक्त जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम बन सकती है। प्रधानमंत्री का जीवन सेवा, समर्पण और जनकल्याण को समर्पित है और जन्मदिवस पर रक्तदान जैसे कार्य समाज को सकारात्मक संदेश देते हैं।

इसके बाद कलेक्ट्रेट में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से 10 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिए गए। इनमें सात मोटर चालित तिपहिया साइकिल, एक तिपहिया साइकिल, दो चलने की छड़ी और एक बैसाखी शामिल रही। श्रम विभाग की मातृत्व शिशु व बालिका मदद योजना के तहत 30 लाभार्थियों को धनराशि स्वीकृति पत्र दिए गए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 10 लाभार्थियों को औजार किट वितरित की गईं, जिनमें पांच हलवाई और पांच दर्जी किट थीं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत पांच लाभार्थियों को रोजगार के लिए ऋण स्वीकृति चेक प्रदान किए गए।

प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि 17 सितंबर से सेवा दिवस के रूप में ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 12 वर्षों के कार्यकाल और 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा से लोगों के जीवन और सोच में बदलाव आया है। देशभर में लोग ह्यआशीर्वाद का दियाह्ल जलाकर प्रधानमंत्री के दीघार्यु और यशस्वी होने की कामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं तथा विकसित भारत की दिशा में विश्व पटल पर अपना अलग मुकाम बना रहे हैं। 2047 के विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए सभी को अभियान से जुड़कर इसे सफल बनाना है। इसके बाद प्रभारी मंत्री विकासखंड इकौना के सीताद्वार मंदिर पहुंचे, जहां आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर दीप जलाया और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समाज, लोगों की सोच और जीवन में आए बदलाव के अवसर पर जनपदवासी मिलकर आशीर्वाद का दिया जला रहे हैं।

कार्यक्रम में पुरुषोत्तम कौशल, दिवाकर शुक्ला, प्रकाश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी ललित कुमार, उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव, रवि प्रताप सिंह, आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और लाभार्थी मौजूद रहे।

डैमेज सीमेंट की री पैकिंग मामले में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सरहरी , गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा ठाकुरपुर नंबर दो के बोहा टोले के पास मंगलवार को ब्रांडेड सीमेंट कम्पनी के बोरियों में डैमेज सीमेंट भरे जाने के मामले में कम्पनी के लीगल मैनेजर ने दो नामजद के खिलाफ लिखित तहरीर दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही पड़ताल कर रही है। सीमेन्ट कम्पनी के लीगल मैनेजर नीरज मिश्रा ने गुलरिहा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी ने उन्हें अपने उत्पादों की नकल कर बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु अधिकृत किया है। मंगलवार को वे सरहरी क्षेत्र में सर्वे हेतु भ्रमण पर थे।इसी दौरान ठाकुरपुर नंबर दो के बोहा टोले के पास एक गोदाम में मजदूर द्वारा सीमेंट भरने का कार्य करते देखा गया।नजदीक जाकर देखने पर गोदाम में सीमेंट की खाली नई बोरियां एवं सीमेंट भरी बोरियां रखी मिली एवं भारी मात्रा में डस्ट भी मिली।जो कीप की सहायता से मिलावटी सीमेंट खाली बोरियों में भरा जा रहा था।

इकौना में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

दीप प्रज्वलन कर लिया स्वच्छता का संकल्प

जिला संवाददाता



श्रावस्ती/इकौना। नगर पंचायत इकौना के सभागार में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता में सहभागिता-स्वच्छ भारत, विकसित भारत विषय पर चर्चा की गई। इसी अवसर पर प्रधानमंत्री जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित गुप्ता ने स्वच्छता लक्ष्य इकाई, स्वच्छ पाठशाला, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, जन भागीदारी और स्वच्छता से समृद्धि के बारे में जानकारी दी। उप जिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकौना रावेन्द्र कुमार ने कहा कि जनभागीदारी से ही अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से घरों के साथ सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ रखने में नगर पंचायत का सहयोग करने की अपील की।

नगर पंचायत के सभासदों ने वार्डवासियों से त्योहारों के दौरान प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एहसान चौधरी ने कहा कि जहां स्वच्छता है, वहां स्वास्थ्य है और यही सुखी जीवन का रहस्य है।

प्रधानमंत्री जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का शुभारंभ रावेन्द्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों की जनसेवा, राष्ट्रसेवा तथा स्वच्छ भारत मिशन में योगदान को याद किया। अमित गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाया है। उनके सार्वजनिक जीवन से प्रेरणा लेकर स्वच्छ भारत-विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना चाहिए। एहसान चौधरी ने प्रधानमंत्री जी के जीवन को समर्पण और सेवा का प्रतीक बताया।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के साथ स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। इसके बाद एसडीएम इकौना, चेयरमैन प्रतिनिधि, डीपीएम और सभासदों ने वार्डों में स्वच्छता निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद नसीम चौधरी, सभासद अर्जुन गुप्ता, जितेन्द्र कठरा, सतीश जायसवाल, नान बाबू तिवारी, कन्हैया कसौधन, हामिद मंसूरी, जयप्रकाश सोनी, मन्नान, कमरुद्दीन तथा नगर पंचायत कर्मी नवीन, संदीप कुमार, रितेश गुप्ता, ओमप्रकाश, इसहाक, धर्मेंद्र यादव, महात्मा राम, शिवजीत, अवधेश कुमार, सफाई नायक सतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

परियोजनाओं की श्रृंखला रामपुर खास के भविष्य का सुदृढ़ आधार : मोना



प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गुरूवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में जनसंवाद के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं। अगई मोड़ पर पार्टी कार्यकताओं द्वारा विधायक मोना का माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ स्वागत हुआ दिखा। यहां उन्होंने कहा कि विकसित रामपुर खास के सुदृढ़ भविष्य के लिए वृहद् परियोजनाओं की श्रृंखला यहां सदैव जारी दिखेगी। पार्टी कार्यकताओं को उन्होंने विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता तथा गुणवत्ता की देखरेख करने के भी निर्देश दिये। क्षेत्रीय दौरे में वह छोइया बीर बाबा परिसर में आयोजित महिला समूह द्वारा मां अवशान देवी के पूजन उत्सव में शामिल हुईं। इसके बाद वह रानीगंज कैथौला के समीप अचकवापुर गांव पहुंची। यहां विधायक आराधना मिश्रा मोना ने हरिश्चन्द्र विश्वकर्मा के संयोजन में आयोजित भगवान विश्वकर्मा पूजन उत्सव में भगवान विश्वकर्मा का विधिविधान से पूजन अर्चन किया। क्षेत्र के भटपुरवा, रानी की बाग, कामापुर सरैंया, कैथौला, गोसाइ का पुरवा, पड़री, डगरारा गांवों में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने लोगों की समस्याओं की सुनवाई भी की। वहीं उन्होंने संवाद के जरिए क्षेत्र के बहुमुखी विकास में ग्रामीणों के निरन्तर मिल रहे स्वयं तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रति सहयोग के प्रति आभार भी जताया। इन कार्यक्रमों में विधायक मोना के पुत्र राघव मिश्र ने युवा शक्ति के रचनात्मक भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। इसके बाद विधायक आराधना मिश्रा मोना ने लालगंज नगर पंचायत के नेताजी पुरम्-वार्ड, सांगीपुर वार्ड, दीवानी वार्ड में भी लोगों से मुलाकात करते हुए स्व. रामअभिलाख गौड़, पूर्व सभासद करूणाशंकर दुबे की माता तथा दिनकर दुबे की माता तथा मनीपुर में स्व0 संकठा प्रसाद तिवारी के हाल ही में निधन पर स्वजनों से मिलकर दुःख दर्द साझा किया। गौतमपुर वार्ड में वह हाल ही में दिवंगत पूर्व प्रधान एवं रिटायर्ड शिक्षक स्व. उमाशंकर मिश्र के स्मृति दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं। क्षेत्र के बेलहा, सराय जानमती, कटरा दुग्धा, हरनाहर, देवारा में भी विधायक मोना ने जन सम्पर्क कर क्षेत्रीय विकास से जुड़ी योजनाओं के प्रगति का जायजा लिया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, रामचन्द्र तिवारी, संतोष पाण्डेय, सचीन्द्र शुक्ला, पप्पू तिवारी, छोटे लाल सरोज, शिव बहादुर सरोज, अतुल शुक्ला, सत्येन्द्र सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, शिवकुमार दुबे, रामेश्वर प्रसाद तिवारी, जमुना प्रसाद तिवारी, पवन शुक्ला, अभिनव शुक्ला, त्रिभू तिवारी, अक्षत तिवारी, मनीष शुक्ला, राजकुमार मिश्रा, सुधीर मिश्रा, श्यामनारायण दुबे, ललित गौड़ आदि रहे।

भगवान विश्वकर्मा का विधिवत हुआ पूजन

गोला,गोरखपुर। विद्युत उपखण्ड कार्यालय गोला में विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन किया गया।कंट्रोल रूम के अंदर फूल मालाओं से सजा कर के भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति रख कर भगवान का स्मरण किया गया।इस कथा पूजा के शुभ कार्य मे विशेष यजमान गोला विद्युत उपखण्ड अधिकारी रमेश सिंह कुशवाहा ने पंडित के मन्त्रों उच्चारण पर विधिवत पूजन किया।और भगवान से प्रार्थना कर सदा सदा के लिए पुरे स्टाफ का सुखमय जीवन हो और लोग अपने कार्य को लगातार बिना विघ्न के करते रहे की भगवान से कामना की।इस अवसर परअवर अभियंता विद्युत सतेन्द्र कुमार व मंशा राम लाईन स्टाफ अनुपम कुशवाहा प्रदीप कुमार मौर्य गोपाल राव करम सिंह पवन कुमार बलजीत उदय गौरव चन्दन मौर्य रामप्रवेश अजय विपिन भानु सूरज सिंह गुड्डू अनूप मिश्रा चन्दन कुमार सुनील कुमार रितेश हरिश्चंद्र सूरज राय पवन दुबे सहित आदि मौजूद थे।

विश्वकर्मा जयंती पर लाभार्थियों को बांटी गयी टूलकिट



पुलिस लाइन में भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना



सिद्धार्थनगर,। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत लोहिया कला भवन में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को टूलकिट एवं चेक वितरित किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने देखा। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को टूलकिट वितरित की।

सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को टूलकिट उपलब्ध कराकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। जनप्रतिनिधियों ने विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दीं।

सिद्धार्थनगर,। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा के अवतरण दिवस पर पुलिस लाइन स्थित परिवहन शाखा में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। इस दौरान शस्त्रों, वाहनों एवं शासकीय उपकरणों का पूजन किया गया। पूजन के बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को मिष्ठान वितरित कर विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी परिवहन शाखा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पूजन के दौरान वाहनों एवं शासकीय उपकरणों के सुचारू संचालन तथा जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की कामना की गई।

प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

खेसरहा सिद्धार्थनगर। खेसरहा ब्लॉक क्षेत्र में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिन विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। ग्राम सचिव जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों में सेवा, पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की गई। शाम को प्राचीन राम जानकी हनुमान मंदिर में ह्यएक दिया आशीर्वाद काह्ल कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्राम सचिव जितेंद्र सिंह और उनके भाजपा मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। इस दौरान ग्राम प्रधान सुरेश अग्रहरि, रामसेवक, पवन त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

नहर में डूबने से दलित की मौत

बांदा । जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र के तेंदुरा गांव में नहर में डूबने से एक दलित व्यक्ति की मौत हो गई है। बिसंडा थाना पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि थाना क्षेत्र के तेंदुरा गांव के नहर के पानी में डूबने से एक दलित व्यक्ति मलखे उर्फ मलखान कोरी (47) की मौत हो गई है। बृहस्पतिवार की सुबह उसके शव को पानी से बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है। परिजनों के हवाले से पुलिस ने बताया कि बुधवार की शाम साइकिल में सवार होकर व्यक्ति किसी काम से पड़ोसी गांव चौंसड़ गांव गया था, रात में वापस घर न लौटने पर उसकी खोज की जाती रही। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह एक किसान की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पानी से बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार, हादसे की सूचना राजस्व अधिकारियों को दे दी गई है।

श्रद्धा एवं आस्था के साथ भगवान श्रीकृष्ण के पूजन - अर्चन में उमड़े श्रद्धालु



प्रतापगढ़। नगर पंचायत के बैलना बाबा कुटी के समीप शिवकुटीपुरम् में भगवान श्रीकृष्ण की बरही को लेकर भक्ति संगीत में श्रद्धालु भाव विभोर दिखे। वहीं कार्यक्रम को लेकर हुये भण्डारे में श्रद्धालुओं ने कन्हैया का महाप्रसाद भी ग्रहण किया। सामूहिक धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने आचार्य राजेश पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भगवान श्रीकृष्ण की झांकी का दर्शन पूजन किया। धार्मिक आयोजन में पंडाल भगवान द्वारिकाधीश के जयघोष से गूंज उठा दिखा। वहीं भजनगायक प्रभात, अमरजीत, मंगल व रवि पाण्डेय के द्वारा भक्ति संगीत कार्यक्रम में भगवान राधे-कृष्ण नाम संकीर्तन में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। भण्डारे में भी श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भगवान द्वारिकाधीश का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद दारा सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल महेश, राजकुमार शुक्ल, को सेवासंगत में देखा गया। इस मौके पर डा. रमाशंकर शुक्ल, रामबिहारी मिश्र, उत्कर्ष शुक्ल, प्रदीप त्रिपाठी, एसपी मिश्रा, राजमणि मिश्र, डा. सर्वेश त्रिपाठी, पवन सिंह, अमित सिंह, विनोद सिंह, बबऊ शुक्ल, सुरेन्द्र मिश्र आदि रहे।

भगवान का सुमिरन जीवन के लिए मंगलदायी : डॉ. अम्बिकेश



प्रतापगढ़। क्षेत्र के कैथौला बाजार में हो रही संगीतमयी नौ दिवसीय श्रीरामकथा में गुरूवार को श्रद्धालुओं को भगवान की महिमा का वर्णन सुनकर भक्तिभाव में आनंदित देखा गया। कथाव्यास डा. अम्बिकेश त्रिपाठी ने कहा कि भगवान श्रीराम लोकसत्ता के जन कल्याणकारी स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि भगवान का सुमिरन करने से जीवन का सभी कष्ट मिट जाया करता है। कथाव्यास ने कहा कि श्रीराम के प्रति निर्मल मन से समर्पण जीवन के उद्धार का सबसे सुगम मार्ग है। उन्होंने कहा कि संसार में दुःख के समय भगवान का स्मरण करने की जगह सुख और दुःख दोनों स्थितियों में मनुष्य को भगवान का भजन करना चाहिए। कथा में संगीतज्ञ राजेश शुक्ला गुड्डू की भक्ति मंडली के द्वारा भजनों पर श्रीराम का जयघोष गूंजता दिखा। सह संयोजन शिवपूजन जायसवाल ने व्यास पीठ का विधिविधान से पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम का संचालन शिव प्रसाद जायसवाल ने किया। इस मौके पर ददन सिंहए पप्पू तिवारीए सुरेन्द्र सिंहए महेन्द्र सिंहए होलेन्द्र सिंहए शेर बहादुर सिंहए दल बहादुर सिंहए शिवराम अग्रहरिए प्रेमचन्द्र केसरवानीए हरकेश जायसवालए शिवलाल अग्रहरिए बड़ेलाल केसरवानीए आदि रहें।

वांछित आरोपी चाकू संग गिरफ्तार



बांसी सिद्धार्थनगर । जिले के बांसी थाना कोतवाली के प्र0नि0 कोतवाल महेंद्र प्रताप चतुवेर्दी के नेतृत्व में थाना कोतवाली बांसी पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी वांछित आरोपी को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा 0 अभिषेक महाजन के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कु0 प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के पर्यवेक्षण में थाना बांसी पुलिस द्वारा 16/17.09.2026 की रात्रि में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभावी कार्यवाही के क्रम में रानीगंज तिराहा क्षेत्र में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चेकिंग/तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना पर मु0अ0सं0 117/2026 धारा 109 बीएनएस, थाना कोतवाली बांसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मिथिलेश यादव पुत्र विजय उर्फ झिनकू यादव, निवासी ग्राम सुपाराजा, थाना जोगिया उदयपुर, जनपद सिद्धार्थनगर, को पुलिस टीम द्वारा मौके गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के पास से एक अदद अवैध चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी की सम्पूर्ण कार्यवाही नियमानुसार करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- 01-मिथिलेश यादव पुत्र विजय उर्फ झिनकू यादव निवासी ग्राम सुपाराजा, थाना जोगिया उदयपुर, जनपद सिद्धार्थनगर बताया गया,

बिजली कटौती से जनता परेशान, सपा नेता कमाल अहमद खान ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन



बांसी (सिद्धार्थनगर): जिले के बांसी विधानसभा क्षेत्र और तहसील अंतर्गत लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सदस्य कमाल अहमद खान ने विद्युत वितरण निगम के अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि बांसी विधानसभा व तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी सब-स्टेशनों—बांसी तहसील, खेसरहा, खैरटिया, पथरा, बांसी ग्रामीण, मरवाटिया , महरवाजोत आदि केंद्रों और उपकेंद्रों से अधिकांशतः रात के समय बिजली आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। सपा नेता ने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे और नगर क्षेत्रों में 22 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का स्पष्ट आदेश दिया गया है। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर इन आदेशों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से जनहित की समस्याओं को देखते हुए शासन के आदेशों का सख्ती से अनुपालन कराने, रात में हो रही अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाने और सामान्य रूप से विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की गई है। इस दौरान रियाज खांन, अजिजुल्लाह, नसीम, तुफैल, मजहर अली, अयान, मुस्ताक, मोहम्मद मोजीब, सिद्धार्थ प्रजापति, सम्भू यादव, राजू विश्वकर्मा, गफ्फार, सौरभ मिश्र, गोपाल पाठक, इंसाफ अली, अक्तर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

बिजनौर में गंगा नदी से दो अज्ञात शव बरामद

बिजनौर । जिले के दारानगर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को गंगा नदी से दो अज्ञात शव एक महिला और एक पुरुष बरामद किए गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है, लेकिन दोनों की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच होने का अनुमान है। पुलिस को संदेह है कि शव लगभग चार से पांच दिन पुराने हैं और संभवतः कहीं और से बहकर नीचे आए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।

संक्षेप

मलबे में दबकर वृद्धा की मौत

अचलगंज। थाना क्षेत्र के बंडहमीरपुर गांव में बुधवार दोपहर कच्चे मकान की छत अचानक भरभराकर गिरने से मलबे में दबकर वृद्धा की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन आनन-फानन उन्हें मलबे से निकालकर सीएचसी ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बंडहमीरपुर निवासी माधुरी देवी (60) पत्नी हरीराम श्रीवास्तव बुधवार दोपहर करीब एक बजे खाना खाने के बाद घर के कच्चे हिस्से की कोठरी में चारपाई पर लेटी थीं। इसी दौरान अचानक कोठरी की छत भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। छत गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर वृद्धा को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनकी मौत हो गई। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया।

मरीजों में बांटे फल और खाद्य सामग्री

चरगांवा,गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों में फल व खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि सेवा, समर्पण और जनकल्याण भाजपा की कार्यसंस्कृति के मूल आधार हैं। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करना और समाज के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि जनसेवा केवल एक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि निरंतर जनहित के कार्यों के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहयोग पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख (प्रशासक), पिपराइच जनार्दन जायसवाल, चेयरमैन संजय मद्धेशिया, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आनंद शाही, अधीक्षक डॉ. मणि शेखर, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, डॉ. प्रवीण, डॉ. प्रशांत, डॉ. कविता सिन्हा, पूर्व जिला मंत्री नरेंद्र सिंह, किसान मोर्चा के जिला मंत्री अरविंद सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल मद्धेशिया, मनोनीत सभासद शत्रुघ्न उर्फ पप्पू सिंह, ग्राम प्रधान संजय सिंह, किसान नेता लव सिंह, संघर्ष मणि उपाध्याय, अष्टभुजा तिवारी, सोनू सिंह, गुड्डू हिंदू, चंदन जायसवाल और नगीना यादव सहित सम्मानित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्रद्धा एवं उल्लास के साथ हुआ विश्वकर्मा पूजन

गीडा, गोरखपुर। आईजीएल स्पिरिट्स लिमिटेड में गुरूवार को भगवान विश्वकर्मा पूजन श्रद्धा एवं उल्लास के फाथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। पूजन के उपरांत वैदिक मंत्रों के बीच हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कर्मचारियों ने आहुति देकर भगवान विश्वकर्मा से उद्योग की उन्नति, समृद्धि एवं कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना की। पूजन कार्यक्रम में प्लांट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय एवं डीजीएम मैकेनिकल मणिकांत त्रिपाठी ने मुख्य यजमान के रूप में समस्त धार्मिक अनुष्ठानों का निर्वहन किया।

सूचना

मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरी माता का नाम सहर बानो (SEHER BANO) दर्ज है जबकि मेरी माता के आधार कार्ड और पासपोर्ट पर उनका नाम शहर बानो (SHAHAR BANO) अंकित है। दोनों ही नाम मेरी माता के हैं। वह दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हैं। **सना बानो पत्नी सिददीकी इबादुल हक नि.- रूम नं.-4, फर्स्ट फ्लोर, कपूर मेंशन, मोरलैण्ड रोड, अगरीपाड़ा, मुम्बई सेंट्रल, महाराष्ट्र-400011**

बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद जुनेद उम्र 50 वर्ष पुत्र स्व. मो. कलीम निवासी 3/1/50 मो. निवावां थाना कैण्ट तहसील सदर शहर व जिला अयोध्या, सशपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अल्तमश जुनेद आयु लगभग 23 वर्ष जो बालिग है जो मेरे कहने सुनने में नहीं है। मेरे पुत्र का साथ गलत लोगों से है उसके द्वारा किये गये किसी प्रकार के कृत्य से मेरा-मेरी पत्नी व पुत्रियों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। मैं अपने पुत्र अल्तमश जुनेद को आज की तिथि से अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बदेखल कर रहा हूं। मोहम्मद जुनेद पुत्र स्व. मो. कलीम निवासी-3/1/50 निवावां थाना कैण्ट तहसील सदर जिला-अयोध्या

धूमधाम से मना पीएम मोदी का जन्मदिन

पीएम मोदी के चित्र पर तिलक लगाकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना



गोला, गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर नगर पंचायत गोला स्थित भाजपा कैंप कार्यालय पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां भाजपा कार्यकताओं ने पीएम मोदी के चित्र पर तिलक लगाकर एवं मिष्ठान वितरण कर धूमधाम से जन्म दिवस को मनाया तथा प्रधानमंत्री के दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना की। तो वहीं शाम को नगर में सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों एवं भाजपा कार्यकताओं के घरों समेत घर-घर आशीर्वाद दीप जलाया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता श्री कसौधन ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक, नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन जनसेवा को समर्पित रहा है। इस अभियान के तहत अगले एक महीने तक देश भर में 'सेवा संकल्प अभियान' (सेवा पखवाड़ा) के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा-संकल्प/समर्पण अभियानह्न के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में भी स्वच्छता, रक्तदान और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सामाजिक एवं राजनैतिक सफर सेवा और समर्पण की मिशाल है। उनका व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणा पुंज है। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, इमरान अंसारी, देवानंद रजक, दीपक जयसवाल, संजय मद्धेशिया, बबलू सोनकर, सुदर्शन कसौधन, उदय शंकर गुप्ता, मार्कण्डेय उमर, दीनानाथ, अर्जुन सोनकर, रिंकू चौधरी, आफताब अहमद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

मां सरयू की महाआरती के बाद जलाया आशीर्वाद दीप



गोला, गोरखपुर। पीएम मोदी के 76वें जन्मदिवस को सेवा संकल्प के रूप मनाते हुए भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन की अगुवाई में गुरूवार को संध्याकाल में मा सरयू एवं रसिक बिहारी जी मंदिर में महाआरती कर लोकमंगल की कामना के साथ उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामन की। तदुपरांत अपने-अपने घरों की चौखट पर आशीर्वाद दीप जलाया। इस अवसर पर चेयरमैन लालती देवी, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, सभासद श्रवण कुमार वर्मा, उदय शंकर गुप्ता, मार्कण्डेय उमर, विरेन्द्र मालाकार, सुदर्शन कसौधन, संजय मद्धेशिया बबलू सोनकर, इमरान अंसारी, देवानंद रजक, रिंकू चौधरी, दिलीप गुप्ता, दीपक जायसवाल, राजेश जायसवाल, दीनानाथ कसौधन, आकाश जायसवाल, अर्जुन सोनकर, प्रदीप प्रजापति, राजमन पासवान, अक्षैबर जायसवाल, तेरस प्रसाद, आफताब, रमेश तिवारी, सरवन गुप्ता व किशन सहित आदि लोग मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन पर चला स्वच्छता अभियान



इटावा। प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने तथा उनके 76वें जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशभर में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वच्छता को जनजीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के प्रधानमंत्री जी के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकताओं ने इटावा रेलवे स्टेशन परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यकताओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अन्नू गुप्ता के नेतृत्व एवं भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में डॉ. भीमराव आंबेडकर संयुक्त जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा के लिए सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व प्रत्याशी विवेक शाक्य, अभियान जिला संयोजक सतेंद्र राजपूत, जिलामहामंत्री जितेंद्र गौड़, अभियान सह-संयोजक मोनू चैहान, विरला शाक्य, आयुष राज, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष कृपानारायण तिवारी, पूर्व जिलामंत्री रजत चैधरी, नीतू नारायण मिश्रा, प्रमिला पालीवाल, रामशरण गुप्ता, विकास भदौरिया, सह मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, सीपू चैधरी एवं सुमेध अवस्थी सहित जिला पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आशीर्वाद दीया से आलोकित हुआ रामपुर गढ़ौवा विद्यालय



उन्नाव। सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विद्यार्थियों से जोड़ने के उद्देश्य से बीएसए उन्नाव द्वारा जारी लिखित निर्देश के क्रम में तथा खंड शिक्षा अधिकारी औरास दीपेश कुमार के निर्देशन में औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में गुरुवार सायं ह्यसेवा दिवसद्दआशीर्वाद का दीयाह्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। सायं सात बजे आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ से शिक्षक इंद्रपाल तथा विद्यालय के लगभग 20 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। बच्चों ने सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन कर सेवा, सद्भाव, सहयोग और मानवीय संवेदना का संदेश दिया। दीपों से तैयार रचनात्मक प्रस्तुति ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सेवा को महज औपचारिक गतिविधि न मानकर सामाजिक दायित्व के रूप में आत्मसात करने का संकल्प लिया। भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को यह संदेश दिया गया कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की शुरूआत छोटे किंतु सार्थक प्रयासों से ही होती है। खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित यह पहल विद्यार्थियों के अनुभवात्मक अधिगम को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनी। शिक्षक डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सहयोग और समाजोपयोगी दृष्टिकोण विकसित करना भी है। कार्यक्रम की फोटो एवं वीडियो अभिलेख भी तैयार किए गए। विद्यालय परिसर में प्रज्ज्वलित दीपों ने वातावरण को आलोकित करने के साथ बच्चों में सेवा, सद्भाव और मानवीय मूल्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को सुदृढ़ किया। विद्यालय के शिक्षक, ग्राम प्रधान ओम प्रकाश, पंचायत सहायक एवं रसोइया उपस्थित रहे।

62 लीटर कच्ची शराब बरामद, दो गिरफ्तार



मौरावां (वीओएल)। अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने मौरावां थाना क्षेत्र के रामदासखेड़ा व हिलौली गांव में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान टीम ने कुल 62 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 पुरवा निशांत सिंह ने स्थानीय पुलिस के साथ 17 सितंबर को यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अमृत लाल पुत्र स्व. बुद्धिलाल तथा रिंकू पुत्र स्व. बच्चूलाल, निवासी जनवारणखेड़ा, थाना मौरावां के रूप में हुई है। आबकारी विभाग के अनुसार दोनों के खिलाफ थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सफाईकर्मचारियों का सम्मान



पाटन, उन्नाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नगर पंचायत भगवंतनगर में सफाई कर्मचारियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष कुमार शुक्ला उर्फ रिंकू शुक्ला ने कर्मचारियों के पैर पखारकर उनका सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र व उपहार भेंट किए। नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 140 करोड़ देशवासियों के प्रेरणास्रोत और भारत के गौरव हैं। भारतीय जनता पार्टी के सेवा ही संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना हमारे लिए गर्व की बात है। समाज को स्वच्छ रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके कार्य के प्रति सभी को सम्मान का भाव रखना चाहिए।

देवशिल्पी विश्वकर्मा की जयंती मनायी

फतेहपुर चौरासी। आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। यंत्रों, मशीनों और औजारों से काम कर जीवन यापन करने वाले लोगों अपने अपने यंत्रों औजारों की पूजा अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा जी की मूर्ति पर फूल माला चढ़ाकर पूजन अर्चन किया। मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा इस संसार के प्रथम निमार्ता थे और उन्होंने ही संसार में निर्माण कार्य प्रारम्भ किया था जिससे यह पृथ्वी मानव के रहने योग्य बनी। भवन निर्माण से लेकर कारखानों, लकड़ी की वस्तुओं, सजावट का सामान, लोहे से बनी वस्तुओं, मशीनों के प्रथम निमार्ता के रूप में पूजे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा को इसीलिए आदि शिल्पी कहा गया है। नगर पंचायत फतेहपुर कार्यालय में कृष्णपाल, मिथुन, बिजली घर में मोनू, इन्द्रपाल, सराय में विजयपाल शर्मा, कस्ब ऊगू में शिवम चैरसिया व गढ़ी में सन्तोष शर्मा, हयासपुर में सर्वेश कुमार, नेशनल हेल्थ क्लब में नैमिष विश्वकर्मा आदि ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर पूजा अर्चना कर खुशहाली की प्रार्थना की।



आयुष्मान लाभार्थियों से मिले विधायक राजेश त्रिपाठी



गोला/बनवारपार, गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने गोला तहसील चौराहे स्थित आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित धर्मा अस्पताल पहुंचकर मरीजों में फल वितरित किया। तथा उन्होंने अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उपचार करा रहे मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य एवं वहां के इलाज की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा, ह्यहमारे देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी जी का जीवन हमेशा गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित रहा है। इसलिए उनके जन्मदिन को केक काटकर नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की सेवा करके मनाया जा रहा है। बीमार और लाचार लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही प्रधानमंत्री जी के प्रति सच्ची शुभकामना है।ह्न उन्होंने ईश्वर से प्रधानमंत्री मोदी की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। विधायक ने अस्पताल में भर्ती करीब 30 मरीजों से मुलाकात की। इनमें आयुष्मान योजना के तहत पथरी का उपचार करा रहे दो मरीज तथा बच्चेदानी के ऑपरेशन के बाद भर्ती महिला मरीज भी शामिल थीं। उन्होने कहा कि आयुष्मान भारत योजना जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत है। गंभीर बीमारियों के महंगे इलाज के कारण किसी गरीब परिवार को आर्थिक संकट में न पड़ना पड़े, इसी उद्देश्य से सरकार स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा लगातार बढ़ा रही है।

विधायक ने मरीजों में बांटे फल



चौरीचौरा, गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को चौरी चौरा के विधायक ई. सरवन निषाद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरी चौरा पहुंचकर मरीजों के बीच फल वितरित किए। उन्होंने मरीजों का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।ह्नप्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा भाव के साथ आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से विधायक ने जरूरतमंदों की मदद और जनसेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित है। उनकेजन्मदिन पर सेवा कार्यों के जरिए समाज के जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया जा रहा है।ह्नविधायक ने कहा कि ह्यसेवा ही संकल्पह्न की भावना को आत्मसात करते हुए जनकल्याण के कार्यों में निरंतर सहभागिता जरूरी है। समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सहायता करना ही सच्ची सेवा है।सीएचसी में मरीजों के बीच फल वितरण के दौरान विधायक ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की।इस अवसर पर राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त बेचन राम राजकुमार गुप्ता तारकेश्वर जायसवाल ज्योति प्रकाश गुप्ता, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

संयुक्त प्रेस क्लब इटावा की बैठक 27 को



इटावा। संयुक्त प्रेस क्लब इटावा की बैठक 27 सितंबर दिन रविवार को प्रातः 11बजे से 3तक फ्लोर, बीकानेरी स्वीट्स,शास्त्री चैराहा पर होगी। जिन साथियों को अभी तक आई कार्ड नहीं मिला है, वह एक दो दिन में अपना नाम आधार कार्ड फोटो व्हाट्सएप पर भेज दीजिए।

बुधवार को क्लब के संरक्षक गणेश ज्ञानार्थी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पत्रकार साथियों के हितों की रक्षा हेतु दृढ़ संकल्पित संयुक्त प्रेस क्लब पत्रकार साथियों के मान सम्मान के लिए निरंतर कार्यरत है। बैठक में संगठन के विस्तार सहित एक संघर्ष समिति के गठन पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन, महामंत्री सुधीर मिश्र व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अध्यक्ष अन्नू चैरसिया ने कहा कि यदि किसी पत्रकार साथी की कोई समस्या है तो वह लिखकर लाए जिससे संबंधित अधिकारी से मिलकर उसका निराकरण कराया जा सके। बैठक में क्लब के संगठन मंत्री रघुवीर यादव, प्रचारमंत्री नीतेश प्रताप सिंह व सौरभ दुबे मौजूद रहे।

विश्वकर्मा पूजा पर निकली शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा मन



जसवंतनगर, इटावा। भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर गुरुवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बदायूं सांसद आदित्य अंकुर यादव ने रामलीला तिराहे पर फीता काटकर और प्रथम आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में शामिल धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं और नगरवासियों का मन मोह लिया। शाम चार बजे शुरू हुई शोभायात्रा मुख्य बाजार, रेलमंडी और रेलवे स्टेशन होते हुए लुधपुरा तिराहे पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा में एक दर्जन से अधिक धार्मिक झांकियों के साथ डीजे और बैंड-बाजे शामिल रहे। भगवान गणेश, मां सरस्वती, भगवान शिव, राम दरबार, राधा-कृष्ण और भगवान विश्वकर्मा की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लोगों और सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भारत विकास परिषद संस्कार की ओर से भी स्वागत एवं प्रसादी वितरण की व्यवस्था की गई। भजनों और भगवान विश्वकर्मा के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष सुमित अज्जू शर्मा, महामंत्री उमाशंकर शर्मा, संरक्षक राम गोपाल झा, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, सेक्टर प्रभारी सुभाष गुप्ता, अजेंद्र गौर, विधायक प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव, विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ सोनू यादव, रामप्रकाश शर्मा दीवान, शेषाबिंदु शर्मा, नंदू शर्मा लाला, महानंद शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, राजकुमार शर्मा, ओम भगवान शर्मा, मनीष शर्मा, राम बहादुर, रामकृष्ण, पंकज, कुलदीप, राम कुमार, सर्वेश शर्मा, चंदन, सत्यप्रकाश, डॉ. मुकेश, राहुल, शिवराम, पुष्पेंद्र शर्मा, डब्लू शर्मा, आमोद शर्मा, पप्पू, मनोज शर्मा, विनय, पवन, ऋषि, दीपक, शिवम यादव, नाजिम, यादवेंद्र जोनी यादव, गोपाल गुप्ता और कृष्णा सहित समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का योगदान रहा।

एसएसपी ने विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



इटावा। भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन में पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गयी। इस दौरान पुलिस विभाग में प्रयुक्त समस्त शस्त्रों, उपकरणों एवं परिवहन यांत्रिकी से संबंधित वाहनों, उपकरणों की भी पूजा-अर्चना की गयी तथा जनपद में सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की गयी। संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि पुलिस विभाग में प्रयुक्त शस्त्रों, उपकरणों एवं अन्य संसाधनों का नियमानुसार नियमित निरीक्षण एवं रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए। शस्त्रों एवं उपकरणों को सदैव कार्यशील एवं सुरक्षित दशा में रखा जाए तथा परिवहन एवं यांत्रिकी शाखा से संबंधित वाहनों एवं उपकरणों का नियमित परीक्षण एवं आवश्यकतानुसार अनुरक्षण कराते हुए उन्हें अद्यतन एवं उपयोग हेतु सदैव तत्पर रखा जाए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

चेकिंग में दो ट्रैक्टर ट्राली ओवरलोड पर सीज

इटावा। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। 17 सितम्बर की रात को थाना चकरनगर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त एवं बॉर्डर चेकिंग के दौरान सहसों की तरफ से आ रहे 2 ट्रैक्टर-मय-ट्रॉली को रोककर चेक किया गया। चेकिंग के दौरान दोनों ट्रैक्टर-मय-ट्रॉली में निर्धारित क्षमता से अधिक ओवरलोड पाये गये। साथ ही वाहन चालकों द्वारा मौके पर संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके। जिस पर पुलिस टीम द्वारा 2 ट्रैक्टर मय ट्रॉली को धारा ओवरलोड मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज कर थाना चकरनगर पर दाखिल किया गया। पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। आमजन से अपील है कि वाहन निर्धारित क्षमता के अनुसार ही संचालित करें तथा वाहन से संबंधित समस्त आवश्यक अभिलेख साथ रखें।

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 46/47/ECTC(L)/2026-27

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-1 टेक्निकल बिड एवं पार्ट-11 फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। **46 कार्य का नाम :-** 132/33 के.वी. उपकेन्द्र गौरीगंज अमेठी पर क्षमतावृद्धि (2x63 MVA से 3x63 MVA) के कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः-** रू. 39.96 लाख **कार्यावधिः-** 02 माह **47 कार्य का नामः-** 220 / 33 के.वी. उपकेन्द्र सतरिख रोड लखनऊ पर 33 के.वी. STP भरवारा पोषक 'बे' के जानपदीय निर्माण कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः-** रू. 9.24 लाख **कार्यावधिः-** 01 माह उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 29.09.2026 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 30.09.2026 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।**

''राष्ट्र हित में बिजली बचाए''

(पत्रांक 2772 / दि. 15.09.2026)

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम, ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.	106-टेली/टेंडर/23/2026-27
कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में पुराने रेलवे एक्सचेंज को बदल कर एस्टरिस्क आधारित (वी.ओ.आई.पी) एक्सचेंज के प्रावधान का कार्य।
अनुमानित लागत	रु.4,29,00,713.91/–
निविदा प्रपत्र की कीमत	शून्य
धरोहर राशि	रु.8,58,000.00/–
कार्य पूरा करने की अवधि	270 दिन
निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	07.10.2026 15:30 Hrs
वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है।	www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
• समस्त नियम एवं शर्तों निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
• मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
• निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं. 106–टेली/टेंडर/23/2026–27 दिनांक : 16.09.2026 3214/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

ट्रक की टक्कर से देवर-भाभी की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी ।वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर अहमदनगर के पास गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार देवर-भाभी की मौत हो गई। दोनों गोला से खरीदारी कर बाइक से अपने गांव मूड़ासरकटा लौट रहे थे। दुर्घटना के बाद पुलिस ने ट्रक और चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार गांव मूड़ासरकटा निवासी मोहम्मद कैफ (18) पुत्र अयूब गुरुवार करीब 11:45 बजे अपनी भाभी अफसर बानो (23) पत्नी सारिफ के साथ बाइक से गांव जा रहा था। अहमदनगर के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। दोनों शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

चीनी मिल पलिया में भगवान विश्वकर्मा का हुआ पूजन

पलियाकला खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल में भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। संपूर्ण सृष्टि के निर्माण कर्ता भगवान विश्वकर्मा की पूजा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड के वर्कशॉप में परंपरागत रूप से विधि विधान पूर्वक की गई ।मंदिर के पुजारी रामेद्र मिश्र ने भगवान विश्वकर्मा सहित अन्य देवी- देवताओं का पवित्र मंत्रों से आवाहन कर पूजा -अर्चन किया और छोटी-बड़ी सभी मशीनों की चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक इंजीनियरिंग विकास मलिक ने पूजा की। इस अवसर पर हवन में मिल के यूनिट हेड ओ पी चौहान, राजीव तोमर ,मनोज मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, तनवीर अहमद, सहित कर्मचारी संगठन पदाधिकारियों ने यज्ञ कुंड में आहुति डाली तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

हादसे के बाद बीमा कंपनी ने दबाया क्लेम, आयोग ने ब्याज समेत पूरी रकम लौटाने का दिया आदेश

सीतापुर। वाहन दुर्घटना के बाद बीमा क्लेम देने से इनकार करना मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी को भारी पड़ गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया। आयोग ने बीमा कंपनी को स्कूटी की कीमत 70,828 रुपये छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ अदा करने का आदेश दिया है। साथ ही मानसिक एवं शारीरिक पीड़ा के लिए 10 हजार रुपये और वाद व्यय के रूप में पांच हजार रुपये देने के निर्देश दिए हैं। मामला संदना थाना क्षेत्र के जैनापुर गांव निवासी बृजेंद्र अवस्थी पुत्र राम प्रकाश अवस्थी से जुड़ा है। बृजेंद्र ने 10 अप्रैल 2024 को मां शीतला देवी हीरो सेल्स से स्कूटी खरीदी थी और नियमानुसार उसका बीमा कराया था। खरीद के अगले ही दिन स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन क्षतिग्रस्त होने के बाद बृजेंद्र ने बीमा कंपनी में क्लेम प्रस्तुत किया, लेकिन कंपनी ने भुगतान करने से इनकार कर दिया। क्लेम के लिए चक्कर लगाने के बाद बृजेंद्र ने अधिवक्ता विजय कुमार गुप्ता के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दाखिल किया। चार जून 2024 को परिवाद संख्या 87ध्2024 दर्ज हुआ। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने अपने तर्क और दस्तावेज पेश किए। तीन सदस्यीय पीठ अध्यक्ष अभिमन्यु लाल श्रीवास्तव, सदस्य विभा तिवारी और देवकांत त्रिपाठी ने अभिलेखों व साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद उपभोक्ता के पक्ष में निर्णय सुनाया। अधिवक्ता विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आदेश के तहत बीमा कंपनी को स्कूटी की कीमत के साथ ब्याज, मानसिक एवं शारीरिक पीड़ा और वाद व्यय की रकम भी देनी होगी। फैसला आने के बाद बृजेंद्र ने आयोग के निर्णय को सराहनीय बताते हुए न्याय के लिए आभार जताया।

कलेक्ट्रेट में सजी विकास की तस्वीर

प्रदर्शनी में दिखी जनसेवा से देशसेवा की विकास यात्रा



लखीमपुर-खीरी। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासपरक परियोजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ह्यसेवा संकल्प अभियान-जन सेवा से देश सेवाह्ल के तहत गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से प्रदर्शनी आयोजित की गई। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ योगानंद पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में प्रदेश स्तर पर जनहित में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियों को चित्रों एवं सूचनात्मक सामग्री के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का उद्देश्य शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शुभारंभ के अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रदर्शित सामग्री के माध्यम से प्रदेश में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी ली। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तभी सार्थक है, जब उसका लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और लोगों को योजनाओं की समुचित जानकारी हो। इस दृष्टि से प्रदर्शनी जनजागरूकता का महत्वपूर्ण माध्यम है।

सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प को प्रदर्शनी के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने की पहल कलेक्ट्रेट परिसर में लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। प्रदर्शनी में प्रदेश की विकास यात्रा और जनहित में किए जा रहे कार्यों की झलक एक ही स्थान पर देखने को मिल रही है।

लाभार्थियों को किया गया सम्मानित



लाखीमपुर-खीरी। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना-2.0 के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्यमंत्री के ह्यविश्वकर्मा स्वरोजगार एवं स्वदेशी मेला-2026 कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाई गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और टूलकिट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन पीडी सतीश कुमार पांडे ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, विधायक योगेश वर्मा, विधायक मंजू त्यागी और जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने डीएम अंजनी कुमार सिंह व सीडीओ योगानंद पाण्डेय के साथ किया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 502 लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की गई। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के 15 लाभार्थियों को पांच-पांच लाख रुपये के चेक दिए गए। कन्या विवाह योजना के तीन लाभार्थियों को 65-65 हजार तथा मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के लाभार्थियों को 56-56 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि जानकारी के अभाव में कोई गरीब पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए श्रम विभाग को ब्लॉक और नगरपालिका स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने लाभार्थियों से प्रधानमंत्री की दीघार्यु की कामना के लिए घर पर दीप जलाने की अपील की। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार के पास जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध है। श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रता के अनुसार समय से आवेदन करना चाहिए।

हाइटेंशन से मासूम की मौत

जेई सस्पेंड, लाइनमैन और एसएसओ बर्खास्त

पसगवां खीरी ।कोतवाली मैगलगंज क्षेत्र के ग्राम खूंटी बुजुर्ग में बुधवार की शाम बिजली विभाग की लापरवाही के चलते एक आठ साल की मासूम की हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान गोल्डी(8)पुत्री लालाराम के रूप में हुई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और आनन फानन में मौके पर पहुंचे जिन्होंने पुलिस और बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दी। परिजनों का आरोप है कि गांव में सुबह से ही हाइटेंशन लाइन का तार खेत में टूटा पड़ा हुआ था ।जिसकी सूचना संबधित अधिकारी को दी गई थी ।लेकिन उसके बाबजूद भी बिजली आपूर्ति बंद नहीं कराई गई और न हो टूटे पड़े तार को सही कराया गया ।इसी दौरान बच्ची बुधवार की शाम खेलते खेलते खेत की और चली गई जहां टूट पड़े हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि बिजली विभाग को सूचना देने के बाबजूद बिजली नहीं काटी गई यदि बिजली काट दी जाती तो यह हादसा न होता जिस कारण बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही साफ नजर आ रही है ।वही हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस व बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। और जांच जुट गए। विभागीय जांच के बाद वृहस्पतिवार को उच्चाधिकारियों ने मुबारकपुर उपकेंद्र के जेई को निलंबित कर दिया साथ ही साथ एसएसओ और लाइनमैन को बर्खास्त कर दिया।

मंदिर में 11 जलाये सौ दीप, पीएम मोदी के दीर्घायु की कामना



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार शाम खुटार रोड स्थित मां मंगला देवी मंदिर परिसर 1100 दीपों से जगमगा उठा। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सभासदों, भाजपा कार्यकताओं, स्वयंसेवकों और वार्डवासियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और मंगलमय जीवन की कामना की। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा है। उनके जन्मदिन पर मां मंगला देवी के दरबार में दीप जलाकर उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की प्रार्थना की गई।

उन्होंने कहा कि छोटी काशी गोला की पहचान आस्था, संस्कृति और धार्मिक विरासत से भी है। मां मंगला देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास पर सरकार की ओर से 1.53 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करना भी प्राथमिकता है। नगर अध्यक्ष भाजपा विनोद स्वर्णकार ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा और संकल्प के रूप में मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिला मंत्री गणेश शंकर गौतम, सभासद नानक चंद्र वर्मा, रियाजुद्दीन, रामचंद्र राठौर, गीता विश्वकर्मा, धीरज बाजपेयी, राजेश राठौर, धर्मेंद्र सिंह, रेखा मिश्रा, राजेश जोशी, सीमा वर्मा, विजय प्रकाश मिश्रा, हर्षल त्रिपाठी, विमलेश वर्मा, श्यामू कनौजिया, सुरेंद्र वर्मा आचार्य, मनोज बाथम, अन्नू दीक्षित, प्रदीप खतौलिया, लवकुश शास्त्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और वार्डवासी मौजूद रहे।

एसएसबी ने भारत-नेपाल सीमा पर तेरह बोरी खाद के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार, 4 मोटरसाइकिलें की जब्त



तिकुनियां-खीरी। भारत-नेपाल सीमा पर अवैध तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। तृतीय वाहिनी के कमांडेंट प्रमोद देवरानी के कुशल मार्गदर्शन एवं निरीक्षक सुभाष कुमार कंपनी कमांडर जी' कंपनी सशस्त्र सीमा बल खखरोला के निगरानी में ऑपरेशनल टीम ने यह कार्रवाई की है। अंधेरे व गन्ने का फायदा उठाकर एक तस्कर बाइक छोड़कर भाग गया। मुखबिर की सूचना के आधार पर सीमा चौकी खखरौला व सीमा चौकी रननगर की संयुक्त नाका टीम ने पिलर संख्या 708 से लगभग 800 मीटर भारतीय क्षेत्र के अंदर घात लगाई। तभी भारत से नेपाल की ओर जा रही 04 मोटरसाइकिलों को रोका गया, जिन पर 13 बोरी अवैध यूरिया खाद लदी हुई थी। पकड़े गए तस्करों ने स्वीकार किया कि उक्त खाद को नदी के रास्ते सीमा पार कर नेपाल में अधिक दाम पर बेचने के लिए ले जा रहे थे। पूछताछ में पकड़े गए लोगो ने अपना नाम अंकित कुमार, चंदन कुमार और सर्वजीत सिंह निवासी बनवीरपुर/रननगर बताया है। एसएसबी ने तेरह बोरी यूरिया खाद, चार बाइक वढ31उढ 1484, ल्ढ17इ 8513, वढ77उ8273 औरवढ43ऋ8894 सहित तीन आरोपियों को पकड़ कर कस्टम के सुपुर्द किया है। निरीक्षक सुभाष कुमार के नेतृत्व में सीमा चौकी खखरौला के जवानों द्वारा सीमा पर 24 घंटे सतर्क निगरानी रखी जा रही है। तस्करी रोकने के साथ-साथ एसएसबी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम (उअढ) के तहत सीमावर्ती गांवों में जागरूकता अभियान, सफाई अभियान व ग्रामीणों से बेहतर संबंध स्थापित कर राष्ट्र की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई जा रही है।

धौरहरा कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना के मामले में तीन को भेजा जेल



लखीमपुर खीरी। कोतवाली धौरहरा पुलिस द्वारा ग्राम सिसैया खुर्द में हुई मारपीट की घटना के मामले में तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ0 ख्याति गर्ग के निर्देशन में वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक खीरी पूर्वी के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली धौरहरा के नेतृत्व में थाना धौरहरा पुलिस टीम द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना धौरहरा क्षेत्र के ग्राम सिसैया खुर्द में विगत 14 सितंबर को हुई मारपीट की घटना के संदर्भ में कार्यवाही करते हुए ग्राम सिसैयाकलां से मु0अ0सं0 433/2026 धारा 115(2)/352/351(2)/333 बीएनएस से संबंधित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण फुरकान उम्र करीब 37 वर्ष पुत्र कल्लू खाँ, निवासी ग्राम सिसैयाकलां, थाना धौरहरा, भग्गू उम्र करीब 41 वर्ष पुत्र हेकड़ खाँ निवासी ग्राम सिसैयाकलां, मन्ना खाँ उम्र करीब 39 वर्ष पुत्र गफ्फार खाँ, निवासी ग्राम सिसैयाकलां थाना धौरहरा जिला खीरी। गिरफ्तार अभियुक्तो का आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा, उ0नि0 विलियम कौशिक, हे0का0 राशिद चौधरी, का0 शोभित रि0का0 रानू शामिल रहे। सिसैया खुर्द में 14 सितंबर कों हुई घटना के मामले में एस पी खीरी ने पांच पुलिस कर्मियों कों निलंबित कर दिया है। बता 14 सितंबर की रात्रि सिसैया खुर्द में हुई मारपीट की घटना का पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने संज्ञान लेते हुए लापरवाही करने वाले पांच पुलिसकर्मी तात्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी, डॉ० ख्याति गर्ग द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने तथा पुलिस प्रशासन में पूर्ण अनुशासन व पारदर्शिता बनाए रखने हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में संबंधित प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए, कार्य में प्रथम दृष्टया घोर लापरवाही बरतने वाले मुख्य आरक्षी विनोद कुमार, मुख्य आरक्षी अशोक तिवारी, आरक्षी मोहित, आरक्षी भारत शर्मा, आरक्षी विशाल को निलंबित कर दिया गया है। संपूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन विभागीय जांच अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), जनपद खीरी को सौंपी गई है। मौके पर कानून व्यवस्था सम्बन्धी कोई समस्या नही है।

मां मंगला देवी मंदिर परिसर में पालिकाध्यक्ष ने किया श्रमदान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वच्छता ही सेवा अभियान के पहले दिन पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने मां मंगला देवी मंदिर परिसर में श्रमदान कर सफाई अभियान की शुरूआत की। उन्होंने अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र, सभासदों, पालिका कर्मचारियों और वार्डवासियों के साथ परिसर में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि जनभागीदारी से स्वच्छ और सुंदर नगर का संकल्प पूरा किया जा सकता है। प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना भी की।

अभियान में सभासद नानक चंद्र वर्मा, गीता विश्वकर्मा, रियाजुद्दीन, रामचंद्र राठौर, धीरज बाजपेयी, रेखा मिश्रा, राजेश जोशी, सीमा वर्मा, विजय प्रकाश मिश्रा, हर्षल त्रिपाठी, विमलेश वर्मा, श्यामू कनौजिया, सुरेंद्र वर्मा आचार्य, मनोज बाथम, अन्नू दीक्षित, प्रदीप खतौलिया, लवकुश शास्त्री सहित वार्डवासी मौजूद रहे। पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, जेई सिविल अनिल कुमार यादव, सफाई नायक दिलीप वाल्मीकि सहित कर्मचारी भी शामिल रहे।

विश्वकर्मा मंदिर में हवन-पूजन विधायक ने की सुख-समृद्धि की कामना



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में हवन-पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक अमन गिरि ने विश्वकर्मा समाज के लोगों के साथ विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने सभी के सुख, समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की कामना की।

विधायक अमन गिरि ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, श्रम और समृद्धि के प्रतीक हैं। उनके आदर्श समाज को मेहनत, कौशल और निर्माण के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में संरक्षक प्रो. रामऔतार विश्वकर्मा, श्रवण कुमार शर्मा, विद्यासागर शर्मा, कमलेश शर्मा, राधेश्याम शर्मा, डॉ. अंजू भोगल, संतोष शर्मा, महेंद्र शर्मा एडवोकेट, राजू शर्मा, सौरभ शर्मा, अमन यादव, अवधेश मिश्रा, राम कुमार सिंह, सुरजन लाल वर्मा, शिवम शर्मा, महेश विश्वकर्मा, आदर्श शर्मा, श्रीकृष्ण शर्मा और डॉ. योगराज वर्मा सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

विश्वकर्मा जयंती पर श्रद्धा और उल्लास का रहा माहौल

विश्वकर्मा जयंती पर आरा मशीनों व प्लाईवुड इकाइयों में रही छुट्टी

सीतापुर। भगवान विश्वकर्मा जयंती पर गुरुवार को जिलेभर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। हरगांव, रामकोट, कमलापुर, बिसवां, महमूदाबाद, रेउसा और तंबौर समेत विभिन्न कस्बों में चीनी मिलों, प्लाईवुड फैक्ट्रियों, आरा मशीनों, विनियर्स और छोटे-बड़े कारखानों में विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया। कारखानों में मशीनों और औजारों को साफ कर फूल-मालाओं से सजाया गया। कई स्थानों पर हवन-पूजन के बाद कामगारों को प्रसाद और भोजन कराया गया। तंबौर में प्लाईवुड कारखानों समेत विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में विशेष आयोजन हुए। रचना वूड इंडस्ट्री में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कर पूजा की गई। हरगांव, बिसवां और महमूदाबाद क्षेत्र की चीनी मिलों सहित अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों में भी भगवान विश्वकर्मा से सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। मंदिरों और प्रतिष्ठानों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। भगवान विश्वकर्मा को देवताओं का शिल्पकार और निर्माण-कौशल का प्रतीक माना जाता है। जयंती पर लोगों ने मेहनत, हुनर और सृजन के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

तंबौर/सीतापुर। सृष्टि के रचयिता एवं शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कस्बे की विभिन्न आरा मशीनों, दुकानों और प्लाईवुड फैक्ट्रियों में कामकाज पूरी तरह बंद रहा। कारीगरों और मजदूरों ने अपने औजारों को विराम देकर भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार व कारोबार की सुख-समृद्धि की कामना की। कस्बे की रचना प्लाईवुड, शारदा, इंडिका, अम्बिका, गोल्डेन, ताज, आमिना, तिरंगा, हिन्दुस्तान सहित शचिनाथ सिंह प्लाईवुड समेत विभिन्न प्रतिष्ठानों में सुबह से ही पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। कारीगरों ने औजारों को साफ कर उनकी पूजा की और दिनभर काम से दूर रहकर धार्मिक आयोजन में हिस्सा लिया। रचना प्लाईवुड में भी विश्वकर्मा जयंती पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। वहीं जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व प्रधान राजकिशोर कनोजिया ने भी पूजा में शामिल होकर भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रतिष्ठान में कार्यरत मजदूरों एवं कारीगरों को काम से अवकाश देकर भोजन-प्रसाद कराया गया। विश्वकर्मा जयंती के मौके पर प्रतिष्ठानों में उत्सव जैसा माहौल रहा। कारीगरों ने भगवान विश्वकर्मा से अपने हुनर, कारोबार और परिवार में सुख-शांति एवं खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। दिनभर औजारों की पूजा और प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा।

वाहन चोर दबोचा, निशानदेही पर सात बाइक बरामद



हरगांव/सीतापुर। वाहन चोरी के खिलाफ हरगांव पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर सात चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद बाइकों में एचएफ डीलक्स, पैशन प्रो और सुपर स्प्लेंडर शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इनमें कुछ बाइकें हरगांव क्षेत्र के अलावा लखीमपुर खीरी के थाना खीरी और कोतवाली सदर क्षेत्र से चोरी की गई थीं। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार सुबह बेलीथारा मोड़ के पास ओवरब्रिज के निकट पुलिस ने सोनू वर्मा (24) निवासी भानपुर, थाना कोतवाली नगर, लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने नहर कोठी के पास से सात मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

सेवा कार्यों के साथ मनाया प्रधानमंत्री मोदी का 76वां जन्मदिन



सीतापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिन गुरुवार को जिलेभर में सेवा और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अस्पतालों में मरीजों को फल वितरित किए, रक्तदान शिविर लगाया और प्रधानमंत्री की दीघार्यु व स्वस्थ जीवन की कामना की। शाम को ह्यएक दिया आशीर्वाद काह्ल अभियान के तहत बड़ी संख्या में लोगों ने अपने घरों पर दीप जलाए। सीतापुर शहर में एक निजी गेस्ट हाउस में युवा मोर्चा की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला समेत 101 लोगों ने रक्तदान किया। जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के दीर्घ जीवन और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की बात कही। जिला अस्पताल में क्षेत्रीय महामंत्री अवधेश कटियार और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पीके वर्मा की मौजूदगी में मरीजों को फल वितरित किए गए। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और निजी अस्पतालों में भी कार्यकताओं ने फल बांटकर मरीजों और तीमारदारों से संवाद किया। गुरुद्वारे में प्रधानमंत्री की दीघार्यु और देश की प्रगति के लिए विशेष प्रार्थना भी हुई। इस अवसर पर कारागार राज्य मंत्री एवं हरगांव विधायक सुरेश राही, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, अभियान संयोजक सुधाकर शुक्ल, नैमिष रतन तिवारी, विश्राम सागर राठौर, पटेल रेखा वर्मा, विपुल प्रताप सिंह, सचिन मिश्रा, आकाश अग्रवाल, कामेश शुक्ला, अनूप विश्वकर्मा, प्रखर जायसवाल, अमन विक्रम सिंह, राम प्रताप सिंह, प्रतीक पांडे, ऋषभ त्रिवेदी सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

मरीजों को किये फल वितरित



सीमापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर रेडियंस इंटर कॉलेज परिवार द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। विद्यालय परिवार की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। इस सेवा कार्य के दौरान मरीजों के चेहरे पर मुस्कान साफ देखने को मिली। आयोजन के अवसर पर रेडियंस इंटर कॉलेज के चेयरमैन श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, वाइस मैनेजिंग डायरेक्टर अमान अजीज एवं भौतिक विज्ञान प्रवक्ता सईद अहमद सर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संस्थान के चेयरमैन श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए मरीजों के बीच फल वितरण का यह छोटा सा प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में अस्पताल स्टाफ और स्थानीय नागरिकों का भी विशेष सहयोग रहा।

संक्षेप

डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत

सलोन, रायबरेली। रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग स्थित टोल प्लाजा के निकट बाइक व डीसीएम के आमने-सामने टक्कर हो जाने से बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। इस घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद डीसीएम चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद के भगवती गंज डेरवा गांव निवासी राहुल विश्वकर्मा पुत्र अज्ञात बीते बुधवार की देर रात अपनी बाइक से रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग टोल प्लाजा की तरफ जा रहे थे उसी बीच प्रतापगढ़ की तरफ से रायबरेली की तरफ जा रही डीसीएम गाड़ी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी पर आसपास के लोग उसे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सलोन ले गए वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तथा डीसीएम गाड़ी को अपने कब्जे में लिया है।

सर्पदंश से महिला की मौत

सलोन, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के रग्घूपुर गांव निवासिनी एक लगभग 58 वर्षीय महिला को खेत में हरा चारा काटते समय जहरीले सर्प के काटने से उसकी इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। कोतवाली पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के रघुपुर गांव निवासिनी 58 वर्षीय श्रीमती पत्नी मैकुलाल गुरुवार की सुबह जानवरों के लिए अपने खेत में हरा चारा काटने के लिए गई थी। चारा काटते समय खेत में उसको कोई जहरीले सर्प ने डस लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी उसके परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी सलोन ले गए वहां प्रथम उपचार करके डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जिला अस्पताल पहुंचते ही उसकी वहां मौत हो गई।

किराना दुकान में चोरी

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। सेमरी पुलिस चैकी क्षेत्र के टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे इटकोहिया गांव में चोरों ने किराने की दुकान का ताला तोड़कर करीब चार हजार रुपये नकद और सामान पार कर दिया। ग्राम पंचायत बौराजगदीशपुर निवासी राम लौट पाल मंगलवार रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह पहुंचे तो शटर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा था। नकदी व किराने का कुछ सामान गायब था। दुकानदार ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और आसपास के लोगों से पूछताछ की। कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच कर साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। घटना से दुकानदारों में चिंता है।

अत्याधुनिक जिम का उद्घाटन

सुलतानपुर। पुलिसकर्मियों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक सुदृढ़ता और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए सुलतानपुर पुलिस की ओर से रिजर्व पुलिस लाइन्स में अत्याधुनिक एवं वातानुकूलित जिम स्थापित किया गया है। गुरुवार को एसपी विनीत जायसवाल एवं वामा सारथी पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा डॉ. तन्वी जायसवाल ने फीता काटकर संयुक्त रूप से जिम का उद्घाटन किया। इस दौरान अधिकारियों ने जिम में आधुनिक उपकरणों का अवलोकन किया।

एसपी कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं का घेराव



रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के आसपास शुरू हुआ समाजवादी छात्रसभा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं का विवाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पहुंच गया। गुरुवार को विवाद के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं, नेताओं और पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक, धक्का-मुक्की और हंगामे की स्थिति बन गई। पुलिस कार्रवाई के दौरान सपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। बताया जाता है कि मामला फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के आसपास पीडीए जागरूकता एवं सदस्यता अभियान के बैनर को लेकर शुरू हुआ था। समाजवादी छात्रसभा और एबीवीपी से जुड़े कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर अलग-अलग आरोप लगाए गए। घटना के बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओं के धरने पर बैठने की भी जानकारी सामने आई।

विवाद बढ़ने के बाद सपा कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गए और अपनी शिकायत तथा कार्रवाई को लेकर विरोध जताने लगे। वही एसपी कार्यालय में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प व मारपीट की घटना सामने आई है।प्रदर्शन के दौरान पुलिस और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। आरोप है कि पुलिस ने सपा कार्यकर्ताओं, नेताओं और पदाधिकारियों को कार्यालय परिसर से बाहर निकालने के दौरान मारपीट की। सपा कार्यकर्ताओं की ओर से आरोप लगाया गया कि पुलिसकर्मियों ने थप्पड़, लात-घूंसों से मारपीट की और लाठीचार्ज करते हुए उन्हें कार्यालय से बाहर खदेड़ा। विधायक, जिला अध्यक्ष और अन्य पार्टी नेताओं समेत कार्यकर्ताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटे जाने का आरोप भी लगाया गया है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। मारपीट के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं इनमें पुलिस कार्रवाई के दृश्य होने का दावा किया जा रहा है। वीडियो में दिखाई देने वाली घटनाओं, उनकी तारीख और पूरे संदर्भ की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। घटना के बाद रायबरेली में राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत स्थान दिलायेंगे धार्मिक स्थल

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या जनपद के अलावा आस पास के पावन धार्मिक स्थलों का व्यापक सौंदर्यीकरण और विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मखौड़ा, भरत कुंड, श्रवण क्षेत्र, श्रृंगी ऋषि आश्रम और दशरथ समाधि स्थल सहित पांच महत्वपूर्ण धार्मिक स्थानों का कायाकल्प किया जा रहा है। करीब एक करोड़ रुपये की लागत से इन परिसरों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सकेगा। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के तत्वावधान में चलाए जा रहे इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य इन पौराणिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से आकर्षक बनाना है। पर्यटन विभाग द्वारा वित्त पोषित इस योजना के अंतर्गत यात्री हॉल, शौचालय, पूर्व निर्मित घाट की मरम्मत, इंटरलॉकिंग, पेयजल व्यवस्था, स्टोन बेंच, दिशासूचक और प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्य प्रस्तावित हैं। लगभग 45 प्रतिशत कार्य सम्पन्न हो चुका है। वर्तमान में घाट की सीढ़ियों पर पत्थर लगाने का काम प्रगति पर है तथा यात्री हॉल की छत तक ढलाई का कार्य पूरा हो चुका है। आगे के निर्माण कार्य भी जारी हैं। परियोजना जून 2025 में शुरू हुई और दिसंबर 2026 तक पूर्ण होने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यकारी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड है, जिसे इन विकास कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि इन स्थलों का सौंदर्यीकरण न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा बल्कि अयोध्या को वैश्विक धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत स्थान दिलाएगा। श्रवण क्षेत्र और श्रृंगी ऋषि आश्रम में यात्री शेड से लेकर पेयजल तक की सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। दशरथ समाधि स्थल पर घाट मरम्मत के साथ इंटरलॉकिंग का कार्य प्रस्तावित है, जिससे पर्यटक अनुभव में सुधार होगा। धार्मिक स्थलों पर दिशासूचक, स्टोन बेंच और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था लगाई जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिले और रात्रि में भी स्थल सुरक्षित तथा आकर्षक बने रहें। घाट की मरम्मत और इंटरलॉकिंग से न केवल सौंदर्य बढ़ेगा बल्कि बाढ़ या वर्षा के दौरान भी स्थल सुरक्षित रहेंगे। स्टोन बेंच और दिशासूचक लगने से वृद्ध और बच्चों सहित सभी श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। प्रकाश व्यवस्था रात्रि दर्शन को भी आसान बनाएगी। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है।

पुलिस लाइन में विधि-विधान से हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा



सुलतानपुर (वीओएल)। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार एवं परिवहन शाखा में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना हर्षोल्लास और विधि-विधानपूर्वक की गई। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने शस्त्रागार में भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन-अर्चन किया। पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शस्त्रागार में रखे शासकीय शस्त्रों तथा परिवहन शाखा में उपलब्ध सरकारी वाहनों और उपकरणों का विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान शासकीय संसाधनों की सुरक्षा एवं उनके सुचारू संचालन के साथ जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की कामना की गई। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वृजनारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स रामकृष्ण चतुर्वेदी, प्रभारी आरआई, परिवहन शाखा के प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी समेत अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा के माध्यम से कार्यस्थल पर उपयोग होने वाले उपकरणों और संसाधनों के प्रति सम्मान की भावना को भी बढ़ावा मिलता है।

एनएसपीएस त्रिपुला में श्रद्धा-भाव से मनायी गयी भगवान विश्वकर्मा की जयंती

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में गुरुवार को देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्यों, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विश्वकर्मा समाज के विभिन्न गणमान्य व्यक्ति एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान की निरंतर प्रगति और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। डॉ. शर्मा ने सभी को भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी को देवताओं का शिल्पकार माना जाता है और जिस प्रकार भगवान विश्वकर्मा जी ने सृजन एवं निर्माण का कार्य किया, उसी प्रकार शिक्षक भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस हेतु उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, राजीव सिंह, शर्मिला दास गुप्ता, शिवांग अवस्थी, आई वी सिंह, राम सजीवन विश्वकर्मा, फकीरे दास विश्वकर्मा, डॉ. राम प्रसाद विश्वकर्मा, सत्य प्रकाश विश्वकर्मा, भानु प्रकाश विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, आर सी विश्वकर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपाचे की टक्कर से बाइक सवार दामाद-ससुर घायल

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। द्वारिकागंज चैकी क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज मार्ग पर बाबूगंज नहर के पास गुरुवार को पीछे से अपाचे बाइक की टक्कर लगने से स्प्लेंडर सवार दामाद-ससुर घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों को एंबुलेंस से कूरेभार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। कूरेभार थाना क्षेत्र के बर्जी निवासी ओंकार नाथ मिश्रा अपने दामाद राम जगत तिवारी के साथ स्प्लेंडर बाइक से कही जा रहे थे। बाबूगंज नहर के पास पीछे से आ रही अपाचे बाइक के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों घायलों को उपचार के लिए कूरेभार सीएचसी भेजा गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर द्वारिकागंज चैकी से कांस्टेबल ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

ऐहार में गूंजे गणपति बप्पा मोरया के जयकारे हर्षोल्लास से शुरू हुआ श्री गणेश पूजा महोत्सव

लालगंज, रायबरेली। तहसील लालगंज के ग्राम ऐहार में श्री सिद्धिविनायक सेवा समिति के तत्वावधान में श्री गणेश पूजा महोत्सव का भव्य समारोह चल रहा है। पूरा पंडाल श्गणपति बप्पा मोरयाश् के जयकारों से गूंज रहा है।तन्वी तिवारी और मानवी तिवारी ने भी पूजा पंडाल में पहुंचकर भगवान गणेश की आराधना की।कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए वरिष्ठ समाजसेवी विकास तिवारी ने कहा कि यह आयोजन केवल मूर्ति स्थापना नहीं है, बल्कि यह श्रद्धा को जीवन में उतारने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि मूर्ति श्रद्धा का प्रतीक है और आराधना उसे जीवन में उतारने का मार्ग है। गणेश भगवान के पूजन का कार्यक्रम वरिष्ठ शिक्षक श्रेयांश मिश्र के नेतृत्व और आचार्य संतोष शुक्ल के निर्देशन में विधि-विधान से संपन्न हो रहा है।इस आयोजन को सफल बनाने में सिद्धिविनायक सेवा समिति के कपिल देव तिवारी, अमृत बाजपेई, प्रियांक शुक्ला, अभय तिवारी, आर्यन शुक्ला, आकाश शुक्ला, श्रेयांश शुक्ला, अतुल तिवारी, दीपू तिवारी, शिवम बाजपेई और गोलू तिवारी का विशेष सहयोग रहा।



सपा की सदस्यता ग्रहण कर लौटे सूर्यकांत पांडे का हुआ स्वागत

अयोध्या। सपा महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समछ दादा सूर्यकांत पांडे ने अपने बहुत से साथियों के साथ सपा की सदस्यता ग्रहण करने पर एवं मो.सोहेल को लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हामीद जाफर मीसम के नेतृत्व में महानगर पार्टी कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारी फ्रंटल संगठन के नेताओं पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ माला पहनाकर व एक दूसरे का मुंह मीठा कर जोरदार स्वागत किया पार्टी प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया पार्टी कार्यालय पर विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर विश्वकर्मा जी के चित्रपट पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा दादा सूर्यकांत पांडे एवं उनके साथियों को पार्टी में शामिल होने से पार्टी और मजबूत हुई है एवं आने वाले 2027 के चुनाव में जिले की पांचो सीट जीतकर प्रदेश में अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बना कर प्रदेश को खुशहाली एवं तरक्की के रास्ते पर ले जाने का काम करेंगे नी0 महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा दादा सूर्यकांत पांडे एवं उनके साथियों को पार्टी मे सदस्यता ग्रहण करने पर अपनी शुभकामना देते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लग जाने के लिए कहा महासचिव हामिद जाफर मीसम ने मो. सुहैल को लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा मोहम्मद सोहेल को पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है उसको वह बेखुदी निभाते हुए लोगों के बीच में पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगे इस मौके पर नी0 महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव,महासचिव हामिद जाफर मीसम उपाध्याय चैधरी श्रीचंद यादव प्रदेश सचिव रामअचल यादव बलराम मौर्य,प्रवक्ता राकेश यादव राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता सभा शावेज जाफरी, वरिष्ठ नेता छेदी सिंह, लड्डू लाल अधिवक्ता सभा महानगर, अध्यक्ष लाल बहादुर शुक्ला,जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम, चैधरी बलराम यादव दान बहादुर सिंह, महिला अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल, रामबख्श यादव, जसवीर सिंह, पार्षद राम भवन कृष्ण गोपाल यादव सुरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

शिव महापुराण कथा का विधिवत समापन

रायबरेली। लाखों के जन समुदाय के साथ पंडाल में बैठकर म मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत उनके मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सदस्यों ने न केवल शिव महापुराण की कथा सुनी बल्कि ऊंचाहार की धरती से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एकता का आह्वान करते हुए सनातन का झंडा बुलंद किया। वही उत्तर प्रदेश के साथ-साथ कई अन्य राज्यों के गवर्नर व उपमुख्यमंत्रियों ने भी कथा स्थल पर आकर सनातन की मजबूती में एक और कड़ी जोड़ दी, वहीं भाजपा के अलावा जनतान्त्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ.राजा भइया ने भी कार्यक्रम के आयोजक डा० मनोज कुमार पाण्डेय की सराहना करते हुए देश मजबूत करने के लिए सनातन को मजबूत करने का आवाहन किया। कथा का सबसे दिलचस्प पहलू यह रहा कि पहले दिन से ही शुरू हुई शिव भक्तों की लाखों की भीड़ फिर थमी नहीं दिन पर दिन बढ़ती ही गई और छठवें दिन कथा स्थल का यह नजारा रहा कि सुबह के नौ बजते बजते लाखों की क्षमता वाले पंडाल भर गए। यह नजारा देख कार्यक्रम के मुख्य यजमान डॉ० मनोज कुमार पांडे कुछ पल के लिए चिंता में डूबे कि हमारे शिव भक्त धूप और गर्मी मे बाहर कैसे बैठेंगे। लेकिन 1 घंटे का समय भी नहीं बिता की कथा शुरू होने से पहले ही धूप और गर्मी की तपिश छूमंतर हो गी। जमुनापुर के पास हवा के झोंके के साथ न केवल बूंदाबांदी हुई बल्कि जोरदार बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया और वहां से कथा स्थल की ओर ठंडी ठंडी हवा बहने लगी। यही नहीं कथा के तीसरे दिन जैसे ही शिव पुराण कथा मे पूज्य पंडित प्रदीप जी मिश्रा ने देवताओं का आवाहन किया उसी समय इंद्रदेव की कृपा हुई और आसमान के जल से आचमन हुआ। लगभग 3 मिनट के लिए जोरदार बारिश हुई। कहते हैं, धार्मिक अनुष्ठान कोई भी हो जब उसी समय बारिश हो तो वह कार्यक्रम सफल और बहुत शुभ माना जाता है। हम आपको यह भी बताते चले कि कथा शुरू होने के मात्र 24 घंटे का समय शेष रह गया था चारों ओर बारिश हो रही थी, जगह-जगह जल भराव था, कथा स्थल व आसपास के इलाकों में पैर रखने पर पैर कीचड़ से सन जाते थे लेकिन आदिशक्ति ने मुख्य यजमान के चिंता की लकीरों को दूर कर मौसम का मिजाज ही बदल दिया और बिना रुकावट के आयोजन सफल होने के साथ संपन्न हो गया।

सेवा, स्वच्छता व संवेदना के रंग में रंगी अयोध्या पीएम के जन्मदिन पर हुए विविध आयोजन



अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिले व महानगर क्षेत्र में स्वच्छता, पौधरोपण, रक्तदान और फल वितरण सहित विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व वाले स्थलों के साथ अस्पतालों में सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल की अगुवाई में पाटेश्वरी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ पौधरोपण किया गया। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने लता चैक, पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने देवकाली मंदिर, जिला पंचायत प्रशासक रोली सिंह ने दशरथ समाधि तथा पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने सूर्यकुंड में स्वच्छता अभियान चलाया और पौधरोपण किया। जिले के अन्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों पर भी भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अभियान चलाया। जिला चिकित्सालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला एवं महानगर इकाई की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में 80 युवाओं ने रक्तदान किया, जबकि 150 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा और जनकल्याण के कार्यों से जोड़कर मनाया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा गतिविधियों को पहुंचाया जा रहा है। विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक सहयोग और सेवा की भावना को पहुंचाना है। उन्होंने रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए युवाओं से ऐसे अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

सेवा परमो धर्मः की पेश की मिसाल, सदर विधायक ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल



जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। ₹सेवा परमो धर्मः₹ के संकल्प को चरितार्थ करते हुए सदर विधायक अदिति सिंह ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े के तहत जिला महिला चिकित्सालय, रायबरेली में भर्ती माताओं एवं बहनों से भेंट की। सदर विधायक ने अस्पताल के वार्डों में जाकर भर्ती महिलाओं का कुशलक्षेम जाना, उनके स्वास्थ्य के बारे में चिकित्सकों से जानकारी ली और सभी माताओं-बहनों को फल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने नवजात शिशुओं को भी स्नेह दिया। इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि नए जीवन को जन्म देने वाली माताओं के चेहरों पर मुस्कान और उनका स्नेह ही हमारी असली पूंजी है। मोदी जी के सेवा, समर्पण और जन-कल्याण के संकल्प को धरातल पर उतारना ही उनके प्रति हमारा सच्चा सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र सेवा और गरीब कल्याण के लिए समर्पित कर दिया है। उनके जन्मदिवस को हम सभी भाजपा कार्यकर्ता सेवा दिवस के रूप में मना रहे हैं। अस्पताल में सेवा कार्य उसी का हिस्सा है। इस दौरान अस्पताल प्रशासन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वच्छता हमारे दैनिक आचरण व जीवनशैली का अभिन्न अंग : डॉ बिजेंद्र सिंह

अयोध्या। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में श्सेवा संकल्प अभियानश के तहत बृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में यह अभियान आईटी परिसर तथा लव-कुश छात्रावास परिसर में व्यापक स्तर पर चलाया गया। अभियान के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान कर परिसर की सफाई की। संबोधन के दौरान कुलपति ने स्वच्छता को जीवन मूल्यों से जोड़ते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 76वें जन्मदिन के पावन अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने श्सेवा संकल्प अभियानश के माध्यम से स्वच्छता और सेवा का एक नया अध्याय शुरू किया है। स्वच्छता हमारे दैनिक आचरण और जीवनशैली का अभिन्न अंग होनी चाहिए। एक स्वच्छ और स्वस्थ परिवेश ही छात्रों में सकारात्मक ऊर्जा, रचनात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण की भावना का संचार करता है। आईटी परिसर और लव-कुश छात्रावास के आसपास शिक्षकों, अधिकारियों एवं विशेष रूप से युवा विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि हमारा विश्वविद्यालय परिवार समाज को सही दिशा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम सभी का यह नैतिक दायित्व है कि हम इस अभियान को परिसर की सीमाओं से आगे बढ़ाकर जन-जन की आदत बनाएं। जब हमारे युवा श्रमदान और सेवा के महत्व को समझेंगे, तभी एक श्स्वच्छ भारत, सशक्त भारतश का सपना वास्तविक रूप से साकार होगा। सामूहिक श्रमदान के तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर आईटी संकाय भवनों के आसपास, छात्रावास मार्गों और खेल परिसरों में सफाई अभियान के साथ कुलपति द्वारा मियांबाकी गार्डन में वृक्षारोपण भी किया गया।

बरउवा में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

रायबरेली। ग्राम बरउवा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा एवं कलश पूजन के साथ हुआ। धार्मिक आयोजन को लेकर सुबह से ही गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कथा आयोजन का शुभारंभ किया।कलश यात्रा बरउवा स्थित आस्तिक बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर डलमऊ के पावन गंगा तट पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने गंगा पूजन के बाद कलशों में गंगाजल भरा। इसके पश्चात श्रद्धालु गंगाजल से भरे कलश लेकर भक्ति भाव के साथ बरउवा स्थित आस्तिक बाबा मंदिर पहुंचे। मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच कलश स्थापना के साथ श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ।कथा व्यास श्री अभिषेकाचार्य जी महाराज के श्रीमुख से श्रद्धालुओं को सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा के माध्यम से भगवान की विभिन्न लीलाओं, भक्ति, धर्म, सत्य, सदाचार तथा जीवन मूल्यों से जुड़े प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए आयोजकों एवं ग्रामीणों द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजकों का कहना है कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और सदाचार के संदेश को समाज तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। कथा श्रवण से मनुष्य को जीवन में धर्म, सत्य, प्रेम, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।कलश यात्रा एवं कथा शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम में भगवती सिंह, बालकृष्ण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। मुख्य आयोजक विनोद सिंह एवं श्रीमती अनीता सिंह ने क्षेत्रवासियों से सपरिवार कथा स्थल पर पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने की अपील की।

हेल्थ यूनिट लैब का विधायक ने किया लोकार्पण

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार को जयसिंहपुर सीएचसी परिसर में 62.87 लाख रुपये की लागत से निर्मित ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब का लोकार्पण सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने किया। लैब का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड, खंड अयोध्या ने कराया है। ट्रिपल पीपीपी मॉडल से संचालित लैब में ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर आवश्यक पैथोलॉजी जांच की सुविधा मिलेगी। इससे समय और जांच के लिए आने-जाने का खर्च बचेगा। कार्यक्रम में गोमती हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर लगा, जिसमें सीएचसी अधीक्षक डॉ. एसके पटेल समेत छह लोगों ने रक्तदान कर छह यूनिट रक्त एकत्र कराया। विधायक ने भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और प्रधानमंत्री के दीघार्यु की कामना की। उन्होंने ब्लॉक परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ला, बीडीओ श्याम नारायण चतुर्वेदी, आरए वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



कूरेभार प्रतिनिधि के अनुसार सेवा से समृद्धि की ओर सेवा संकल्प अभियानह्व के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत भवन आशीर्वाद में जनचैपाल आयोजित हुई। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ह्यराज बाबूह्व ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा संकल्प के रूप में मनाया जा रहा है। अभियान के तहत अधिकारी गांव-गांव जाकर समस्याएं जानेंगे। पांच से 12 अक्टूबर तक कूरेभार

संक्षेप

25 हजार का इनामी दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

देवरिया । कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को धनौती तिराहे से गिरफ्तार कर लिया ।गोबराई निवासी दिव्यांश यादव पर 25 हजार का इनाम घोषित था । इसपर विभिन थानों में मारपीट ,चोरी धमकी तथा अन्य मामले दर्ज है । बताया गया है पीड़ित अपने तहरीर बताया है कि 11 अप्रेल को अपने देवर के साथ चारपहिया से जा रही थी तो आरोपी बड़हरा के पास वाहन पर सवार लोंगो ने उसे रोक कर पहले छेड़खानी और बाद में दुष्कर्म किया। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था ।

विधायक ने सीएचसी का किया निरीक्षण

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान विधानसभा के वर्तमान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने गुरुवार 17 सितंबर को सीएचसी मड़िहान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना और उपचार के संबंध में जानकारी ली। विधायक ने अस्पताल परिसर में स्वयं झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की तथा स्वच्छ भारत मिशन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया।

पीएम के जन्मदिन पर लगी विकास प्रदर्शनी

सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर को विकास भवन परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं, विकास कार्यों तथा उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद एवं मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में अनेक विकासपरक व जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

पीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन 20 से 27 तक

सोनभद्र। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं में उपलब्ध अवशेष लक्ष्य के सापेक्ष जनसामान्य को योजना का लाभ प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसके लिए विभागीय पोर्टल ीजजचरू//पींपेमतपमे.नच.हवअ.पद को पुनः 20 से 27 सितंबर,2026 तक खोला जा रहा है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 सितंबर 2026 निर्धारित है। योजना के अंतर्गत जलाशय में 65,000 मत्स्य अंगुलिका संचय कार्यक्रम (सामान्य, महिला एवं अनुसूचित जाति), जनपद गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, संत कबीर नगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, बहराइच, बांदा, महोबा एवं फतेहपुर के लिए ठंबालंतक तौ की 241 यूनिट (महिला वर्ग) तथा प्रदेश के समस्त जनपदों के लिए पारंपरिक मछुआरों के परिवारों हेतु आजीविका एवं पोषण संबंधी सहायता परियोजनाओं के अंतर्गत 500 यूनिट (सामान्य, महिला एवं अनुसूचित जाति) के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

सेवा संकल्प अभियान, बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली



जौराबाजार, कुशीनगर। क्षेत्र के कस्तूरबा विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत एक दिवसीय भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा का अधिकार और स्वास्थ्य चेतना के प्रति आमजन को जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाथों में संदेशपरक तख्तियां और बैनर लेकर रैली निकाली। यह रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर तिवारी टोला, जौरा बाजार के प्रमुख मार्गों, मुख्य चौराहो से होते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में हुई। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने हमारा भारत-स्वच्छ भारत, स्वच्छता अपनाना है। देश को सुंदर बनाना है, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, एक पेड़ मां के नाम और शिक्षा ही विकास का आधार है जैसे गगनभेदी नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय लक्ष्मी पाठक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। विद्यालय का उद्देश्य किताबी ज्ञान देने के साथ बच्चों को जिम्मेदार व संवेदनशील नागरिक बनाना भी है। जब नौनिहाल खुद सड़क पर उतरकर सामाजिक सरोकारों का संदेश देते हैं, तो उसका समाज पर गहरा व सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका विजय लक्ष्मी ने बताया कि स्कूली बच्चों के साथ शाम को दीप जलाकर प्रधान मंत्री का जन्म दिन मनाने का कार्यक्रम है। कार्यक्रम में शिक्षक रवीना सागर, मुरली कुमार सिंह, सुशील कुमार, बाबूलाल यादव तथा रमेश दुबे का विशेष योगदान रहा। सभी ने अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

टीकाकरण से कोई बच्चा न छूटे, ग्राम प्रधान परिवारों को करें जागरूक

देवरिया। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों (प्रशासक) से अपील की है कि ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दौरान पात्र बच्चों, किशोर-किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे और गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच समय से सुनिश्चित हो, इसके लिए ग्राम स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाना आवश्यक है।

डीएम ने बताया कि जनपद के सभी ग्रामों में प्रत्येक माह निर्धारित बुधवार एवं शनिवार को श्लरठऊ सत्र आयोजित किए जाते हैं। इन सत्रों में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा चिन्हित लाभार्थियों को बुलाकर एएनएम के माध्यम से टीकाकरण सहित विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों का नियमित टीकाकरण कर उन्हें पोलियो, हेपेटाइटिस-बी, टिटेनस, निमोनिया, डायरिया, काली खांसी, गलाघोंटू, खसरा, जापानी इंसेफेलाइटिस एवं रूबेला जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि 14 से 15 वर्ष के बीच की किशोरियों को दी जा रही एचपीवी वैक्सीन भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण है। वहीं श्लरठऊ सत्रों में गर्भवती महिलाओं की वजन, रक्तचाप, मूत्र, हीमोग्लोबिन एवं पेट की जांच कर उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की समय से पहचान की जाती है। इससे आवश्यक उपचार एवं परामर्श समय पर उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

डीएम ने कहा कि कुछ परिवारों में टीकाकरण को लेकर भय अथवा भ्रांतियां देखने को मिलती हैं। टीकाकरण के बाद हल्की सूजन, लालिमा, दर्द अथवा हल्का बुखार सामान्य एवं अल्पकालिक प्रभाव हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों का सहयोग स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण है। एक बच्चे को समय पर टीका लगना उसे गंभीर बीमारी से बचाव प्रदान कर सकता है, वहीं गर्भवती महिला की समय पर जांच से संभावित जोखिम की पहचान की जा सकती है। उन्होंने अपेक्षा की कि ग्राम प्रधान अपने-अपने ग्रामों में श्लरठऊ सत्रों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ यह भी सुनिश्चित करने में सहयोग करें कि कोई पात्र बच्चा, किशोर-किशोरी टीकाकरण से वंचित न रहे और कोई गर्भवती महिला आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से छूटने न पाए।

शिक्षण संकुल बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर



कसया, कुशीनगर। तहसील कसया अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंधया में खंड शिक्षा अधिकारी कसया अशोक कुमार यादव के निर्देशन में सितंबर का शिक्षण संकुल बैठक का आयोजन कर शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर दिया गया। गुरुवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। वरिष्ठ एआरपी शैलेश कुमार ने हेलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड, क्रियाशील बाल वाटिका, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य, आईई सी शिक्षण सामाग्री के उपयोग, टीएलएम का कक्षा शिक्षण में प्रभावी प्रयोग, डिजीटल संसाधनों का कुशलतम प्रयोग तथा खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से स्पोर्ट गतिविधियों के क्रियान्वयन के साथ विस्तृत जानकारी के साथ संदर्शिका, प्रिंटरिच सामग्री, किड्स एवं तालिका आदि सामग्री का कक्षा शिक्षण में प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आयोजक प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार त्रिपाठी ने संविलियन विद्यालय बेलवा पलकधारी सिंह के अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक रामचंद्र सिंह को अंगवस्त्र व प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया गया। संचालन प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार त्रिपाठी व आभार मनोज कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षक मनोज कुमार सिंह, नागेंद्र तिवारी, राकेश मणि तिवारी, महेश कर्णधार, सत्येंद्र कुमार तिवारी, ध्रुव नारायण सिंह, अशोक कुमार दुबे, वकील सिंह, पुष्कर शर्मा, दिनेश यादव, जवाहर प्रसाद, अजय कुमार, राज किशोर सिंह, अरुण कुमार वर्मा, अमरेंद्र नारायण सिंह, बिंदु सिंह, नसरीन अख्तर ,मिनी जायसवाल, दीप माला सिंह, चंदा कुशवाहा, प्रतिभा सिंह ,गौतमी, सपना शर्मा, बीभा गुप्ता सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

हज यात्रियों को मेडिकल स्क्रीनिंग व फिटनेस प्रमाण पत्र का अपलोड 30 सितंबर तक

देवरिया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया की ओर से सर्कुलर-13, दिनांक 15 सितंबर 2026 जारी किया गया है। इसमें हज-2027 के लिए चयनित हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि चयनित हज यात्रियों को प्रथम चरण में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सरकारी चिकित्सा केंद्र में जांच करानी होगी। जांच के बाद एलोपैथिक पद्धति के चिकित्सक से मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। इसके बाद मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण पत्र, अग्रिम जमा धनराशि की रसीद तथा अन्य आवश्यक हज प्रपत्र हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर 30 सितंबर 2026 तक अपलोड करना अनिवार्य है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की ओर से प्रदेश के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने हज यात्रियों को सलाह दी है कि प्रथम चरण की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण पत्र वेबसाइट पर अपलोड करने के बाद प्रमाण पत्र और जांच रिपोर्ट को सुरक्षित रखें। द्वितीय चरण की मेडिकल जांच के दौरान इन दस्तावेजों को प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 की तैयारी बैठक

देवरिया । अध्यक्ष, मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, श्रीमती अर्चना- ।। की अध्यक्षता में सम्पूर्ण राष्ट्र में चलाये जा रहे ह्यह्यराष्ट्र के लिये मध्यस्थता अभियान-3.0ह्यह्य के अन्तर्गत अधिकाधिक संख्या में उपर्युक्त मामलों को संदर्भित करने हेतु एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उन्होंने उपस्थित समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों एवं सिविल जजों को 30 सितंबर 2026 तक अदालतों में लंबित समझौता योग्य मामलों जैसे वैवाहिक विवाद, धारा 498ए आई0पी0सी0/85 बी0एन0एस0, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, दुर्घटना क्लेम, उपभोक्ता विवाद, कर्ज वसूली, आदेश के पालन, कमर्शियल वाद, संपत्ति बंटवारे, बेदखली, भूमि अधिग्रहण, लेबर एक्ट के मामलों एवं उपर्युक्त मामलों आदि की त्वरित पहचान कर उन्हें मध्यस्थता एवं सुलह केंद्र, देवरिया को अधिक से अधिक संख्या में संदर्भित करने पर जोर दिया गया।

सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद भी रहसू बाजार में नहीं हो रही सफाई



जौराबाजार, कुशीनगर। विकास खंड फाजिलनगर के रहसू बाजार में इस समय नाली की सफाई के लिए दुकानदार काफी परेशान है ।इसके लिए बाजार के दो दुकानदारों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई गई है ।आवेदन करता को यह सूचना प्राप्त हुई है कि आप की शिकायत विकास खंड फाजिलनगर के निस्तारण हेतु सहायक अधिकारी को भेज दिया गया है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि जिस शिकायत अधिकारी को समस्या निस्तारण हेतु भेजा गया है उसी शिकायत अधिकारी के जिम्मे उस ग्राम सभा के प्रधान का प्रभार भी है। रहसूबाजार में गंदगी और नाली जाम होने से लोग परेशान है ।बार बार शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई तो पहले सीएम पोर्टल शिकायत हुई लेकिन समस्या का निदान नहीं हुआ। रहसू बाजार निवासी मोहन गुप्ता और राजेश जयसवाल के मुताबिक सफाई कर्मी नाली के सफाई का कार्य नहीं कर रहे। शिकायत के बाद भी अधिकारी चुप्पी साधे हुए है। आरोप है कि पोर्टल तक की शिकायत का निस्तारण नहीं हो रहा है। इस संबंध में बीड़ीओ रवि कुमार रंजन ने कहा कि नाली की सफाई एक से दो दिन में करवा दी जाएगी।

बच्चों के बीच मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मदिन, वितरित की गयी कापी पेंसिल

मीरजापुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर मीरजापुर जनपद के बड़ी बसही वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति सदस्य ई विवेक बरनवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री का जन्मदिन बच्चों एवं वार्ड वासियों के हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में बच्चों को कापी, पेंसिल एवं मिठाई का ? वितरण किया गया एवं सभी उपस्थित लोगों ने श्मोदी जी को हैप्पी बर्थडे हैप्पी बर्थडे हैप्पी बर्थडे एवं मोदी दिघार्यु होश् का नारा लगाकर मोदी के स्वास्थ्य लाभ की कामना की। ई विवेक बरनवाल ने कहा कि विगत 25 वर्षों से मोदी जी जनता की सेवा कर रहे हैं और बिना भेदभाव के हर जाति एवं धर्म के लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचा रहें। मोदी के 2047 के विकसित भारत की संकल्पना को हम सभी मिलकर पूरा करेंगे एवं भारत के 140 करोड़ देशवासियों का आशीर्वाद प्रधानमंत्री से जुड़ा है।

भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर उनके योगदान को किया गया नमन

देवरिया। सपा जिला कार्यालय, बांस देवरिया स्थित मुलायम सिंह यादव सभागार में भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने की तथा संचालन जिला सचिव पंकज वर्मा ने किया। कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया गया। उपस्थित पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सृष्टि निर्माण, शिल्प, तकनीक एवं निर्माण कला के क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा जी के महान योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा केवल निर्माण और शिल्प के प्रतीक ही नहीं, बल्कि श्रम, कौशल, सृजनशीलता और कर्मठता के प्रेरणास्रोत हैं। देश और समाज के निर्माण में कारीगरों, शिल्पकारों, तकनीकी कर्मियों एवं श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके सम्मान, अधिकार और सामाजिक-आर्थिक उन्नति के लिए सपा सदैव आवाज उठाती रही है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी के आदर्श हमें मेहनत, हुनर और रचनात्मकता के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए श्रम और हुनर का सम्मान करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी की परंपरा मेहनत, कौशल, रचनात्मकता और निर्माण की प्रेरणा देती है। समाज के विकास में कारीगरों, शिल्पकारों एवं श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है, जिसका सम्मान और संरक्षण आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद कनकलता सिंह, हृदयनारायण जयसवाल, वंदना पासवान, रामप्रीत यादव, मोहन गुप्ता, परमहंस यादव, गिरीश जायसवाल, इंद्रेश सिंह रामू, पिंटू पासवान, अतुल त्रिगुनायत, दिव्या यादव, अर्जुन यादव, रमेश यादव, रामबचन यादव, प्रभा भारती, तेजा गाँधी, राजेन्द्र यादव, राधेश्याम यादव, रामनारायण, राजनाथ, दिव्यांश श्रीवास्तव, रणवीर यादव, गुड्डू यादव, गजेन्द्र प्रसाद, पवन कुशवाहा, सुरेश यादव सहित सपा के जिला पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता व पार्टी के साथी उपस्थित रहे।

डीएम ने सड़क निर्माण परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण



देवरिया। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने आज पूर्वाह्न लगभग 8 बजे जनपद के दो प्रमुख सड़क मार्ग निर्माण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हाटा-देवरिया मार्ग के निर्माण कार्य में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों व अभियंताओं को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कार्य को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने के लिए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कार्य की प्रगति अभी मात्र 55 प्रतिशत ही हुई है। परियोजना में पेड़ की मार्किंग न किए जाने, पोल शिफ्टिंग की कार्रवाई में बिलम्ब पाए जाने तथा अन्य कमियां पाए जाने पर भीडीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उक्त सड़क निर्माण कार्य 74 करोड़ 47 लाख की लागत से कराया जाना है। यह परियोजना मार्च 2026 में आरम्भ की गई है तथा इसकी पूर्णतया तिथि मई 2027 है। डीएम ने देवरिया-कसया बाईपास मार्ग वाया पीपरपाती, पिंडरा, रावतपुर, बैकुंठपुर, मधवापुर मार्ग के सुदृढ़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य संतोषजनक पाया गया तथा परियोजना का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका था। दोनों परियोजनाओं के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर खुदाई कराकर तथा सड़क की चौड़ाई की माप कराकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं वास्तविक स्थिति की जांच की। हाटा-देवरिया मार्ग के निर्माण कार्य में प्रगति एवं गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की।उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं अभियंताओं को दोनों परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार जाटव, डीएसटीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएसटीओ आनंद चौरसिया सहित अवर अभियंता एवं सहायक अभियंता आदि उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर का कृषि मंत्री ने किया शुभारंभ



देवरिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। रक्त की आवश्यकता किसी भी मरीज को कभी भी पड़ सकती है और ऐसे समय में रक्तदाता का योगदान किसी जरूरतमंद के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा और जनकल्याण की भावना के साथ आयोजित रक्तदान शिविर लोगों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य सेवा की भावना को जनभागीदारी से जोड़ना है। स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण से जुड़े सेवा कार्यों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना मजबूत होती है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी हैं।

सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर रक्तदान जैसे सेवा कार्यों का आयोजन समाज में सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए पात्र लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके सिन्हा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मिश्र, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी सहित पंडित गिरीश चंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

आज होगा राज्य स्तरीय भूकंप, रासायनिक और अग्नि सुरक्षा मॉक एक्सरसाइज

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कुशीनगर द्वारा 18 सितंबर को जनपद में राज्य स्तरीय भूकंप, रासायनिक एवं अग्नि सुरक्षा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य विभिन्न प्रकार की आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों, विभागीय समन्वय तथा त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को परखना और उसे और अधिक प्रभावी बनाना है। इस संबंध में कार्यालय डीएम/जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कुशीनगर द्वारा पत्र दिनांक 16 सितंबर के माध्यम से संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य स्तरीय यह अभ्यास प्रदेश के 34 जनपदों की 157 तहसीलों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। जनपद कुशीनगर की चार तहसीलों—पडरौना, कसया, हाटा एवं कप्तानगंज—में अलग-अलग आपदा परिदृश्यों के आधार पर मॉक अभ्यास कराया जाएगा। पडरौना तहसील में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में भूकंप से स्कूल सुरक्षा, हाटा तहसील परिसर में कार्यालय अग्नि सुरक्षा, कसया के सीएचसी सपहां में फील्ड हॉस्पिटल की स्थापना तथा रामकोला स्थित त्रिवेणी शुगर कंपनी लिमिटेड में इंडस्ट्रियल केमिकल हेजाड्र्स के अंतर्गत ऑफ-साइट/ऑन-साइट रिस्पॉन्स का मॉडल अभ्यास किया जाएगा। मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों के क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पडरौना स्थित मॉक ड्रिल स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार पडरौना, खंड शिक्षा अधिकारी पडरौना, जिला आपदा विशेषज्ञ, कुशीनगर तथा एसडीआरएफ टीम प्रभारी द्वारा स्थल का जायजा लेते हुए मॉक ड्रिल के लिए की जा रही तैयारियों, चिन्हित स्थानों तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

प्लाई हटते ही निकली 45 लाख की चंडीगढ़ की 215 पेटी शराब

देवरिया। बिहार में शराबबंदी का फायदा उठाकर ऊंचे दामों पर शराब खपाने के लिए ले जाई जा रही चंडीगढ़ निर्मित 215 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब को देवरिया पुलिस ने पकड़ लिया। कोतवाली पुलिस ने मेहड़ा पुरवा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास बैरियर लगाकर चेकिंग के दौरान एक छह चक्का ट्रक को पकड़ा। तलाशी में ट्रक की प्लाई के नीचे बेहद शातिर तरीके से छिपाई गई 1910.88 लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से राजस्थान निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, ट्रक चंडीगढ़ से शराब लादकर बिहार की ओर जा रहा था। तस्करों ने पुलिस की नजर से बचाने के लिए ट्रक के डाले के ऊपर लोहे की अलग बॉडी तैयार कर उसे ऊंचा किया था। उसके ऊपर प्लाई का तख्ता लगाया गया था, जबकि आगे की तरफ लोहे की चादर से पार्टीशन बनाया गया था। बाहर से देखने पर ट्रक खाली दिखाई देता था। चेकिंग के दौरान पुलिस ने गुप्त हिस्से की पड़ताल की तो उसके भीतर मैकडॉवल और इम्पीरियल ब्लू की 750, 375 और 180 एमएल की बोतलें बरामद हुईं। शराब की बोतलों पर चंडीगढ़ में बिक्री के लिए होने का उल्लेख मिला। आरोपी शराब परिवहन से संबंधित कोई वैध कागजात या लाइसेंस नहीं दिखा सका। पुलिस के मुताबिक बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये, जबकि ट्रक की कीमत करीब 20 लाख रुपये है। यानी वाहन समेत बरामदगी की कुल अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दल्लाराम पुत्र नैना राम, निवासी बायतू भीमजी, थाना बायतू, जिला बाड़मेर, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि शराब को बिहार में ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध लाभ कमाने की नीयत से ले जाया जा रहा था।

ड्रैगन फ्रूट की खेती से अनिल ने लिखी सफलता की नयी कहानी

कुशीनगर। जनपद के विकास खंड विशुनपुरा अंतर्गत ग्राम पड़री पिपरपाती निवासी कृषक अनिल द्विवेदी ने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ लेते हुए ड्रैगन फ्रूट की खेती को अपनाया और अपनी कृषि आय में उल्लेखनीय वृद्धि की। कभी धान एवं गेहूं जैसी परंपरागत फसलों की खेती करने वाले श्री द्विवेदी को इन फसलों से अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा था। खेती की लागत और मेहनत के अनुपात में आय कम होने के कारण उन्होंने कुछ नया करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में उद्यान विभाग की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए उनका पंजीकरण कराया गया। उद्यान विभाग के कर्मचारियों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से उन्होंने 0.50 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रैगन फ्रूट के पौधों का रोपण कराया। इससे उन्हें परंपरागत खेती के स्थान पर अधिक लाभ देने वाली बागवानी फसल की ओर बढ़ने का अवसर मिला।

ड्रैगन फ्रूट की सफल खेती के लिए नियमित एवं नियंत्रित सिंचाई की आवश्यकता होती है। कृषक को 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' माइक्रो इरिगेशन योजना के माध्यम से ड्रिप सिंचाई की सुविधा प्राप्त हुई। ड्रिप



सिंचाई की व्यवस्था से पौधों तक आवश्यकतानुसार पानी पहुंचाना आसान हुआ और खेती के प्रबंधन में सुविधा मिली। उद्यान विभाग द्वारा समय-समय पर दिए गए मार्गदर्शन से कृषक ने ड्रैगन फ्रूट के पौधों की देखभाल एवं उत्पादन संबंधी गतिविधियों को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया।

अनिल द्विवेदी बताते हैं कि इससे पूर्व उनके द्वारा मुख्य रूप से धान एवं गेहूं जैसी पारंपरिक फसलों की खेती की जाती थी, लेकिन उसमें मेहनत और लागत के अनुपात में उन्हें बहुत कम लाभ प्राप्त होता था। ड्रैगन फ्रूट की खेती अपनाने के बाद उनकी आय में बड़ा बदलाव आया। कृषक के अनुसार ड्रैगन फ्रूट की खेती से कुल 18,75,000 की आय प्राप्त हुई, जबकि कुल 7,94,843 का खर्च आया। इस प्रकार उन्हें 10,80,157 का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। इस बेहतर आमदनी ने न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि कृषि को अधिक लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपनाने का उनका विश्वास भी बढ़ाया।

भागीय योजनाओं का लाभ लेकर किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ

जेब पर भारी महंगाई

अगस्त माह के महंगाई के जो आंकड़े आये हैं उनसे स्पष्ट है कि अब युद्धों और तनावों का असर आम ग्राहकों पर पड़ने लगा है। अगस्त माह में सीपीआई महंगाई का आंकड़ा पांच फीसद से बस कुछ ही नीचे है जबकि डब्ल्यूपीआई अर्थात थोक मुद्रास्फीति 9.9 फीसद के शिखर पर पहुंच गयी है। जब थोक महंगाई खुदरा कीमतों में परिवर्तित होगी तो आगामी महीनों में खुदरा महंगाई भी पांच फीसद से ऊपर पहुंच जायेगी। भारत में त्यौहारों का सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे में शिखर पर पहुंच चुकी यह महंगाई आम ग्राहकों को बहुत परेशान करेगी। अगस्त 2026, में खुदरा मुद्रास्फीति 4.82 फीसदी रही, जबकि थोक मूल्य सूचकांक 9.9 फीसदी दर्ज किया गया। महंगाई की यह स्थिति आठ माह में सर्वोच्च स्तर पर रही। भारतीय रिजर्व बैंक की तय सीमा से भी अधिक मुद्रास्फीति है। त्योहारों के मौसम में महंगाई और भी बढ़ सकती है। आम आदमी दर और प्रतिशत के इस अर्थशास्त्र को नहीं समझता। उसके लिए आटा, गेहूं, चावल, चीनी, दालें, खाद्य तेल, हरी सब्जियां, प्याज, टमाटर, अदरक, लहसुन और दूध आदि की कीमतें बढ़ती हैं, तो वह महंगाई की स्थिति है। उसकी जेब सीमित है, लिहाजा घर का बजट भी तय है। जब ये हदें टूटने लगती हैं, तो आम आदमी महंगाई से कराहने लगता है। एक वह महंगाई भी है, जो युद्ध हमें देते हैं और हम मजबूर हैं। बीते छह माह से अधिक समय से ईरान का होर्मुज जलडमरूमध्य या तो बाधित है अथवा बंद है या मिसाइल, ड्रोन के हमले जारी हैं। भारत का 50 फीसदी से अधिक कच्चा तेल, एलपीजी, खाद आदि इसी समुद्री मार्ग से आते रहे हैं।



जिस तरह खुदरा और थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े आये हैं उससे स्पष्ट है कि महंगाई अब तेजी से बढ़ रही है और त्योहारी सीजन में यह परेशान करेगी।

दुनिया में करीब 20 फीसदी तेल-गैस की आपूर्ति इसी मार्ग के जरिए की जाती रही है। अब लाल सागर और बाब-अल-मंदेब पर हूती लड़ाकों ने कब्जा कर लिया है। हालांकि उन्होंने ऐलान किया है कि वे सऊदी अरब के जहाजों को निशाना बनाएंगे। यहां से गुजरने नहीं देंगे। भारत समेत शेष विश्व के जहाज, तेल-टैंकर आदि की आवाजाही निर्बाध रहेगी। दुनिया की करीब 12 फीसदी आपूर्ति इस जल-मार्ग के जरिए होती रही है। सऊदी अरब जिस 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन' के जरिए यूरोप और एशिया में कच्चे तेल का निर्यात कर रहा था, इस पर हूती लड़ाकों ने मिसाइल हमले कर उसका एक हिस्सा तबाह कर दिया है। सोमवार, 14 सितंबर, की रात तक पाइपलाइन धू-धू कर जल रही थी, लिहाजा उसे बंद करना पड़ा है। इस पेट्रोलाइन से 40-50 लाख बैरल कच्चा तेल रोजाना सप्लाई किया जाता था। जाहिर है कि भारत सहित कई एशियाई और यूरोपीय देशों की तेल आपूर्ति प्रभावित हुई है। कच्चे तेल का एक और निश्चित रास्ता ठप हो गया है। चूंकि महत्वपूर्ण जल-मार्गों से आपूर्ति बाधित या ठप है, नतीजतन कच्चे तेल की कीमत भी 108 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई है। बीती 11 सितंबर को भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत 119 डॉलर से अधिक थी। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के आकलन हैं कि कच्चा तेल जल्द ही 120 डॉलर प्रति बैरल को छू लेगा। इससे भारत का आयात बिल बढ़ेगा। हम अर्थव्यवस्था पर यह अनावश्यक बोझ समझना चाहिए, नतीजतन रोजमर्रा की हरेक वस्तुएं, सेवाएं, परिवहन आदि सभी महंगे हो जाएंगे। तेल कंपनियों के घाटे का रुदन तो शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि भारत की तेल कंपनियों को पेट्रोल पर 5 रुपये, डीजल पर 23 रुपए प्रति लीटर और एलपीजी के एक सिलेंडर पर 200 रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, ईरान में युद्धविराम खत्म होने के बाद 100 देशों में पेट्रोल-डीजल औसतन 5-7 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। कच्चा तेल 17-20 फीसदी तक और एलपीजी, एलएनजी 20-25 फीसदी तक महंगी हुई हैं। भारत क्या कर सकता है? उसे 88 फीसदी कच्चा तेल आयात करना पड़ता है। अमरीका तो तेल-गैस का निर्यातक देश है, फिर भी वहां पेट्रोल-डीजल के दाम ऐसे स्तर पर पहुंच गए हैं कि जनता सड़कों पर आंदोलित हो गई है। बहरहाल भारत के संदर्भ में यदि तेल-गैस, उर्वरक आदि के संकट बढ़ता है तो हमारी अर्थव्यवस्था के लिए बहुत घातक होगा।

भारत-रूस रक्षा सौदे, उसके प्रस्ताव, हमारी शर्तें



संजय श्रीवास्तव

रक्षा बिक्री और सहयोग के संदर्भ में रूसी प्रस्तावों पर चर्चा वैश्विक है। क्या यह खरीदारी उसे एक बार फिर रूसी रक्षा सामग्री के प्रति अति निर्भरता की ओर धकेल देगी और इस क्षेत्र की आत्मनिर्भरता खतरे में पड़ेगी? क्या रूस का सहयोग सब प्रकार से निरापद और वर्तमान रक्षा परिदृश्य में भारतीय रक्षा को चीन पाकिस्तान के सामने सबल बनाने में सहायक होगा?

रूस ने भारत के आगे सैन्य सहयोग के व्यापक प्रस्ताव और महत्वाकांक्षी बिक्री पैकेज में पांचवीं पीढ़ी के 75 सुखोई-57ई लड़ाकू विमान, सुखोई एमकेआई बेड़े का 'सुपर सुखोई' में अपग्रेड, शेष बचे एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की त्वरित आपूर्ति के अलावा पेंट्सिर-एस1एम शॉर्ट-रेंज मिसाइल सिस्टम, पट्टे पर अकुला-क्लास परमाणु पनडुब्बी और वोरोनिश-एम अर्ली वार्निंग रडार तकनीक की पेशकश शामिल है। निस्संदेह नए प्रस्तावों को लेकर उत्साह स्वाभाविक है, लेकिन जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा और भारी खर्च की हो तो उत्साह से अधिक खरीदे जाने वाले हथियारों की क्षमता, लागत, आपूर्ति में लगने वाले समय, उसकी वर्तमान तकनीक और किसी एक देश पर दीर्घकालीन निर्भरता के बारे में ठहरावभरा आंकलन आवश्यक है। पिछले दिनों रक्षा अधिग्रहण परिषद की ओर से तीनों सेनाओं के लिए करीब 1.10 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, खरीद की यह मंजूरी मात्र सैद्धांतिक प्रशासनिक स्वीकृति थी, इसी तरह रूस द्वारा भारत को फिलहाल प्रस्ताव दिया गया है, भारत खरीदारी करने ही जा रहा है, ऐसा नहीं है। पहले किए गए कुछ सौदे जो पूरे होने को हैं, उनको छोड़कर बाकी रूसी प्रस्तावों को वह समझ-बूझकर ही फाइनल करेगा कि किसे प्राथमिकता में रखा जाए किस पर कड़ी तकनीकी-आर्थिक शर्तों के साथ विचार किया जाए एवं किन से दीर्घकालिक दूरी बनाई जाए।

अपने 260 से ज्यादा सुखोई-30 विमानों को अगर लंबे समय तक कार्यक्षम रखना है, तो उनके 'सुपर सुखोई' के रूप में अपग्रेडेशन पर आगे बढ़ना ही होगा। नए विमान खरीदने के बजाय मौजूद प्लेटफॉर्म को अधिक सक्षम बनाने के तौरपर यह प्रस्ताव व्यावहारिक है। रूस करीब 11 अरब डॉलर के व्यापक उन्नयन प्रस्ताव के साथ सामने है। पांचवें एस-400 की लंबित आपूर्ति के अलावा अतिरिक्त एस-400 खरीद भी व्यावहारिक विकल्प है। भारत पहले से इस प्रणाली का संचालन कर रहा है, इसलिए प्रशिक्षण, रख-रखाव और परिचालन ढांचा मौजूद है। इसी तरह पेंटसिर-एस1एम का प्रस्ताव भी उपयोगी है। मगर इसे एस-400 के विकल्प की बजाए कम दूरी की 'प्वाइंट डिफेंस' लेवल के बतौर



सामरिक

देखना होगा। ड्रोन, क्रूज मिसाइल और कम ऊंचाई वाले लक्ष्यों से एस-400 जैसे महंगे सिस्टम की सुरक्षा के लिए एक ऐसे स्तर या सुरक्षा परत का अपना महत्व है। भारत अतिरिक्त एस-400 लेता है, तो पेंटसिर को पूरक क्षमता के रूप में देखना तार्किक होगा। चीन की बढ़ती क्षमताओं को देखते हुए यह तर्क सम्मत है। सबसे अधिक आकर्षक लगने वाला प्रस्ताव है कथित तौरपर 75 सुखोई-57ई विमानों की खरीद। रूस तैयार विमान बेचने के साथ भारत में उत्पादन और तकनीक हस्तांतरण की पेशकश कर रहा है। यदि सुखोई-57 केवल रूस से हिस्सों में मिला विमान हो और भारत में उसका असेंबली, उत्पादन हो तो आत्मनिर्भरता का लाभ सीमित होगा। पर अगर एचएएल, डीआरडीओ, बीईएल और निजी भारतीय कंपनियां एवियोनिक्स, इलेक्ट्रोनिक वारफेयर, संचार, वेपन इंटीग्रेशन और मेंटीनेंस रिपेयरिंग और ओवरहॉल में वास्तविक तकनीकी भूमिका पाती हैं, तो यह सौदा भारत के एयरोस्पेस उद्योग के लिए बहुत उपयोगी होगा। मगर प्रस्ताव को स्वीकारने से पूर्व रक्षा मंत्रालय को 2018 की एफजीटीए परियोजना से मिले सबक नहीं भूलने चाहिए। उस समय विमान की स्टील्थ क्षमता, इंजन, एवियोनिक्स, सॉफ्टवेयर सोर्स कोड्स तथा तकनीक हस्तांतरण को लेकर भारतीय चिंताओं के कारण परियोजना से दूरी बनी थी। बेशक सुखोई-57 आज पांचवीं पीढ़ी का विकसित विमान है, लेकिन हमें उसकी गति या सेंसर-फ्यूजन, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, सुरक्षित डेटा-लिंक, कम रडार दृश्यता, हथियार और नेटवर्क-केंद्रित युद्ध में उसकी वास्तविक क्षमता देखनी होगी। सबसे महत्वपूर्ण यह कि सुखोई-57 राफेल, सुखोई-30, अमेरिकी पी-81, अवाक्स, एईडब्लू एंड सी, एस-400, स्वदेशी डिफेंस रडार और भारतीय कमांड-एंड-कंट्रोल नेटवर्क के साथ कितनी सहजता से काम करेगा। भिन्न देशों की प्रणालियों का एकीकरण अत्यंत जटिल होता है। सामान्यतया भारत के मौजूदा एकीकृत रक्षातंत्र के साथ इसे जोड़ना बेहद जटिल है। भारतीय वायुसेना उत्पादन-मानक, विमानों के व्यौहारिक परीक्षण और पूर्ण तकनीक हस्तांतरण की शर्त पर ही आगे बढ़ेगी। इसी तरह लगभग 6,000 किलोमीटर दूर तक बैलेस्टिक मिसाइल लॉन्च और अंतरिक्षीय खतरों की निगरानी करने वाला 'वोरोनिश-एम' रडार भले ही भारत की चीन व पाकिस्तान पर नजर रखने की क्षमता को अभूतपूर्व विस्तार दे लेकिन इतने संवेदनशील उपकरण पर भारत को पूर्ण डेटा-प्रभुत्व, सॉफ्टवेयर एक्सेस और साइबर सुरक्षा की पूर्ण गारंटी चाहिए। वोरोनिश-एम जैसे प्लेटफॉर्मों को अलग-अलग देशों की डेटा-लिंक, पहचान प्रोटोकॉल और मिशन-सॉफ्टवेयर को सुरक्षित रूप से एक साझा परिचालन दायरे में ले आ पाना अत्यधिक खर्चीला और संवेदनशील काम है। यदि रूस अपने सॉफ्टवेयर कोड्स और मिशन सिस्टम में भारत को पूर्ण तकनीकी पहुंच नहीं देता, तो ये हथियार भारतीय नेटवर्क में पूरी तरह फिट नहीं बैठ पाएंगे। फिर स्वदेशी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट परियोजना की बलि देकर तैयार विदेशी विमानों पर दांव लगाना 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को पीछे धकेलना होगा। इसमें दो राय नहीं कि यदि भारत इन प्रणालियों का सुसंगत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में सफल हो जाए तो चीन और पाकिस्तान के मुकाबले उत्तरी-पश्चिमी सीमाओं पर भारत की सैन्य बढ़त में गुणात्मक उछाल आयेगा। चीन के जे-20 व जे-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की चुनौती का मुकाबला करने में सुखोई-57 भारत की अग्रिम वायु-श्रेष्ठता को मजबूत करेगा और वोरोनिश-एम रडार और एस-400 मिसाइल नेटवर्क मिलकर तिब्बत पठार से संचालित होने वाली चीनी मिसाइलों और लड़ाकू उड़ानों की पूर्व चेतावनी दे सकेंगे। पाकिस्तान को चीन से मिली जे-10सी या भावी जे-35 विमानों से उपजे असंतुलन को ये खरीदारियां भारत के पक्ष में पूरी तरह झुका देंगी। उधर हिंद महासागर में घटती पनडुब्बी संख्या के बीच अकुला-क्लास एसएसएन यानी 'परमाणु-संचालित हमलावर पनडुब्बी' की मौजूदगी भारत की अंडरवॉटर मारक क्षमता और प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करेगी।

रूस से मिलने वाली विशेषज्ञता उपयोगी हो सकती है, हालांकि रूसी परमाणु पनडुब्बी संचालन का अनुभव ले चुके भारत को अकुला क्लास परमाणु पनडुब्बी के मामले में सावधानी बरतते हुए उसे स्वदेशी एसएसएन कार्यक्रम का विकल्प नहीं बल्कि उसकी गति बढ़ाने वाला साधन मानना चाहिए। इन सबके बीच एक और सवाल उठता है, क्या इन सौदों के चलते भारत फिर से रूसी हथियारों पर अति-निर्भरता की ओर बढ़ रहा है? भारत की रक्षा विरासत में भले ही रूस का 60 फीसद से अधिक हिस्सा रहा हो, लेकिन रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने के लिए भारत इस निर्भरता को धीरे-धीरे घटा रहा है, प्रस्तावों के इस पक्ष पर भी वह विचार करेगा। दूसरी ओर भारत की बढ़ती रक्षा औद्योगिक क्षमता के चलते उसकी नीति भी इस ओर मुड़ी है कि वह केवल विदेशी प्लेटफॉर्म खरीदने वाला ग्राहक नहीं बने रहना चाहता, खरीदारी पर इस नीति का भी असर पड़ेगा। भारत 'केवल खरीदार' बनने के युग से बाहर निकलने के प्रयास में मात्र उन्हीं प्रस्तावों को स्वीकार करेगा जिसमें शत-प्रतिशत तकनीक हस्तांतरण, स्थानीय विनिर्माण व भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स, मिसाइलों के एकीकरण की गारंटी होगी।

सोशल मीडिया



आ.प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से वर्ष 2018 में यूपी प्रदेश दिवस के मौके पर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वर्ष 2019 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योगना लागू की गयी। सीएम योगी.



भाजपा अगर ये सोच रही है कि वो सपा के छात्र सभा के युवाओं को छात्रों के बीच में जागरुकता अभियान चलाने से रोक लेगी तो ये उसकी गलतफहमी है। अखिलेश



हर बार बीजेपी सरकार का वही शर्मनाक पैटर्न, हादसे से पहले रोकथाम नहीं, उसके बाद बयान बाजी। छोटे अफसरों पर जवाबदेही मढ़ दी जाती है और असली बचे रहते हैं। राहुल गांधी

अशान्त विश्व में शांति की उम्मीद हैं प्रधानमंत्री मोदी



जन्मदिवस पर विशेष

प्रो. आर.एन. त्रिपाठी

आज पूरा देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76 वां जन्म दिन मना रहा है। आशीर्वाद का दिया जला रहा है। नरेंद्र मोदी वह शख्सियत हैं, जिन्हें दुनिया के तमाम देशों ने अपने देश का सर्वोच्च सम्मान दिया है। इससे उनकी वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता का पता चलता है। अधिकांश देशों के नेता भारत आ चुके हैं और भारत से व्यापारिक संबंधों की मजबूती पर गहन विमर्श कर चुके हैं। जब विश्व के कई देश युद्ध में उलझे हुए हैं तब पूरी दुनिया की नजर भारत और खासकर उसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है। नरेंद्र मोदी की जीवन यात्रा गुजरात के एक छोटे से कस्बे बडनगर से शुरू हुई थी। उनका जन्म किसी संपन्न परिवार में नहीं हुआ था। गरीब व सामान्य परिवार में हुआ था। वे सड़क की कठोर सच्चाई से निकले परिपक्व इंसान हैं जिन्होंने अपने कर्म और आचरण से यह सिद्ध किया है कि संघर्ष केवल एक शब्द नहीं बल्कि जीवन की रूह है, आत्मा है। गरीबी उन्हें झुका नहीं पाई बल्कि उन्होंने उससे सीख लेकर स्वयं के जीवन को दूसरों के लिए कठोर परिश्रम और आत्म-सम्मान की पाठशाला बना दिया।

भारत आज दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था है, जिसे अभी आईएमएफ ने भी माना है। 7.8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर का श्रेय उनकी आर्थिक सोच को जाता है। जहां विपक्ष द्वारा हमेशा उनके खाने-पीने, कपड़ा पहनने तक की आलोचना करता रहा हो, लेकिन यह सोचने की कभी जहमत नहीं उठाई गई कि राजनीति का मार्ग उनके लिए भी किसी पतझड़ से कम नहीं था। जोखिम भरे हालत के पत्थरों पर सरकते कदम, आलोचनाओं के थपेड़ों ने उन्हें भी कम चिलित नहीं किया लेकिन हर ठोकर के साथ उसकी प्रतिबद्धता मोती की तरह चमकती नजर आई। उन्होंने लोक के बीच जाकर उनकी दर्द भरी दास्तान देखी है। आम आदमी की पीड़ा महसूस की और जनता की धड़कन को अपनी नीतियों की धुन बनाया। सफलता ने उसे चमक दी पर उनसे उनकी विनम्रता का आवरण नहीं छीना। जीवन में आलोचनाओं व पराजय के क्षणों ने उन्हें कठोर बनाया पर उन्होंने कभी भी अपना अनुशासन नहीं खोया। उनकी पहचान, उसकी सहजता और कर्तव्य परायणता में निहित है—सादगी, भाषा की सरलता, और निःस्वार्थ सेवा की विरासत जिसे देखकर आज पूरी दुनिया देखकर अचंभित है। मोदी जी के राष्ट्र सेवा के 25 वर्ष की नीतियों व निर्णयों के पीछे देश के सपनों की गूंज, विकास की सरगर्मी और मानवीय संवेदना हमेशा सुनाई पड़ती है। हर आलोचना व गिरावट जीवन के लिए सीख व हर सफलता नई चुनौतियों भरी विकास की यह रणनीति कि देश के लिए चाहे जितना संघर्ष करना पड़े, उतना करते रहेंगे। आज उस महामानव का जन्म दिन विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए एक सेवा पर्व है, व्रत है, साधना है, प्रेरणा है। जिसने समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ा, जनधन योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान जैसी ऐतिहासिक पहलों से लेकर 'आयुष्मान भारत' के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' तथा 'उज्ज्वला योजना' मुद्रा, उड़ान, किसान सम्मान, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ, के माध्यम से महिला सशक्तीकरण को अपने जीवन का ध्येय बनाकर सफल किया, आज उनके पराक्रम ऑपरेशन, सिंदूर, उदार दानदाता के रूप में कोरोना या किसी आपत्ति विपत्ति में दुनिया के देशों को पहली सहायता की खेप पहुंचाकर मानवीय सहायता आदि अनेक कार्य से भारत माता अपने को धन्य समझ रही है।

आज मोदी जैसा महान व्यक्तित्व उनके लिए भी एक मार्गदर्शक है जिनके मन में भारत का वह प्राचीन वैभव है और वर्तमान में भारत की वरेण्य विश्व प्रतिष्ठा है। यह उनके लिए भी है जो मन में भारत के लिए कुछ करने की भावना जगा रखे हैं, जिनके मन में विलख रही मानवता की पीड़ा को हरने का एक सपना है, जो भारत की शस्य श्यामला धरती को अपनी माता समझते हैं, वे सभी मोदी के विक सित भारत के सपनों के सहयात्री बन सकते हैं। आज के दिन विश्वकर्मा पूजा भी की गई। विश्व कर्मा भगवान ने इस सृष्टि की रचना की। इसलिए उनकी पूजा होती है, और इसी दिन हमारे देश के आधुनिक निर्माता विश्वकर्मा के साक्षात अंश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि जन सेवा के प्रति अपने दायित्व को पुनः स्मरण करने और लोगों को सेवा का संकल्प करने-कराने का भी दिन है।

(लेखक बीएचयू में प्रोफेसर हैं)

भौतिक आवश्यकताएं

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये को अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि।

आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपे गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

अंतर्दृष्टि

झूठ बोलना मौलिक अधिकार

व्यंग्यलोक

पन्नालाल जी की बातें से मैं ठगा सा रह गया। झूठ रोजी-रोटी बन गयी है तो फिर इसे रोकने के लिए प्रयास करना वाकई पाप है। मैंने तत्काल पन्नालाल जी से माफी चाही- माफ करिये! मुझे पता नहीं था कि झूठ आपका जीवनाधार बन गया है। जहां तक मेरा सवाल है, झूठ तो मैं भी बोलता हूँ, परन्तु बहुत ही न्यून। जब आप हरिश्चन्द्र हैं या उसकी औलाद, तो न्यून भी क्यों बोलते हैं? हम अधिकतम बोलते हैं तो क्या हुआ? झूठ बोलने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। झूठ बोलना भी मौलिक अधिकारों में शामिल है। पन्नालाल जी ने कहा। अब बताइये, झूठ पाप कहां हुआ? यह तो वाकई, बकौल पन्नालाल जी बड़ी तपस्या है, साधना है, जिसे मुश्किलों के बाद प्राप्त किया जाता है। एक बार तो इच्छा हुई कि अपने बच्चे को एक थप्पड़ मारकर कहूं कि उसे झूठ को पाप का फतवा देने को किसने कहा था? फिर यह सोचकर कि उसकी मां ने बताया होगा तो व्यर्थ में घर में अशान्ति हो जायेगी चुप रहा। फिर भी मन नहीं माना। मैंने पत्नी से कहा-अरे भागवान, जरा सुनो! अपने टिंकू को आजकल यह पहाड़ा किसने रटाया है? कौन सा पहाड़ा? वही, झूठ बोलना पाप होता है? आपने ही बताया होगा। मैं यह बेवकूफी करने वाली नहीं हूँ। पत्नी ने कहा। मैं घबराकर बोला- भगवान कसम, यह बात मैंने उससे कभी नहीं कही। उसका थोड़ा ध्यान रखो। वह सच बोलने लगा तो हमारा जीवन चौपट कर देगा। बाहर मैंने जानकारी की है। सब लोग झूठ बोल रहे हैं। मुझे नहीं चाहिए यह हरिश्चन्द्र की औलाद। घबराओ नहीं, औलाद हरिश्चन्द्र की नहीं, आपकी है। आप पचास प्रतिशत झूठ बोलते हैं, यह शत्-प्रतिशत झूठ बोलेगा। आज ही स्कूल से शिकायत आयी है कि वह पांच दिन से स्कूल नहीं जाकर अपने हम उम्र दोस्तों के साथ इधर-उधर घूककर घर आ जाता है। मैंने उससे पूछा तो पता है, क्या कहा उसने? क्या कहा? मैंने पूछा। पापा भी तो ऑफिस का नाम करके अकेले-अकेले सिनमा देख आते हैं? मैं चुप रह गया। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि क्या करूं? परन्तु मुझे यह तसल्ली जरूर हो गयी कि उसके हरिश्चन्द्र बनने का अब कोई अंदेशा नहीं है। पन्नालाल जी की बात अब भी याद आ रही है- झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ है, ताके हृदय आप सही है, झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। आज कल हर ऐरा-गैरा सत्य बोल रहा है तो आप -झूठ क्यों नहीं बोलें? जरूर बोलें।



पूरन सरमा

विचार

प्रभुता पाते ही लोगों की निगाहें बदल जाती हैं, किसी को पहचानते तक नहीं, जमीन पर पांच तक नहीं रखते।

-प्रेमचंद.

लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी समस्त शक्तियों द्वारा परिश्रम करना ही पुरुषार्थ है।

-पतंजलि.

मृत्यु से नया जीवन मिलता है। जो व्यक्ति और राष्ट्र मरना नहीं जानते, वे जीना भी नहीं जानते।

-पं. नेहरू.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

-शेक्सपियर.

जब कोई प्रतिभाशाली हस्ती इस दुनिया में आती है तो उसे इस लक्षण से पहचाना जा सकता है कि सभी मूर्ख लोग उसके विरुद्ध खड़े होते हैं।

-स्विफ्ट.

आपकी बात

गरीबों का उत्थान

सरकारी योजनाएं गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसलिए सरकार को अधिक से अधिक गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना चाहिए। प्रदेश सरकार जन कल्याण के अनेक कार्यक्रम चला रही है, लेकिन जनता को उससे विशेष लाभ नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है।

सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता।

सुनील कुमार वर्मा, लखनऊ.

सरकारी खरीद बढ़ायें

एमएसपी का दायरा बढ़ाकर सभी किसानों को उससे आच्छादित करना चाहिए। हालांकि केन्द्र सरकार ने खरीफ का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। यह जरूरी भी है कि क्योंकि किसानों को बहुत सी चुनौतियों के साथ आगे बढ़ना पड़ता है। भारत सरकार फिलहाल डॉ. स्वामीनाथन समिति के फॉर्मूले के अनुसार लागत पर पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय करती है। लेकिन रबी और खरीफ सीजन से पूर्व न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने से पहले कृषि लागत और मूल्य आयोग कृषि इन्पुट्स की लागत को लेकर जो गणना करता है, उसकी दर असल वास्तविक लागत से कोई बहुत साम्यता नहीं है। एक तरह से कह सकते हैं कि कृषि लागत और मूल्य आयोग फसली सीजन से पहले सरकार को एक रिपोर्ट सौंपता है जिसमें फसलों की लागत का जिक्र होता है और इसी आधार पर सरकार पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय कर देती है। एमएसपी सभी किसानों को मिलती है, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है। इसके लाभार्थी किसानों की संख्या बहुत सीमित है। हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को इसका सबसे अधिक लाभ मिलता है और यही कारण है कि जब सरकार ने तीन नये कृषि कानूनों के जरिए कृषि विपणन व्यवस्था में आमूल चूल बदलाव के लिए ऐतिहासिक कदम उठाये, तो इसका सबसे अधिक विरोध पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी के किसानों ने किया। दर असल इन किसानों को यह समझाकर भड़काया गया था कि इससे परम्परागत मंडियां खत्म हो जायेंगी और किसान पूरी तरह बाजार के हवाले हो जायेगा। वैसे अगर कृषि को लाभकारी व्यवसाय से जोड़ना है तो खेती को बाजार से जोड़ना ही होगा। जब कृषि और किसान सीधे बाजार से जुड़ेंगे, बाजार की जरूरतों के अनुसार खेती करेंगे, तो उनको अधिक से अधिक फायदा होगा। एक तरह से तीनों कृषि कानून खेती को न्यूनतम समर्थन मूल्य अर्थात एमएसपी से आगे बढ़ाते हुए अधिकतम खुदरा मूल्य अर्थात एमआरपी की तरफ ले जाने का ऐतिहासिक प्रयास था लेकिन 'नकारात्मक राजनीति और टू-मच डेमोक्रेसी' ने सरकार के प्रयास को सफल नहीं होने दिया। बहरहाल यह सब एक अलग मुद्दा है और जहां तक एमएसपी की बात है तो भले यह न्यूनतम समर्थन मूल्य हो लेकिन वास्तव में जब फसल तैयार होती है।

योगेश चन्द्र उपाध्याय, लखनऊ.

संक्षेप

वाहनों की खरीद पर तीन दिन विशेष छूट

फतेहपुर। थाना राधानगर चौराहे के समीप रुद्रांश ईवी मोटर्स एंड कंस्ट्रक्शन का शुभारंभ बुधवार को हवन-पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने प्रतिष्ठान के संचालकों को शुभकामनाएं दीं। प्रतिष्ठान के संचालक शिवकुमार अग्रहरि ने बताया कि रुद्रांश ईवी मोटर्स एंड कंस्ट्रक्शन में ग्राहकों की जरूरत के अनुसार विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यहां स्कूटी, ई-रिक्शा, बच्चों की इलेक्ट्रिक बाइक एवं जीप उचित दरों पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठान का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर वाहन विकल्प उपलब्ध कराने के साथ ही उचित कीमत पर इलेक्ट्रिक वाहनों की सुविधा देना है। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठान के शुभारंभ के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर भी रखा गया है। 17, 18 और 19 सितंबर तक वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को 2000 से 2500 रुपये तक की विशेष छूट दी जाएगी। उन्होंने लोगों से इस विशेष ऑफर का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान प्रोपराइटर सचिन अग्रहरि एवं प्रिंस अग्रहरि ने उद्घाटन समारोह में पहुंचे अतिथियों और क्षेत्रीय लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सेवा और उचित मूल्य पर वाहन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान लोगों का मुंह मीठा कराया गया। उद्घाटन समारोह में अंशु अग्रहरि, अतुल अग्रहरि, विजय भान अग्रहरि, संतोष गुप्ता, कृष्ण बिहारी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

10 मरीजों को लिया गया गोद, बांटे गये फल

बहराइच । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला टीबी क्लिनिक पर सेवा पखवाड़े के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर 'टीबी मुक्त भारत अभियान' को गति देते हुए 10 क्षय रोगियों को गोद लिया गया, साथ ही केंद्र पर मौजूद मरीजों को पोषण किट और ताजे फल वितरित किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने किया। उन्होंने स्वयं मरीजों को फल व पोषण सामग्री वितरित करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर डॉ. एम.एल. वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री जी के 'टीबी मुक्त भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। इसी क्रम में आज 10 मरीजों को उपचार अवधि तक पोषण और भावनात्मक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से निक्षय मित्र योजना के तहत गोद लिया गया है। नियमित दवा और पौष्टिक आहार से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। डॉ. वर्मा ने उपस्थित मरीजों और तीमारदारों को जागरूक करते हुए बताया कि सरकार द्वारा टीबी के इलाज, जांच और दवाइयों की व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क की गई है। इसके अलावा डीबीटी के माध्यम से पोषण सहायता राशि भी सीधे मरीजों के बैंक खातों में भेजी जाती है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। गोद लिए गए सभी 10 मरीजों को इलाज पूरा होने तक नियमित निगरानी और आवश्यक पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

पीएम के जन्मदिन पर बांटे फल



जिला संवाददाता

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महाराजा सुहेलदेव स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्साल में विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर, समस्त भर्ती मरीजों को फल वितरण तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर सेवा, समर्पण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैप्टन विकास सिंह (क्षेत्रीय मंत्री, भाजपा अवध क्षेत्र) तथा विशिष्ट अतिथियों डॉ. आनंद कुमार गोंड, सांसद बहराइच, श्री बृजेश पांडेय, जिला अध्यक्ष भाजपा, श्रीमती अनुपमा जायसवाल, माननीय विधायक, श्री सुभाष त्रिपाठी, विधायक पयागपुर, एवं श्री पदम सेन चौधरी, एमएलसी, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, एमएलसी बहराइच/श्रावस्ती द्वारा फीता काटकर किया गया। भर्ती मरीजों को फल वितरण, रक्तदान में कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। इसके उपरांत ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा कार्यकताओं एवं अन्य सहभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों के अनुसार, शिविर में **85 लोगों ने रक्तदान किया**, जिससे जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। रक्तदान के बाद परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के विकास का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा कार्यों के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक एवं स्टाफ रहे मौजूद प्रधानाचार्य डॉ प्रो संजय खत्री की दिशानिर्देश मे किया गया आयोजन कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ.मालिक सहनवाज मुख्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच डॉ संजय कुमार शर्मा तथा डॉ. एस.के. वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ ईशान कुमार प्रसार, डॉ राजेंद्र कुमार शुक्ला, डॉ. जे.पी. मौर्या, डॉ. प्राची, श्री बृजेश सिंह, डीएचआईओ, अस्पताल प्रबंधक डॉ. रिजवान नर्सिंग सहित अन्य संकाय सदस्य एवं चिकित्सा संस्थान का स्टाफ उपस्थि रहा।

महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

बहराइच, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत-2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद में 17 सितम्बर से ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल का शुभारम्भ किया गया। अभियान के शुभारम्भ अवसर पर महाराजा सुहेलदेव जी के विजय उत्सव के अवसर पर विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर शाम को आयोजित होने वाले दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम की तैयारियों का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने तैयारियों का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि चित्तौरा झील के सभी घाटों पर दीप प्रज्ज्वलन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

विश्वकर्मा जयंती पर मिले टूल किट



बहराइच । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को ह्यविकसित भारत-2047ह्ल के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल अन्तर्गत भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर उत्थान आडिटोरियम कपूरथला में आयोजित टूल किट वितरण एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक वितरण कार्यक्रम का मुख्य अतिथि कैप्टन विकास सिंह क्षेत्रीय मंत्री, भाजपा अवध क्षेत्र ने सांसद बहराइच डॉ. आनंद कुमार गोंड, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय, पार्टी पदाधिकारी रणविजय सिंह व हरीश चन्द्र गुप्ता व अन्य अतिथियों तथा जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, सीडीओ सुनील कुमार धनवंता के साथ भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। आडिटोरियम में आयोजित टूलकिट वितरण समारोह में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 के अंतर्गत विश्वकर्मा स्वरोजगार एवं स्वदेशी मेला 2026 पर आधारित प्रदर्शनी एवं मार्जिन मनी ऋण पोर्टल के शुभारंभ तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक तथा टूलकिट वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। जिसको आडिटोरियम में मौजूद अतिथियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन, अधिकारियों व जनसामान्य द्वारा देखा व सुना गया।

पुलिस लाइन में विधि-विधान से हुआ भगवान विश्वकर्मा पूजन



बहराइच। रिजर्व पुलिस लाइन में गुरुवार को शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार में आयोजित पूजन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया और हवन में आहुति दी। इस दौरान शस्त्रों का भी विधिवत पूजन किया गया। पूजन के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने आरती उतारी और पुलिसकर्मियों सहित उनके परिवारों की कुशलता, सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाइन का वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक आस्था से सराबोर रहा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी लाइन एवं सहायक पुलिस अधीक्षक कनिष्क आर. जामकर, क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह, प्रतिसार निरीक्षक समेत पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

रोडवेज बस स्टैंड में श्रद्धा से मनी विश्वकर्मा जयंती



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे रुपईडीहा रोडवेज बस स्टैंड परिसर में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विधि-विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना, हवन तथा प्रसाद वितरण किया गया। धार्मिक आयोजन के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर रेहुआ मंसूर, बहराइच के रामाज्ञा नंद जी महाराज ने विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रामप्रकाश ने श्रद्धापूर्वक पूजन किया और हवन में आहुति देकर भगवान विश्वकर्मा से रोडवेज कर्मियों एवं यात्रियों के सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन-अर्चन के दौरान भगवान विश्वकर्मा के समक्ष विधिवत पूजा सामग्री अर्पित की गई। इसके बाद हवन का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों ने आहुति देकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। मंत्रोच्चार और धार्मिक वातावरण के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूजा-अर्चना एवं हवन के उपरांत रोडवेज के मैकेनिक परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। यहां रोडवेज कर्मियों सहित अन्य लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। लोगों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लिया।इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रामप्रकाश ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा निर्माण, शिल्प, तकनीक और कर्म के आराध्य देव माने जाते हैं।

मटेरा थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक

एक सप्ताह में दूसरी चोरी से मचा हड़कंप



बहराइच। थाना मटेरा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार की रात ग्राम सभा भगवानपुर के मजरा पसियन पुरवा में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, एक सप्ताह के भीतर थाना क्षेत्र में दूसरी चोरी की घटना सामने आने से ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, भगवानपुर के मजरा पसियन पुरवा निवासी राकेश कुमार पुत्र रंगीला के घर में बुधवार की रात चोरों ने सेंध लगाकर प्रवेश किया। चोर घर में रखे परिवार की तीन बहुओं के जेवरात, बर्तन और कुछ नकदी लेकर फरार हो गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर परिवार में अफरा-तफरी मच गई। घर में सामान बिखरा मिलने से परिजन परेशान हो उठे * बताया जा रहा है कि थाना मटेरा क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर चोरी की यह दूसरी घटना है। लगातार सामने आ रही चोरी की वारदातों से क्षेत्र के लोगों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों के बीच अब यह सवाल उठ रहा है कि आखिर चोरी की घटनाओं पर कब अंकुश लगेगा और चोरों तक पुलिस कब पहुंचेगी। फिलहाल, चोरी की घटना के संबंध में पुलिस की कार्रवाई और मामले के खुलासे को लेकर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं। अब देखना होगा कि पुलिस चोरी की खुलासा कर पाती हैं या नहीं।

अहिल्याबाई होल्कर चौराहे के अनावरण का कार्यक्रम संपन्न

फतेहपुर ! पाल सामुदायिक उत्थान समिति द्वारा रामलीला मैदान में मेधा अलंकरण समारोह का आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष देशराज पाल की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में आल इंडिया बैकवर्ड क्लासेस फेडरेशन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव ई हरिश्चंद्र मंडल, विशिष्ट अतिथि में मुन्नालाल पाल अध्यक्ष पाल विकास समिति वाराणसी सहित समाज के तमाम नेता एवं सामाजिक संगठनों के सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं समिति के अध्यक्ष डॉ अमित पाल ने बताया कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी समिति के माध्यम से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में 75% से ऊपर अंक अर्जित करने वाले लगभग 35 मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है । इसके साथ ही साथ एड ऋतिक पाल की माता मुराइन टोला वार्ड से सभासद श्रीमती सरोज पाल के द्वारा नगर पालिका परिषद फतेहपुर में दिए गए प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा नामित किए गए अहिल्याबाई चौराहे के सुंदरीकरण के लिए समिति के माध्यम से अहिल्याबाई मूर्ति के लिए विशेष रूप से आर्थिक सहयोग करने वाले एपी मोटर्स के डायरेक्टर राकेश पाल सहित भीखूलाल पाल, ई. सत्यपाल पाल, ई. जे पी पाल, रामपाल पाल, मनमोहन पाल, ऋतिक पाल, जितेंद्र पाल को भी प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी के आने से समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन आया



जिला संवाददाता (वीओएल)

बिजनौर। प्रभारी मंत्री बिजनौर कपिल देव अग्रवाल ने आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित होने वाले संकल्प सेवा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विकसित भारत व विकसित उत्तर प्रदेश को केंद्र में रखकर कार्य करने तथा जन सहभागिता के साथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में बुधवार की शाम प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि जब से नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, हर क्षेत्र में कार्य हुआ है।? हर वर्ग के पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया गया है। प्रधानमंत्री के आने से समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। 17 सितंबर को दीप प्रज्वलन का कार्य जन सहभागिता के साथ किया जाएगा, इसमें प्रधानमंत्री के कार्यों को देखते हुए आशीर्वाद व शुभकामनाएं आमजन से अपेक्षित है जो बुजुर्ग हैं वह आशीर्वाद दें और जो छोटे हैं वह शुभकामनाएं दें। नहटौर विधायक ओम कुमार ने कहा कि विधानसभा स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं तथा कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित कराया जाए। विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार करें यह एक अच्छा अवसर है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चैहान ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया जाए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधियों द्वारा अभियान के सफल आयोजन के संदर्भ में जो मार्गदर्शन व निर्देश दिए गए हैं उसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम अभियान के सफल आयोजन के लिए नोडल अधिकारी व सह नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। अधिकारी परस्पर विभागीय समन्वय व जन सहभागिता से अभियान को सफल बनाएं। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 17 सितंबर से संकल्प सेवा अभियान प्रारंभ होगा, जिसमें फल वितरण, टूलकिट वितरण, रक्तदान शिविर व सायं काल में गंगा बैराज, कण ऋषि आश्रम, नेहरू स्टेडियम, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, विदुर कुटी आदि स्थानों पर दीप प्रजनन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

समस्त तहसीलों में आज होगा मॉक ड्रिल : डीएम



जिला संवाददाता (वीओएल)

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को जनपद की समस्त पांचो तहसीलों में आयोजित होने वाली भूकंप, औद्योगिक रासायनिक एवं अग्नि सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा करते हुए परस्पर विभागीय समन्वय व पूर्ण तैयारी के साथ मॉक ड्रिल को सफल बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि मॉक ड्रिल 18 सितंबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से जनपद की समस्त पांचो तहसीलों में आयोजित की जाएगी। जिसमें बिजनौर तहसील में विवेक कॉलेज नूरपुर रोड बिजनौर में, धामपुर में 100 शैया युक्त संयुक्त चिकित्सालय धामपुर में, चांदपुर में गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर, नगीना में एम एम इंटर कॉलेज नगीना तथा नजीबाबाद में इंडियन ऑयल डिपो आदर्श नगर नजीबाबाद में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। मॉडल के दौरान स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ, होम गार्ड, एनसीसी, जिला अग्निशमन विभाग, रेड क्रॉस, विभिन्न विद्यालय, हॉस्पिटल, आपदा विशेषज्ञ, सूचना विभाग, पुलिस विभाग व नागरिक सुरक्षा सहित विभिन्न विभागों व संस्थाओं का सहयोग रहेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, पुलिस सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 1550 बूथों में 10 हजार घर जगमगाये, अस्पताल में फल वितरण



बांदा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एक माह तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान को भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। हवन पूजन कर उनके दीघार्यु जीवन की कामना की। रक्तदान शिविर आयोजित किये गये। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में केन नदी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने नदी किनारे एकत्र कूड़ा कचरा को साफ कर स्वच्छता का सन्देश दिया। कार्यक्रम में निखिल सक्सेना, अमित सेठ भोलू, दुर्गा चैरसिया, निर्मला गौतम, संतोष नायक, आनंदी साहू, आदि मौजूद रहे। महेश्वरी देवी मंदिर में यज्ञवेदी में हवन पूजन कर मोदी के दीघार्यु एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प और देश की प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने की कामना की। इसी प्रकार जिला अस्पताल में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व व जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की उपस्थिति में आयोजित रक्तदान शिविर में दर्जनों भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने रक्तदान किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल देकर उनके शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी व नरैनी में में भी रक्तदान शिविर आयोजित किये गये। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के लगभग 1550 बूथों में लगभग 10 हजार दिए जलाये गये। पीएम मोदी के दीघार्यु जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर पुष्कर द्विवेदी, उत्तम सक्सेना, धीरेंद्र सिंह धीरू, संतोष राजपूत, पंकज रैकवार, मालती बासू आदि मौजूद रहे।

परिषदीय विद्यालय त्रिवेणी में मनाया पीएम का जन्मदिन



बांदा। उच्च प्राथमिक विद्यालय त्रिवेणी में उच्च प्राथमिक विद्यालय त्रिवेणी और उच्च प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों की सराहना कर जन्मदिन मनाया गया। इस उपलक्ष्य में आशीर्वाद का दिया दीप प्रज्वलित करके पूरे विद्यालय को जगमगाया गया। विश्वकर्मा जयंती, श्रीपेरियार स्वामी और बांदा जनपद में शिक्षा की अलख जगाने वाले सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य शिवबली सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के लिए भी प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक, मंडल अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ डा. शिवप्रकाश सिंह ने ने अपने पिता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मंडल महामंत्री जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ सहायक अध्यापक आदित्य प्रकाश द्विवेदी ने कहा सृष्टि के प्रथम शिल्पकार एवं निर्माण-कौशल के देवता भगवान विश्वकर्मा कारीगरों, श्रमिकों, उद्यमियों एवं देशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता प्रदान करें। स.अ.निरंजन कुमार चक्रवर्ती ने समाज सुधारक पेरियार ई.वी. रामास्वामी नायकर की जयंती संस्मरण सुनाए। प्र.अ.सुशील कुमार खरे ने प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती ने स्वच्छता अभियान पर चर्चा की। इस दौरान रघुनंदन सिंह, बड़ी बहू, शांति आदि उपस्थित रही।

सेवा संकल्प अभियान में भाजपाइयों ने किया रक्तदान



नरैनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान व फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकताओं ने रक्तदान कर मरीजों की मदद का संकल्प लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर, डा. देवेंद्र भदौरिया, आदित्य त्रिपाठी, सोनू चैरसिया, आशीष द्विवेदी, प्रभा गुप्ता समेत करीब एक दर्जन भाजपाइयों ने रक्तदान किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी का महोबा दौरा, जांची ईवीएम की सुरक्षा



महोबा। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा 17 सितंबर 2026 को जनपद महोबा में स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की चल रही प्रथम स्तरीय जांच की प्रक्रिया का जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य आगामी निर्वाचन के दृष्टिगत ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कार्यशीलता एवं तकनीकी स्थिति की जांच तथा प्रथम स्तरीय जांच की प्रक्रिया को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं प्रोटोकॉल के अनुरूप सुनिश्चित करना था। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रथम स्तरीय जांच की पूरी प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुसार पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाए तथा ईवीएम-वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी सीसीटीवी कैमरे संचालित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने भी एफएलसी के कार्यों का अवलोकन किया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण आधिकारिओं की बैठक में उन्होंने निर्वाचन से संबंधित तैयारी एवं कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपेट मशीन को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखे जाने एवं निर्वाचन से संबंधित कार्यों की तैयारी की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व इंद्रनंदन सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सूर्यकान्त त्रिपाठी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कारखानों, कार्यालयों में मनायी विश्वकर्मा जयंती हुआ पूजन

बांदा/नरैनी। जिलेभर में विश्वकर्मा जयंती बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनायी गई। तुलसी नगर पावर हाउस में भगवान विश्वकर्मा की पूजा हुई। इसके बाद स्टाफ व अन्य श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। एसडीओ वैभव शुक्ला ने भगवान विश्वकर्मा के कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान अवर अभियंता शिवेंद्र पटेल, साकेत, लाइनमैन रमा यादव व बड़ी संख्या में स्टाफ के लोग मौजूद रहे। लोक निर्माण विभाग में भी विश्वकर्मा जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गई। इसी तरह समाजवादी पार्टी कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष लालमन यादव ने की। प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा प्रदेश सचिव मुलायम यादव, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र गुप्ता, कुदरत उल्ला खां, अजय चैहान दादा आदि लोग मौजूद रहे।

सेंसेक्स में 22 अंकों की गिरावट



मुंबई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर बढ़ाने और मौद्रिक नीति में आगे भी सख्ती के संकेत दिए जाने के बाद निवेशकों के सतर्कता बरतने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 21.86 अंक यानी 0.03 प्रतिशत फिसलकर 74,314.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 341.11 अंक यानी 0.45 प्रतिशत बढ़कर 74,677.56 पर पहुंच गया था। लेकिन बाद में अपनी बढ़त गंवा बैठा। हालांकि, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयर वाला मानक सूचकांक निफ्टी 53 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 23,270.60 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), इटर्नल, मारुति और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त में रहे। भारतीय शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार के बाद मिले-जुले रुख के साथ बंद हुआ। चुनिंदा शेयरों में लिवाली से निफ्टी को समर्थन मिला, लेकिन निजी क्षेत्र के बैंकों और आईटी कंपनियों के शेयर में कमजोर रुख ने व्यापक सुधार को सीमित कर दिया। छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मॉलकैप सिलेक्ट सूचकांक 0.95 प्रतिशत और मझोली कंपनियों मिडकैप सिलेक्ट सूचकांक 0.72 प्रतिशत चढ़ा। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों में बीमा क्षेत्र में सबसे अधिक 3.23 प्रतिशत की तेजी रही। दूसरी ओर शीर्ष 10 बैंक का सूचकांक 0.72 प्रतिशत टूटा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने तथा इस साल एक और बढ़ोतरी के संकेत दिए जाने के बाद बाजार की धारणा सतर्क बनी रही। वैश्विक बाजारों से मिले संकेत अनिश्चितता का एक प्रमुख कारण बने रहे। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी और आगे भी दरें बढ़ाने के संकेत से डॉलर एवं बॉन्ड प्रतिफल उंचे बने रहे। ब्रेंट कच्चा तेल 104 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बना रहा, हालांकि आपूर्ति की स्थिति में सुधार की उम्मीद के बीच इसमें हाल के उच्च स्तर से नरमी आई।

उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली का दबाव बना हुआ है, जबकि आईपीओ गतिविधियों के जारी रहने से भी बाजार में नकदी की स्थिति पर असर पड़ा।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे टूटकर 95.94 पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट के साथ 95.94 (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपया कारोबार के दौरान एक समय 96 के स्तर से नीचे चला गया था। हालांकि रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से शुरुआती नुकसान की काफी भरपाई हुई।

डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों में मामूली गिरावट के बीच रुपया लगभग स्थिर रहा। इससे वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद निवेशकों का भरोसा बना रहा। विदेशीमुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी और अनिश्चित वैश्विक रुख के कारण स्थानीय मुद्रा दबाव में रही। अमेरिकी संसद प्रतिनिधि सभा ने उस कानून को मंजूरी दे दी जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से तेल आयात करने वाले भारत और अन्य देशों पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा तीन साल में पहली बार ब्याज दर बढ़ाने से भी घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 95.88 पर खुला और 96.10 के निचले स्तर पर पहुंच गया, जो 24 जुलाई के बाद पहली बार 96 के स्तर से नीचे गया। कारोबार के दौरान मुद्रा में सुधार हुआ और यह 95.78 के उच्च स्तर पर पहुंची। अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.94 पर बंद हुई, जो पिछले बंद स्तर से तीन पैसे कम है। बृहस्पतिवार को भारतीय रुपये में काफी उतार-चढ़ाव रहा। हालांकि, शुरुआती नुकसान थोड़े समय के लिए ही रहे क्योंकि केन्द्रीय बैंक ने डॉलर को बचाने के लिए दखल दिया, जिससे स्थानीय मुद्रा को मामूली बढ़त हासिल करने में मदद मिली। स्थानीय मुद्रा अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 3 पैसे गिरकर 95.91 पर बंद हुई। इससे लगातार सातवें सत्र में इसकी गिरावट का सिलसिला जारी रहा। पिछले छह सत्रों में, 4 सितंबर को डॉलर के मुकाबले 94.43 के बंद स्तर के बाद से रुपया 148 पैसे यानी 1.4 प्रतिशत से ज्यादा गिर चुका है।

संक्षेप

ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने किया स्विच गियर पोर्टफोलियो का विस्तार

नई दिल्ली। ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने निक्सा शील्ड 6 केए एमसीबी रेंज लॉन्च करते हुए अपने स्विचगियर पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। आवासीय और हल्के व्यावसायिक अनुप्रयोगों के लिए डिजाइन की गई, यह नई रेंज परफॉरमेंस, सेफ्टी और एप्लीकेशन सूटेबिलिटी के सही संतुलन के साथ विश्वसनीय सर्किट सुरक्षा की बढ़ती मांग को पूरा करती है।ओरिएंट इलेक्ट्रिक के मैनेजिंग डायरेक्टर रविंद्र सिंह ने कहा कि निक्सा शील्ड 6 केए एमसीबी को साइट की स्थितियों की परवाह किए बिना, अधिक फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करते हुए इंस्टॉलेशन को सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस रेंज में 35 वर्ग मिमी के डुअल-फंक्शन टर्मिनल हैं जो दोनों तरफ से बसबार और केबल कनेक्शन दोनों का समर्थन करते हैं, साथ ही इसमें 13-प्लेट आर्क शूट डिजाइन है।

अमेजन ने लॉन्च किया ऑल-न्यू एलेक्साप्लस

नई दिल्ली। आज अमेजन इंडिया ने भारत में ऑल-न्यू एलेक्साप्लस का लॉन्च किया। एलेक्साप्लस अमेजन की जनरेटिव, एआई पॉवर्ड पर्सनल असिस्टैंट है, जो बातचीत करता है, ज्यादा स्मार्ट और पर्सनालाईज्ड है, पूरी तरह से भारतीय है और उससे वास्तविक दुनिया में करवाया जा सकता है। भारत में एलेक्साप्लस अनेकों सेवाओं और डिवाईसेज के साथ काम कर सकता है, जिनका उपयोग ग्राहक अपने दैनिक जीवन में करते हैं। एलेक्साप्लस से स्मार्ट होम कंट्रोल, शॉपिंग, खाने की योजना बनाने, रेस्टोरैंट रिजर्वेशन और ट्रैवल प्लानिंग, म्यूजिक और एंटरटेनमेंट खोजने जैसे अनेकों व्यावहारिक काम इंग्लिश, हिंदी एवं हिंग्लिश में बात करके करवाए जा सकते हैं।

अनूठी पहल ओजोन शील्ड शुरू

नई दिल्ली। डॉक्टरों के साथ बढ़ती हिंसा, धमकी, उत्पीड़न और बेबुनियाद कानूनी मामलों को देखते हुए ओजोन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने ओजोन शील्ड की शुरूआत की है। कंपनी के मुताबिक, यह किसी भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनी की ओर से डॉक्टरों की सुरक्षा और कल्याण के लिए शुरू की गई अपनी तरह की पहली पहल है। नई दिल्ली स्थित ईंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इस पहल की शुरूआत डॉ. किरण बेदी, पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल ने मुख्य अतिथि के रूप में की। फार्मा उद्योग और डॉक्टर समाज की सेवा के लिए एक साथ काम करते हैं। जब डॉक्टर हिंसा या अनावश्यक कानूनी परेशानियों का सामना करते हैं, तो उनके साथ खड़ा होना हमारी जिम्मेदारी है। ओजोन शील्ड का एकमात्र उद्देश्य प्रोटेक्टिंग द प्रोटेक्टर्स है।

डॉ. बनर्जी को नवीन रोटेटर कफ रिपेयर उपकरण के लिए भारतीय पेटेंट मिला

बेंगलुरु। सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, बेंगलुरु के एडिशनल डायरेक्टर झ ऑर्थोपेडिक्स, डॉ. बनर्जी बी.एच. को उनके आविष्कार ऐप'रेटस-फॉर ट्रांस-ऑसियस रोटेटर कफ रिपेयर के लिए भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा भारतीय पेटेंट प्रदान किया गया है पेटेंट प्राप्त यह उपकरण पारंपरिक स्यूचर एंकर की बजाय हड्डी में बनाए गए टनल के माध्यम से रोटेटर कफ रिपेयर करने में सहायता के लिए डिजाइन किया गया है। यह तकनीक विशेष रूप से ऐसे मरीजों के लिए उपयोगी हो सकती है जिनकी हड्डियों की गुणवत्ता कमजोर है, जिसमें बुजुर्ग मरीज और ऑस्टियोपोरोसिस से प्रभावित मरीज शामिल हैं, क्योंकि ऐसे मामलों में पारंपरिक एंकर पर्याप्त मजबूती से पकड़ नहीं बना पाते।

अवीवा लाइफ का रिटर्न ऑफ प्रीमियम प्रपोजिशन वाले टर्म इंश्योरेंस प्लान लॉन्च

नई दिल्ली। ग्राहकों को अधिक स्वस्थ, सुरक्षित और संतोषपूर्ण जीवन जीने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध जीवन बीमा कंपनी अवीवा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने रिटर्न ऑफ प्रीमियम प्रपोजिशन वाले टर्म इंश्योरेंस प्लान को लॉन्च करने की घोषणा की है। अवीवा स्मार्ट रिटर्न ऑफ प्रीमियम टर्म प्लान नाम से लॉन्च किए गए इस नए प्रोडक्ट के तहत ग्राहकों को मैच्योरिटी तक जीवित रहने पर चुकाए गए कुल प्रीमियम का 105 प्रतिशत वापस मिलेगा। आज के समय में ग्राहक ऐसे इंश्योरेंस (प्रोटेक्शन) सॉल्यूशंस की तलाश में रहते हैं, जो पॉलिसी टर्म के दौरान मिलने वाले बेनिफिट्स के मामले में स्पष्टता के साथ-साथ फाइनेंशियल सिक्योरिटी भी दें। हमारे टर्म इंश्योरेंस विद रिटर्न ऑफ प्रीमियम प्रपोजिशन के साथ हम लाइफ प्रोटेक्शन और प्रीमियम रिटर्न के फायदे को एक साथ ला रहे हैं।

अगस्त में देश का निर्यात 26 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। देश का वस्तु निर्यात अगस्त में सालाना आधार पर 26.12 प्रतिशत बढ़कर 43.81 अरब डॉलर हो गया। इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में मजबूत वृद्धि के बीच सोने के आयात में गिरावट से व्यापार घाटा घटकर पांच महीने के निचले स्तर 26.86 अरब डॉलर पर आ गया।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में देश का आयात 14.1 प्रतिशत बढ़कर 70.76 अरब डॉलर रहा। इस दौरान कच्चे तेल, परियोजना वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक सामान, चांदी तथा कोयला और कोक के आयात में वृद्धि हुई। अगस्त में सोने का आयात 57.75 प्रतिशत घटकर 2.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, कच्चे तेल का आयात 37.28 प्रतिशत बढ़कर करीब 16 अरब डॉलर रहा। पिछले महीने ब्रेंट कूड की कीमत 90 से 94 डॉलर प्रति बैरल के बीच रही। अगस्त में निर्यात वृद्धि जून, 2022 के बाद सबसे अधिक रही। जून, 2022 में निर्यात 30.12 प्रतिशत बढ़ा था। अगस्त में इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में क्रमशः 90 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और 63.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले महीने व्यापार घाटा गिरकर 26.86 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले व्यापार घाटे का सबसे निचला स्तर मार्च में 20.67 अरब डॉलर रहा था। यह अगस्त, 2025 में 27.22 अरब डॉलर और जुलाई, 2026 में 31.98 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अगस्त के निर्यात आंकड़ों को मजबूत बताया। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये आंकड़े विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ती क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाते हैं।व्यापार आंकड़ों पर संवाददाताओं से कहा कि निर्यात वृद्धि की अच्छी गति जारी है और इसमें और तेजी आ रही है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में आयात में वृद्धि मजबूत घरेलू आर्थिक विस्तार, बढ़ती ऊर्जा जरूरतों और विनिर्माण क्षेत्र की तेज वृद्धि के लिए जरूरी महत्वपूर्ण कच्चे माल के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि व्यापार घाटा बढ़ाने वाले प्रमुख कारकों में पेट्रोलियम, कच्चा तेल, कोयला, कोक एवं ब्रिकेट और इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल हैं।

लैम रिसर्च ने भारत में विस्तार का ऐलान किया

बेंगलुरु। सेमीकॉन इंडिया 2026 की तैयारी में, सेमीकंडक्टर बनाने वाली मशीनों और सेवाओं की दुनिया की प्रमुख कंपनी, लैम रिसर्च कॉर्प ने घोषणा की कि वह भारत में लगभग 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। इस राशि का उपयोग देश में अपनी पहली सिलिकॉन कंपोनेंट बनाने वाली फैक्ट्री लगाने और अपने एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) काम को और बढ़ाने के लिए किया जाएगा। यह योजनाबद्ध निवेश भारत में सेमीकंडक्टर सेक्टर के महत्वपूर्ण हिस्सों में लंबे समय के लिए निवेश करने की लैम की सोच को दर्शाता है। लैम पिछले 25 से भी ज्यादा सालों से भारतीय सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आगे रही है।

टाटा संस ने चंद्रशेखरन को तीसरी बार चेयरमैन बनाने को मंजूरी दी



मुंबई। टाटा संस के निदेशक मंडल ने बृहस्पतिवार को एन चंद्रशेखरन को कार्यकारी चेयरमैन के रूप में पांच साल के एक और कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्त करने को मंजूरी दी और कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की दिशा में कदम उठाने का फैसला किया।

हालांकि, टाटा संस में निर्णायक हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट ने चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए इसे अवैध बताया। टाटा समूह के मुख्यालय बॉम्बे हाउस में निदेशक मंडल की करीब तीन घंटे चली बैठक में ये फैसले लिए गए। यह बैठक चंद्रशेखरन के अगस्त में निदेशक मंडल को यह बताने के कुछ सप्ताह बाद हुई कि 20 फरवरी, 2027 को मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह पुनर्नियुक्ति नहीं चाहते। टाटा संस ने एक बयान में कहा, निदेशक मंडल की 17 सितंबर, 2026 को हुई बैठक में चंद्रशेखरन ने बोर्ड के अनुरोध पर अपने फैसले पर पुनर्विचार करने पर सहमति जताई। इसके बाद बोर्ड ने मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद पांच साल के एक और कार्यकाल के लिए उन्हें कार्यकारी चेयरमैन के रूप में पुनर्नियुक्त करने का बहुमत से फैसला किया। इसके साथ ही, निदेशक मंडल ने टाटा संस की सूचीबद्धता संबंधी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने की दिशा में कदम उठाने का फैसला किया। कंपनी ने कहा कि वह अनुपालन संबंधी शर्तों पर आरबीआई, टाटा ट्रस्ट और अन्य हितधारकों से मार्गदर्शन लेगी।

टाटा मोटर्स ने की अक्टूबर 2026 से कमर्शियल वाहनों की कीमतें बढ़ाने की घोषणा

मुंबई। भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहनों (कॉमर्शियल व्हीकल्स) की कीमतें बढ़ाने का फैसला किया है। कंपनी 1 अक्टूबर 2026 से कीमतों में 1% तक बढ़ोतरी करेगी। यह बढ़ोतरी कच्चे माल और अन्य लागतों में बढ़ोतरी के असर को कम करने के लिए की जा रही है। कीमतों में बदलाव वाहन के मॉडल और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगा।

सैमसंग इंडिया का 'गैलेक्सी फॉरएवर' प्रोग्राम की शुरुआत की

नई दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने 'गैलेक्सी फॉरएवर' प्रोग्राम के तहत अपने सबसे नए फ्लैगशिप फोल्डेबल स्मार्टफोन्स - गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा और गैलेक्सी जेड फोल्ड8 के लिए एक नया आसान पेमेंट प्लान पेश किया है। यह प्लान सैमसंग के फोल्डेबल को खरीदना पहले से कहीं ज्यादा आसान और किफायती बनाता है।इस 2 साल के प्रोग्राम के तहत, ग्राहक गैलेक्सी फॉरएवर प्रोग्राम फीस के साथ फोन की कुल कीमत का सिर्फ 60 प्रतिशत 24 महीनों की किस्तों में चुकाकर फोन ले सकते हैं। इससे हर महीने की किस्त में 25% की कमी आती है, जिससे भुगतान करना काफी आसान हो जाता है।

पेप्सिको ने जारी किया अपना 2025 ईएसजी परफॉर्मेंस अपडेट

नई दिल्ली। पेप्सिको ने अपना 2025 ईएसजी परफॉर्मेंस अपडेट जारी किया है, जो उसकी 'पेप्सिको पॉजिटिव' (पीईपी+) महत्वाकांक्षा के खिलाफ मापने योग्य प्रगति को रेखांकित करता है। पेप्सिको ने 60 से अधिक देशों में 47 लाख एकड़ जमीन पर रीजनेरेटिव, रीस्टोरेटिव और सुरक्षात्मक कृषि पद्धतियों का विस्तार किया है, अत्यधिक जल-जोखिम वाले क्षेत्रों में कंपनी के स्वामित्व वाली सुविधाओं पर 100प्रतिशत वाटर रिप्लेनिश्मेंट हासिल किया है, और प्राथमिक पैकेजिंग में वर्जिन प्लास्टिक के उपयोग को 6 प्रतिशत तक कम किया है। भारत में भी, पेप्सिको इन प्राथमिकताओं पर लगातार मजबूत प्रगति कर रहा है हम उस गति से बेहद उत्साहित हैं जिसे हम लगातार बना रहे हैं, क्योंकि 'पीईपी+' हमारे पूरे व्यवसाय को सिरे से बदल रहा है। हम महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं—रीजनेरेटिव, रीस्टोरेटिव और सुरक्षात्मक पद्धतियों को 47 लाख एकड़ तक बढ़ाने से लेकर, अपने संचालन से होने वाले उत्सर्जन को कम करने, और अधिक विकल्प देने के लिए अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को विकसित करने तक और हम इसे ऐसे तरीकों से कर रहे हैं।

सेमीकॉन 2.0 के तहत चिप डिजाइन पर जोर, 200 स्टार्टअप व कंपनियों को बढ़ावा देगी सरकार: वैष्णव



नयी दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार देश के सेमीकंडक्टर मिशन के अगले चरण सेमीकॉन 2.0 के तहत भारत में चिप डिजाइन करने वाले कम से कम 200 स्टार्टअप और कंपनियों को बढ़ावा देगी।

सेमीकॉन इंडिया 2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि चिप डिजाइन सेमीकॉन 2.0 के छह स्तंभों में पहला होगा। उन्होंने बताया कि मिशन के पिछले चरण में 105 से अधिक स्टार्टअप ने चिप डिजाइन के क्षेत्र में प्रयास किया था, जिनमें से करीब 20 को लगभग 800 करोड़ रुपये की उद्यम पूंजी मिली थी। वह महज शुरुआत थी। इस बार हमारा लक्ष्य बहुत बड़ा है। हम सेमीकंडक्टर की जरूरतों के पूरे दायरे में भारत में चिप डिजाइन करने वाले कम से कम 200 स्टार्टअप और कंपनियों को लक्ष्य बनाएंगे। देश ने पिछले कुछ वर्षों में सेमीकॉन 1.0 के जरिये घरेलू सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए बुनियादी आधार तैयार किया है। यह एक योजनाबद्ध कार्यक्रम था, जिसका मकसद प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और परिवेश तैयार करना था। अब हमें इस नींव पर इमारत खड़ी करनी है। उन्होंने मिशन के अगले चरण की रूपरेखा बताते हुए कहा कि इसके छह स्तंभ चिप डिजाइन, मशीन व सामग्री, चिप विनिर्माण संयंत्र, उन्नत पैकेजिंग, अनुसंधान एवं विकास तथा प्रतिभा हैं। सम्मेलन में 28 से अधिक देशों की भागीदारी है। कार्यक्रम की शुरुआत के पांच साल पहले प्रधानमंत्री से मिली सीख को याद करते हुए वैष्णव ने कहा, निकट अवधि के बारे में मत सोचो, दीर्घकाल के बारे में सोचो। केवल विनिर्माण संयंत्र (फैब) के बारे में मत सोचो, पूरे परिवेश के बारे में सोचो।

डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने की गोल्ड रिवार्ड पहल शुरू

नई दिल्ली। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने अपने संयुक्त देयतासमूह (जेएलजी) ग्राहकों के बीच जिम्मेदारी भरे पुनर्भुगतान व्यवहार की पहचान करने के लिए एक नई ग्राहक प्रोत्साहन पहल की घोषणा की है। इस पहल के तहत, बिना किसी देरी के समय पर माइक्रोफाइनेंस ऋण का पुनर्भुगतान करने वाले पात्र ग्राहकों को भुगतान की गई ब्याज की रकम के 2 प्रतिशत के बराबर गोल्ड रिवार्ड मिलेगा। यह पहल डीजेटी माइक्रोफाइनेंस के सभी नेटवर्क- उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, असम और पश्चिम बंगाल में लागू की जा रही है। इसका उद्देश्य ऐसे ग्राहकों की पहचान करना है जो निरंतर वित्तीय अनुशासन प्रदर्शित करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी पुनर्भुगतान प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हैं।

पेज एक का शेष

देश-विदेश

को जन्मदिन की बधाई दी और देश की सेवा के लिए उनके उत्तम स्वास्थ्य तथा दीर्घायु की कामना की। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए पूर्वोत्तर के विकास के लिए उनके समर्थन के प्रति आभार व्यक्त किया। तमांग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, सिक्किम सरकार और राज्य की जनता की ओर से मैं सिक्किम तथा पूर्वोत्तर के प्रति प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन, समर्थन और निरंतर प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। तमांग ने कहा, मैं प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, प्रसन्नता और उनके सतत ऊर्जा से भरे रहने की प्रार्थना करता हूं ताकि देश की सेवा करते रहें। उन्होंने कहा कि सिक्किम और पूरा पूर्वोत्तर मोदी के मार्गदर्शन में अधिक शांति, समृद्धि और विकास की ओर आगे बढ़ता रहेगा। तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय और अन्य नेताओं ने भी प्रधानमंत्री मोदी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। वर्ष 2047 के लिए प्रधानमंत्री की योजना पर जोर देते हुए राज्यपाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विकसित भारत-2047 का दृष्टिकोण हर नागरिक से व्यापक विकास, नवाचार, आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास की दिशा में देश की यात्रा में योगदान देने का आह्वान करता है। मुख्यमंत्री विजय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, एक मजबूत भारत के निर्माण की दिशा में समर्पण के साथ काम कर रहे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मैं जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता हूं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दीं। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच और अथक प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री वैश्विक मंच पर भारत के गौरव और ताकत को बढ़ा रहे हैं। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश की प्रगति, जन कल्याण और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के प्रति आपका समर्पण और प्रतिबद्धता अत्यंत प्रेरणादायी है। मैं ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना करता हूं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं देते हुए कहा, मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के.टी. परनाइक ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी दृष्टिकोण, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति गहरी प्रतिबद्धता ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाने में मदद की है। परनाइक ने कहा कि पिछले 12 वर्षों के दौरान, भारत ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास, जन कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक वृद्धि में उल्लेखनीय प्रगति देखी है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अपने संदेश में अरुणाचल प्रदेश के विकास के प्रति प्रधानमंत्री के अभूतपूर्व समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। खांडू ने मोदी के लंबे जीवन और विकसित भारत के निर्माण के लिए निरंतर सेवा की प्रार्थना करते हुए कहा, सीमावर्ती बुनियादी ढांचे और संपर्क व्यवस्था से लेकर परिवर्तनकारी विकास पहलों तक, आपके दृष्टिकोण और समर्थन ने अरुणाचल प्रदेश को पहले से कहीं अधिक मजबूत किया है। उपमुख्यमंत्री चौना मीन ने भी मोदी को बधाई दी और बुनियादी ढांचे, डिजिटल और समाज कल्याण जैसे क्षेत्रों में प्रगति लाने के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता की सराहना की। ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कम्भमपति ने मोदी के निर्वाचित प्रतिनिधि के तौर पर 25 वर्षों की जनसेवा की सराहना की। उन्होंने कहा, गुजरात की सेवा करने से लेकर देश का नेतृत्व करने तक, नरेन्द्र मोदी की यात्रा विकास, सुशासन और जनता की आकांक्षाओं के प्रति एक दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता हूं। कामना करता हूं कि उनका दृष्टिकोण और नेतृत्व एक मजबूत, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देता रहे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने से पहले एक वीडियो संदेश में कहा, प्रभु श्री जगन्नाथ उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए दीर्घायु, स्वस्थ जीवन और असीम शक्ति प्रदान करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

सीएम योगी

दीं। इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश को विकसित भारत की संकल्पना की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। पीएम के जन्मदिन पर देशभर में करोड़ों दीप सकारात्मक भाव और ऊर्जा के साथ प्रज्ज्वलित हो रहे हैं। राष्ट्र प्रेरणा स्थल समेत प्रदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों और लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के घरों में भी दीप जलाए जा रहे हैं। उन्होंने अभियान से जुड़े कर्मयोगी कार्यकताओं, लाभार्थियों और नागरिकों का अभिनंदन किया।

प्रदेश की 25 करोड़ जनता पीएम मोदी के साथ खड़ी

सीएम योगी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की पावन जयंती भी है। भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का शिल्पी बताते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नए भारत का शिल्पी बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने अपनी नई पहचान बनाई है और नए भारत का दर्शन हो रहा है। हर क्षेत्र के व्यक्ति को इस बदलाव पर गौरव की अनुभूति हो सकती है। भारत आज नई पहचान, नए इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक तकनीक में नेतृत्व देने वाले देश के रूप में आगे बढ़ रहा है।

पीएम मोदी

गंगाजल वडनगर ले जाया जाएगा ताकि हरकेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जा सके। सिंह ने बताया कि गुजरात की पवित्र नदियों और शर्मिष्ठा झील का जल वाराणसी लाया जाएगा ताकि बाबा विश्वनाथ का अभिषेक किया जा सके। उन्होंने कहा काशी की दिव्यता गुजरात जा रही है और गुजरात की आस्था काशी आ रही है। उन्होंने इसे यात्रा की सबसे बड़ी खासियत बताया। सिंह ने कहा कि जल का यह आदान-प्रदान भावनाओं के आदान-प्रदान का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा एक अद्भुत दृश्य पेश करेगी जब मोदी की जन्मभूमि और कर्मभूमि जल और आस्था के जरिए एक-दूसरे से जुड़ेंगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा वडनगर से जुड़े मूल्यों, काशी के आशीर्वाद और मोदी के सेवा करने के संकल्प का संगम भी है। सिंह ने कहा, यह संस्कार, साधना और सेवा के संगम की यात्रा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस ऐतिहासिक जुड़ाव की उन्होंने बात की थी, उसे सेवा संकल्प अभियान के जरिए आज के दौर के हिसाब से नया रूप दिया जा रहा है। इस अभियान का मकसद मोदी के जन्मदिन के जश्न को सेवा कार्यों से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में मंजिल तो अहम है ही, रास्ते में पड़ने वाले पड़ाव भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जहां सेवा कार्यक्रम तय किए गए हैं। सिंह ने कहा कि इन गतिविधियों का मकसद लोगों से बातचीत करना, विकास कार्यों में उनकी भागीदारी बढ़ाना और समाज के हर वर्ग तक पहुंचना है।

यमुना तट

क्षेत्र का महत्व केवल इसकी प्राकृतिक सुंदरता तक सीमित नहीं है। यह क्षेत्र इतिहास, संस्कृति, अध्यात्म और लोक परंपराओं की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मां यमुना की प्रतिमा की स्थापना, हरिघाट का विकास और मां यमुना-कृष्ण मंदिर का निर्माण क्षेत्र की धार्मिक पहचान को और व्यापक बनाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को विकसित करने के साथ उनकी मूल सांस्कृतिक पहचान और विरासत को सुरक्षित रखने पर भी विशेष ध्यान दे रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों पर होने वाले विकास का प्रत्यक्ष लाभ स्थानीय लोगों तक पहुंचे और पर्यटन ग्रामीण



भारत ने तीसरा टी-20 मैच 127 रन से जीता

अभिषेक ने 34 बॉल 108 रन बनाए, सैमसन की फिफ्टी, नीतीश-बिश्नोई को 3 विकेट

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच को 127 रन से जीत लिया है। इसी के साथ उसने 3 मैचों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 222 रन का टारगेट चेज कर रही अफगानिस्तान की टीम 14.1 ओवर में 94 रन पर ऑलआउट हो गई। नीतीश कुमार रेड्डी और रवि बिश्नोई ने 3-3 विकेट झटके। अक्षर पटेल को 2, जसप्रीत बुमराह और यश ठाकुर को एक-एक विकेट मिला। अभिषेक शर्मा सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने। उन्होंने 30 गेंद पर सेंचुरी जमा दी। अभिषेक ने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा।

रोहित ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में 35 बॉल में शतक लगाया था। जवाब में अफगानिस्तान ने 4 ओवर में 2 विकेट पर 33 रन बनाए हैं। इब्राहिम जादरान पिच पर हैं। अक्षर ने एक ही ओवर में रहमानुल्लाह गुरबाज और सेदिकुल्लाह अटल को आउट किया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अभिषेक शर्मा सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने। उन्होंने 30 गेंद पर सेंचुरी जमा दी। अभिषेक ने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा। रोहित ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में 35 बॉल में शतक लगाया था। गुरुवार को भारत ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 221 रन बनाए। अभिषेक ने 34 गेंद पर 108 रन की पारी खेली। संजू सैमसन ने 35 गेंद पर 50 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 59 गेंद पर 142 रन जोड़े। अफगानिस्तान के लिए अजमतुल्लाह उमरजई ने 2 विकेट लिए। राशिद खान और अब्दुल्लाह अहमदजई को एक-एक विकेट मिले। भारत से 3 प्लेयर रनआउट हुए।



अक्षर पटेल ने चौथे ओवर में 2 विकेट लेकर अफगानिस्तान को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने पहले रहमानुल्लाह गुरबाज को 15 रन पर बोल्ड किया और फिर सेदिकुल्लाह अटल को 1 रन पर अभिषेक शर्मा के हाथों कैच कराया। 4 ओवर के बाद अफगानिस्तान का स्कोर 33/2 है।

इब्राहिम जादरान 10 गेंदों में 16 रन बनाकर खेल रहे हैं। अफगानिस्तान ने 222 रन का पीछा करते हुए 2 ओवर में बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए हैं। रहमानुल्लाह गुरबाज 9 गेंदों में 14 रन और इब्राहिम जादरान 3 गेंदों में 7 रन बनाकर खेल रहे हैं। पहले ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी ने 15 रन दिए, जबकि जसप्रीत बुमराह के ओवर से 6 रन आए। भारत ने 20 ओवर में 221/7 रन बनाए। आखिरी ओवर में श्रेयस अय्यर रन आउट हो गए। फजलहक फारूकी की यॉर्कर पर अय्यर ने गेंद को शॉर्ट थर्ड की ओर खेलकर रन लेने की कोशिश की, लेकिन इब्राहिम जादरान के सीधे थ्रो ने उन्हें क्रीज से बाहर कर दिया।

अय्यर ने 20 गेंदों में 29 रन बनाए, जिसमें 2 छक्के शामिल रहे। अक्षर पटेल 5 रन बनाकर नाबाद रहे। अब्दुल्लाह अहमदजई ने 18.3 ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी को आउट कर भारत को छठा झटका दिया। नीतीश मुजीब उर रहमान को कैच दे बैठे। वे 4 गेंदों में 1 रन बनाकर आउट हुए। 19 ओवर के बाद भारत का स्कोर 215/6 है। श्रेयस अय्यर 17 गेंदों में 27 और अक्षर पटेल 1 रन पर खेल रहे हैं। भारत ने 17वें ओवर में 200 रन पूरे कर लिए हैं। 16.6 ओवर के बाद टीम का स्कोर 201/4 है। श्रेयस अय्यर 12 गेंदों में 17 और ईशान किशन 6 गेंदों में 8 रन पर खेल रहे हैं।

16.6 पर अय्यर ने फुल टॉस को वाइड लॉन्ग ऑन की ओर खेलकर 3 रन लिए। डीप में राशिद खान से मिसफील्ड हुआ, जिससे भारत 200 के पार पहुंच गया। अजमतुल्लाह उमरजई ने 15.3 ओवर में शिवम दुबे को आउट कर भारत को चौथा झटका दिया। दुबे ने गेंद को लॉन्ग ऑन के ऊपर से खेलने की कोशिश की, लेकिन राशिद खान ने लंबी दौड़ लगाकर फुल-लेंथ डाइव लगाई और हवा में कैच लपक लिया। दुबे 10 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 1 चौका और 1 छक्का लगाया। राशिद खान के 15वें ओवर में भारत ने 17 रन बटोरे। शिवम दुबे ने ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया, जबकि श्रेयस अय्यर ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़ा। 15 ओवर के बाद भारत का स्कोर 184/3 है। अय्यर 8 गेंदों में 11 और दुबे 8 गेंदों में 13 रन पर खेल रहे हैं। राशिद ने 4 ओवर में 43 रन देकर 1 विकेट लिया। अजमतुल्लाह उमरजई ने 13.1 ओवर में संजू सैमसन को आउट कर दिया। सैमसन ने लेंथ गेंद को लॉन्ग ऑफ के ऊपर से खेलने की कोशिश की, लेकिन शॉट सीधे राशिद खान के हाथों में चला गया। सैमसन 35 गेंदों में 50 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 2 चौके और 4 छक्के शामिल रहे।

मेस्सी ने इंटर मियामी के लिए सौवां गोल दागा

मियामी। लियोनेल मेस्सी ने इंटर मियामी फुटबॉल क्लब के लिये सौवां गोल दागा जिसकी मदद से टीम ने केंपियोनेस कप में क्रूज अजुल को 2-0 से मात दी। मेस्सी ने 24वें मिनट में पहला गोल किया जो 115 मैचों में उनका 100वां गोल था। केसमिरो ने 81वें मिनट में मेस्सी से मिले कॉर्नर पर दूसरा गोल दागा। पिछले पांच मैचों में ब्राजील के मिडफील्डर केसमिरो का यह चौथा गोल था।

इस जीत से इंटर मियामी ने मेस्सी के आगमन के तीन साल बाद एक और ट्रॉफी अपने नाम की। इससे पहले टीम लीग्स कप 2023, सपोर्टर्स शील्ड 2024 और एमएलएस कप 2025 जीत चुकी है। वहीं दूसरी ओर ईस्ट बंगाल ने एएफसी चैम्पियन लीग टू ग्रुप डी के पहले मैच में जोर्डन प्रो लीग चैम्पियन अल हुसैन एससी के खिलाफ दो गोल की बढत बनाने के बावजूद

फीफा अंडर-15 विश्व कप 2026 भारत के ग्रुप में बहरीन, कैमरून, ग्रेनाडा, लाओस और सेनेगल

2-2 से ड्रॉ खेला। आईएसएल चैम्पियन ईस्ट बंगाल हाफटाइम तक 2-0 से आगे थी। उसके लिये डेनियल रामिरेज और अनवर अली ने गोल किये। लेकिन अपने घरेलू मैदान पर खेल रही अल हुसैन ने दूसरे हाफ में दो गोल करके मैच ड्रॉ करा लिया।

ईस्ट बंगाल का सामना अब ईराक के अल शोर्टा एससी से 13 अक्टूबर को विवेकानंद युबा भारती क्रीडांगन पर होगा। वहीं दूसरी ओर भारत को अक्टूबर में बाकू में होने वाले पहले फीफा अंडर-15 विश्व कप और महोत्सव अजरबैजान 2026 के ग्रुप के में बहरीन, कैमरून, ग्रेनाडा, लाओस और सेनेगल के साथ रखा गया है। भारतीय अंडर-15 पुरुष टीम बाकू में क्वालीफिकेशन चरण के दौरान तीन



दिन में पांच मुकाबले खेलेगी। भारत 24 अक्टूबर को लाओस के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके अगले दिन 25 अक्टूबर को भारत दो मुकाबले खेलेगा। पहले उसका सामना कैमरून से होगा और फिर ग्रेनाडा के खिलाफ मैच होगा। फिर 26 अक्टूबर को एक और डबल-हेडर के साथ क्वालीफिकेशन चरण पूरा करेगा जिसमें पहले वह बहरीन से भिड़ेगा और इसके बाद सेनेगल के खिलाफ खेलेगा।

कोच बिबियानो फर्नांडिस के मार्गदर्शन में भारतीय टीम फिलहाल बेंगलुरु स्थित खेल उत्कृष्टता केंद्र में ट्रेनिंग कर रही है। अजरबैजान रवाना होने से पहले टीम घरेलू मैदान पर अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले भी खेलेगी। इसके बाद 14 खिलाड़ियों की टीम अजरबैजान की यात्रा करेगी। इस टूर्नामेंट में सभी फीफा सदस्य संघों को भाग लेने की अनुमति है। कुल 191 राष्ट्रीय टीम को 32 ग्रुप में बांटा गया है। प्रतियोगिता के छह दिन में 20 मैदानों पर कुल 943 मैच खेले जाएंगे। फीफा अंडर-15 विश्व कप और महोत्सव के मुकाबले आठ खिलाड़ियों वाली टीम के प्रारूप में खेले जाएंगे।

संक्षेप

एशियाई खेल 2028 ओलंपिक की झलक

नागोया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने बृहस्पतिवार को आइची-नागोया एशियाई खेलों को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारियों की दिशा में अहम बताया जिसमें महिला क्रिकेट पहली बार शामिल होगा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी इस बात का समर्थन करते हुए कहा कि टीम एशियाई खेलों की तरह ही ओलंपिक में भी जीतने की मानसिकता के साथ उतरेगी। मौजूदा चैंपियन भारत शुक्रवार को यहां मेजबान जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। महिला स्पर्धा में सभी आठ टीम सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए खेलेंगी। महिला टी20 एशिया कप जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और दुबई से नागोया पहुंची भारतीय टीम अपनी लय बरकरार रखते हुए एशियाई खेलों में दूसरे स्वर्ण पदक पर नजरें लगाए हुए है। मजूमदार ने कहा, मुझे लगता है कि यह एशियाई खेल भारतीय महिला टीम के ओलंपिक अभियान की दिशा में एक शानदार झलक हैं। हम यहां कुछ चीजों के आदी हो रहे हैं। क्रिकेट की दुनिया के अलग हिस्से जैसे जापान का दौरा करना हमारे लिए नया अनुभव है क्योंकि हम इससे पहले इस देश में नहीं आए हैं।

बीसीसीआई एजीएम के एजेंडे में अंडमान-निकोबार को सदस्यता, आईसीसी में प्रतिनिधि की नियुक्ति शामिल

मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शुक्रवार को यहां होने वाली 95वीं आम सालाना बैठक (एजीएम) में अंडमान एवं निकोबार द्वीप क्रिकेट संघ को एसोसिएट सदस्यता प्रदान करना और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में बीसीसीआई के प्रतिनिधि की नियुक्ति प्रमुख मुद्दों में शामिल होंगे। मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में होने वाली यह एजीएम सामान्य प्रक्रिया के तहत होने की उम्मीद है। बैठक में आईपीएल संचालन परिषद में आम सभा के दो प्रतिनिधियों को शामिल करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा। इसके अलावा कुछ ऐसे चुनाव भी होंगे जिनके परिणाम लगभग तय माने जा रहे हैं। आईपीएल संचालन परिषद के मौजूदा अध्यक्ष अरुण धूमल को इस पद पर दोबारा चुना जाएगा जबकि खैरुल मजूमदार को सदस्य के तौर पर चुना जाएगा। बीसीसीआई के निर्वाचन अधिकारी ए के ज्योति ने पिछले सप्ताह चुनाव के लिए उनके नामांकन को मंजूरी दे दी थी। धूमल और मजूमदार दोनों का निर्विरोध चुना जाना तय है।

जापान व भारत का मुकाबला आज

एजेंसी

नागायो। पिछले सप्ताह दुबई में रिकॉर्ड आठवीं बार महिला टी20 एशिया कप जीतने के बाद गत चैंपियन और प्रबल दावेदार भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत क्वार्टरफाइनल में मेजबान जापान के खिलाफ करेगी। दुबई में आठवां एशिया कप खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम का

जापान के खिलाफ खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत करेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। लेकिन एशियाड के नॉकआउट प्रारूप में उनके पास गलतियों की गुंजाइश बहुत कम होगी। महिला स्पर्धा में आठ टीम हिस्सा ले रही हैं और प्रतियोगिता सीधे क्वार्टरफाइनल से शुरू होगी। इसका मतलब है कि किसी भी टीम को टूर्नामेंट में परिस्थितियों के अनुरूप ढलने के लिए ग्रुप चरण के मुकाबले नहीं मिलेंगे और एक हार अभियान को समाप्त करने के लिए काफी होगी। भारत के लिए शेफाली वर्मा अहम होंगी, उन्होंने एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें वह टीम की सबसे अधिक रन बनाने वाली



बल्लेबाज और टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। शीर्ष क्रम में उनकी निरंतरता ने भारत को संयुक्त अरब अमीरात में मजबूत शुरुआत दिलाई। हालांकि स्मृति मंधाना का अभियान उतार-चढ़ाव भरा रहा था। वह भी भारत के एक और खिताबी अभियान की शुरुआत के साथ अपनी पुरानी लय हासिल करने के लिए उत्सुक होंगी। भारत की गेंदबाजी काफी हद तक अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी के इर्द-गिर्द रहेगी।

साइना नेहवाल ने खेलें साणंद उत्सव 2026 का किया उद्घाटन

साणंद (गुजरात)। ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने बृहस्पतिवार को यहां खेलें साणंद स्पोर्ट्स उत्सव 2026 का उद्घाटन किया। इसके साथ ही साणंद तालुका के सभी 105 गांवों में 18 दिवसीय ओलंपिक खेल अभियान की शुरुआत हुई। विजयी भारत फाउंडेशन (वीबीएफ) की खेलें साणंद पहल के तहत आयोजित यह खेल उत्सव 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य 150 से अधिक स्कूलों के 25,000 से ज्यादा विद्यार्थियों को खेलों से जोड़ना है। इसमें पांच से 17 वर्ष की आयु के लड़के और लड़कियां अंडर-8, अंडर-11, अंडर-14 और अंडर-17 वर्गों में हिस्सा लेंगे। उत्सव में कबड्डी, सॉफ्टबॉल थ्रो।

एशियाड 2018 के बॉल ब्वॉय इंडोनेशियाई हॉकी खिलाड़ी रमादान के आदर्श हैं हार्दिक

नागोया। भारत के महान खिलाड़ियों सरदार सिंह और रूपिंदर पाल सिंह के साथ 2018 एशियाई खेलों में हॉकी मैचों के दौरान तस्वीरें खिंचवाने वाले बॉल ब्वॉय अहदान असासी रमादान अब इंडोनिशिया टीम का हिस्सा हैं और आइची नागोया खेलों में भारत के खिलाफ खेलने का उनका सपना पूरा होने जा रहा है। इंडोनेशिया के 27 वर्ष के मिडफील्डर रमादान ने एफआईएच प्रो लीग में भारत के मैच देखे हैं और टीवी पर हॉकी इंडिया लीग भी देखते हैं। भारत के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह के मुरीद रमादान ने कहा, मेरे और मेरे साथी खिलाड़ियों के लिये भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलना सम्मान की बात है। मैने एफआईएच प्रो लीग में भारत के मैच देखे हैं और मैं टीवी पर हॉकी इंडिया लीग भी देखता हूं। उन्होंने कहा, मैं जकार्ता एशियाई खेल 2018 में बॉल पिकर था। मुझे याद है कि भारत ने इंडोनेशिया को 17-0 से हराया था। उस मैच के बाद मैने सरदार सिंह, रूपिंदर पाल सिंह और विवेक सागर प्रसाद के साथ तस्वीर ली थी। उन्होंने कहा, अब मैं उनके खिलाफ खेलने जा रहा हूं तो बहुत रोमांचित हूं। मुझे काफी कुछ सीखने को मिलेगा। यह सपना सच होने जैसा है।

एशियाई खेलों की टेकबॉल स्पर्धा से गोंजाल्वेस-बेग की जोड़ी बाहर

नागोया। भारत के डेकलान मार्शल गोंजाल्वेस और मोहम्मद अनस इमरान बेग बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की पुरुष युगल टेकबॉल स्पर्धा में अपने दोनों ग्रुप मैच हारकर पदक की दौड़ से बाहर हो गए। गोंजाल्वेस-बेग की जोड़ी को ग्रुप बी में दोनों मुकाबालों में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को पहले वियतनाम के त्रुओंग जियांग बा और आन खोआ ले ने 12-10, 12-8 से हराया। इसके बाद दक्षिण कोरिया के जुनसुक ली और ताएबीन ली ने उन्हें 12-4, 12-7 से शिकस्त दी। टेकबॉल उन छह खेलों में शामिल है जो आइची-नागोया एशियाई खेलों में पदार्पण कर रहे हैं। अन्य खेलों में मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एमएए), पैडल, सर्फिंग, बीएमएक्स फ्रीस्टाइल और वर्चुअल ताइक्वांडो शामिल हैं।

चक दे इंडिया से प्रेरित इंडोनेशियाई हॉकी खिलाड़ी भारत का सामना करने को तैयार

एजेंसी

नागोया। एशियाई खेलों में भारत का सामना करने की तैयारी में जुटे इंडोनेशिया के युवा हॉकी खिलाड़ियों के लिये चक दे इंडिया सिर्फ एक बॉलीवुड फिल्म नहीं है बल्कि उनकी प्रेरणा है जिसे देखकर उन्हें आत्मविश्वास मिला है कि कमजोर मानी जाने वाली टीमें भी कमाल कर सकती हैं। इंडोनेशिया के मिडफील्डर फर्डियन फातुर रहमान 2007 में आई शाहरूख खान की चक दे इंडिया के दीवाने हैं और कई बार यह फिल्म देख चुके हैं। इस फिल्म में बताया गया है कि तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों से पार पाकर कैसे महिला हॉकी टीम विश्व चैम्पियन बनती है और कैसे एक कलंकित कोच कबीर खान बिखरी हुई टीम को एक विश्व कप विजेता भारतीय टीम में बदलकर अपना खोया सम्मान भी फिर हासिल करता है।

टीम के एक अन्य सदस्य फिरदौस मुहम्मद ने भी यह फिल्म देखी है। इंडोनेशिया टीम के लगभग हर खिलाड़ी ने कम से कम एक बार तो यह टीम देखी ही है। इंडोनेशिया को एशियाई खेलों में 20 सितंबर को पूल ए में पहला मैच गत चैम्पियन भारत से खेलना है। हांगझोउ एशियाई खेल 2023 में भाग ले चुके रहमान को कोच कबीर खान का शुरूआती रोलकॉल याद है जिसमें वह हर खिलाड़ी से पूछते हैं कि वह कहां से है और इसके बाद कहते हैं।

एशियाड महिला क्रिकेट : पाक ने थाईलैंड को हराया

एजेंसी

नागोया। बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम मैदान पर उतरे बिना ही एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि पाकिस्तान को थाईलैंड जैसी कमजोर टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने में काफी पसीना बहाना पड़ा। बांग्लादेश अपनी ऊंची अंतरराष्ट्रीय

बांग्लादेश खेले बिना सेमीफाइनल में

रैंकिंग के कारण अंतिम चार में पहुंचा जब चीन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला बृहस्पतिवार को गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया। आइची प्रांत के खूबसूरत निशिन शहर में कारोगी स्पोर्ट्स पार्क में होने वाले इस टी20 मुकाबले में टॉस भी नहीं हो सका। बांग्लादेश आईसीसी टी20 रैंकिंग में 10वें और चीन 36वें स्थान पर है। वहीं



पाकिस्तान ने 92 रन के लक्ष्य के जवाब में तीन विकेट से जीत दर्ज की। बारिश के कारण मैच कम ओवरों का कर दिया गया था। बांग्लादेश का सामना भारत और जापान के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। यह मुकाबला शुक्रवार को होगा जबकि सेमीफाइनल 20 सितंबर को होना है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम आठ टीमों की स्पर्धा में पिछली चैम्पियन है। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को श्रीलंका और मलेशिया के बीच मुकाबले के विजेता से खेलेगी। पाकिस्तान और थाईलैंड का मुकाबला गीली आउटफील्ड के कारण देर से शुरू हुआ और इसे घटाकर 11 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने वाली थाईलैंड की टीम ने चार विकेट पर 91 रन बनाये। उसकी विकेटकीपर और तीसरे नंबर की बल्लेबाज एन कोंचारोएनकाइ ने 38 गेंद में 49 रन बनाये। जवाब में पाकिस्तान के लिये शावाल जुल्फिकार (25) और फातिमा सना (21) ही उल्लेखनीय पारियां खेल सकी जबकि बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। थाईलैंड के लिये आफ स्पिनर ओनिचा कामचोम्फू ने तीन और सुनिदा सी ने दो विकेट लिये।

एशियाई खेलों के लिये रवाना भारतीय तलवारबाजी दल

नयी दिल्ली। ओलंपियन सी ए भवानी देवी की अगुवाई में भारत का 20 सदस्यीय तलवारबाजी दल एशियाई खेलों के लिये जापान रवाना हो गया जिसमें चोटिल प्राची लोहान की जगह एपी स्पर्धा में अनुप्रिया को मंजूरी मिलने पर उतारा जायेगा। भारतीय दल में 20 खिलाड़ी, पांच कोच और एक फिजियो है जो बुधवार को रवाना हुए। भारतीय साबरे टीम में भवानी देवी, श्रेया गुप्ता, जेफरलिन जेएस और श्रुति जोशी हैं जबकि महिला एपी टीम में तनिष्का खत्री, मितवा चौधरी, यशकीरत कौर और अनुप्रिया के नाम हैं। महिला फॉइल में जॉयस अशिता, एन मीना देवी, कनुप्रिया चावला और सोनिया देवी वाइकोम उतरेंगी। पुरूषों के वर्ग में करण सिंह, के पी गिशोनिधि, लक्ष्य बाडसर और विशाल थापर साबरे टीम में हैं।

भारत-कोरिया मुकाबले का नतीजा जीतने की इच्छाशक्ति पर निर्भर : सुमित नागल

एजेंसी

सियोल। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने बृहस्पतिवार को कहा कि चुनौतीपूर्ण धीमे कोर्ट पर कोरिया के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर इस बात पर निर्भर करेगा कि किसमें जीतने की इच्छाशक्ति अधिक है। नागल का सामना दूसरे एकल मुकाबले में कोरिया के दिग्गज हियोन चुंग से होगा। दक्षिणेश्वर सुरेश पहले मैच में कोरिया के शीर्ष खिलाड़ी क्वोन सुन वू से खेलेंगे। नागल ने ड्रॉ के बाद कहा, डेविस कप में व्यक्तिगत नतीजे मायने नहीं रखते। वह अपने कोर्ट पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा और बेहतरीन खिलाड़ी भी है। मैंने कई बार उनके साथ अभ्यास किया है और युगल मुकाबले खेले भी हैं। उन्होंने कहा, मेरे खेलने तक शाम के चार बज जायेंगे और कोर्ट धीमा हो जायेगा। इसमें नतीजा इस पर निर्भर करेगा कि जीतने की इच्छाशक्ति किसमें अधिक है। प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कोई खास हथियार नहीं है, बस यही है कि कौन जीतना अधिक चाहता है। चुंग ने कहा, मैं सुमित को जानता हूं और वह बेसलाइन का शानदार खिलाड़ी है। मुझे काफी मूवमेंट करने होंगे। युगल में एन श्रीराम बालाजी और निकी पूनाचा खेलेंगे। पूनाचा को युकी भांबरी के चोटिल होने के कारण ऐन मौके पर शामिल किया गया है। भारतीय कप्तान रोहित राजपाल ने कहा कि कोर्ट को देखते हुए अनिरूद्ध चंद्रशेखर की जगह निकी पूनाचा को लेने का फैसला किया गया।

एक गीत, एक चोटिल खिलाड़ी और गोल्डन गोल

एजेंसी

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों में भारतीय हॉकी टीम को पहला स्वर्ण पदक जीते छह दशक बीत गए लेकिन टीम के धुरंधर सेंटर फॉरवर्ड हरबिंदर सिंह के जेहन में आज भी उसकी यादें ताजा है और वह गाना आज तक नहीं भूले जो टीम बस में हमेशा बजता था। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने बैंकॉक में

हरबिंदर ने ताजा की 1966 एशियाड हॉकी स्वर्ण की यादें

1966 एशियाई खेलों में पहली बार स्वर्ण पदक जीता था।

इसके 32 साल बाद 1998 में बैंकॉक में ही धनराज पिल्लै की कप्तानी में भारत ने दूसरी बार स्वर्ण जीता। इंचियोन में 2014 के बाद हांगझोउ एशियाई खेलों में 2022 में भारतीय टीम ने स्वर्ण जीतकर



ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया। तोक्यो ओलंपिक 1964 चैम्पियन भारतीय टीम के लिये पांच गोल करने वाले हरबिंदर ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा, हमने दो साल पहले ही तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीता था और लिहाजा जोश काफी हाई था क्योंकि तोक्यो ओलंपिक के ही अधिकांश खिलाड़ी इस टीम में थे।

हमने ठान लिया था कि एशियाई खेलों में भी पहला स्वर्ण जीतकर मानेंगे। तीन बार के ओलंपिक पदक विजेता 83 बरस के इस दिग्गज ने कहा, शंकर लक्ष्मण की कप्तानी वाली हमारी टीम फाइनल में पहुंची थी और मुकाबला दो बार की चैम्पियन पाकिस्तान से था। मैच की शुरूआत रफ हुई थी और पहले पांच मिनट में ही पाकिस्तानी खिलाड़ी की स्टिक लगने से हमारे राइट विंग रेलवे के बलबीर सिंह चोटिल हो गए और उन्हें स्ट्रेचर पर बाहर जाना पड़ा।

उन्होंने कहा, उस समय सब्स्टीट्यूशन का नियम नहीं था और लगभग पूरा मैच हमें दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। पाकिस्तान की टीम काफी मजबूत थी और पूरे 70 मिनट गोलरहित रहा। अतिरिक्त समय में साढे सात मिनट के पहले हाफ में गोल नहीं हुआ। पद्मश्री से नवाजे जा चुके हरबिंदर ने कहा, दूसरा हाफ खत्म होने में पांच मिनट बचे थे और चोटिल बलबीर घुटने में पट्टी बांधकर साइडलाइन में खड़े थे। बाकी खिलाड़ी उनसे कहने लगे कि एक पैर से खेल ले, बाहर क्यो खड़ा है।

भारत की नजरें डेविस कप अंतिम आठ में जगह बनाने पर, दक्षिणेश्वर से उम्मीदें

सियोल। भारतीय टीम कोरिया के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर दूसरे दौर के मुकाबले में उतरेगी तो नजरें डेविस कप अंतिम आठ में जगह बनाने पर लगी होंगी और एक बार फिर दक्षिणेश्वर सुरेश से अपेक्षाओं पर खरे उतरने की उम्मीदें होंगी। दक्षिणेश्वर का सामना शुक्रवार को कोरिया के नंबर एक खिलाड़ी सूनवू क्वोन से होगा।

दोनों टीमों के शीर्ष एकल खिलाड़ियों का सफर काफी अलग अलग रहा है लेकिन दोनों एक ही स्थिति में हैं। दोनों के पास अनुभव की कमी नहीं है और रैंकिंग में नीचे जाने के बाद फिर ऊपर आने की कोशिश कर रहे हैं। सियोल के धीमे, नीचे की ओर उछाल वाले कोर्ट पर दक्षिणेश्वर की काबिलियत की परख कोरिया के शीर्ष खिलाड़ी के खिलाफ होगी जो एटीपी टूर पर दो खिताब जीतने वाले अकेले कोरियाई हैं। विश्व रैंकिंग में 367वें स्थान पर काबिज दक्षिणेश्वर फरवरी में नीदरलैंड के खिलाफ भारत की 3-2 से जीत के नायक थे जिन्होंने तीनों मैच जीते थे। उनके सामने उसी लय को कायम रखने की चुनौती है लेकिन यहां के हालात उनके आक्रामक खेल के अनुरूप नहीं हैं। कोरिया ने कोर्ट को धीमा और नीचे की ओर उछाल लेने वाला बनाया है जिस पर दक्षिणेश्वर की दमदार सर्विस और तकनीकी कौशल की परीक्षा होगी। दक्षिण कोरिया ने पिछले दौर में अर्जेंटीना को 3-2 से हराया और क्वोन ने दोनों मैच जीते थे। दक्षिणेश्वर ने कहा, मैने चैलेंजर टूर पर क्वोन को देखा है।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर बीबीडी ग्रुप ने आयोजित किये कई कार्यक्रम










रियासतों को भारतीय संघ में विलय करने में पटेल की अहम भूमिका : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

हैदराबाद। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के पहले उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के बाद रियासतों का भारतीय संघ में विलय करने में असाधारण जिम्मेदारी निभाई तथा मजबूत, एकजुट एक भारत की नींव रखी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि केवल पटेल की वजह से ही एक भारत हमेशा एक भारत बना रहेगा। हैदराबाद रियासत के भारतीय संघ में विलय की वर्षगांठ पर केंद्र सरकार द्वारा आयोजित हैदराबाद मुक्ति दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पटेल के योगदान को राष्ट्रीय एकीकरण के व्यापक संदर्भ में समझा जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 17 सितंबर 1948 का दिन स्वतंत्र भारत के इतिहास में निर्णायक अध्याय के समापन का दिन है जब सितंबर 1948 की घटनाओं और ऑपरेशन पोलो के बाद तत्कालीन हैदराबाद रियासत का भारतीय संघ में विलय हुआ था। उन्होंने कहा कि हैदराबाद मुक्ति दिवस केवल किसी ऐतिहासिक तिथि का स्मरणोत्सव नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र-निर्माण की यात्रा और उन मूल्यों की याद दिलाता है जो भारत को एक सूत्र में बांधे रखते हैं। उन्होंने कहा, उस समय हैदराबाद का मुद्दा सबसे जटिल मुद्दों में एक



था और जब बातचीत विफल हो गई तो भारत सरकार ने 13 सितंबर, 1948 को ऑपरेशन पोलो शुरू किया। यह अभियान 17 सितंबर, 1948 को निजाम की सेना के आत्मसमर्पण के साथ समाप्त हुआ। राष्ट्रीय एकीकरण में पटेल के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व उप-प्रधानमंत्री ने उस समय एक असाधारण जिम्मेदारी निभाई जब भारत विभाजन के घावों से उबर रहा था और साथ ही सैकड़ों रियासतों का एक संघ में विलय कर रहा था। राधाकृष्णन ने कहा, पटेल ने एक मजबूत, एकजुट एक भारत की मजबूत नींव रखी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जहां महात्मा गांधी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं पटेल ने रियासतों को आधुनिक भारत के साथ एकजुट करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हैदराबाद संघर्ष के पीछे के जनांदोलन को श्रद्धांजलि देते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि छात्रों, बुद्धिजीवियों, लेखकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, किसानों और आम नागरिकों ने इस संघर्ष में भाग लिया तथा कारावास, हिंसा और भारी व्यक्तिगत कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने रामजी गोड, तुंबाज खान और कोमाराम भीम सहित देशभक्तों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका साहस हमें याद दिलाता है कि इतिहास केवल सरकारी कार्यालयों या प्रसिद्ध राजनेताओं द्वारा नहीं, बल्कि उन आम नागरिकों द्वारा भी बनाया जाता है जो अन्याय को अपनी नियति मानने से इनकार कर देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की एकता के लिए यह आवश्यक नहीं है कि हर नागरिक एक जैसा हो। उन्होंने कहा कि भारतीय अलग-अलग भाषाएं बोल सकते हैं।

सत्ता का दरवाजा नहीं दिखने से विपक्षी नेता बेचैन : नवीन



इंदौर (मध्यप्रदेश)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने विपक्षी नेताओं पर बृहस्पतिवार को निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता हासिल करने का कोई भी दरवाजा दिखाई नहीं देने से उन्हें बेचैनी हो रही है। नवीन ने यह बात लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इंदौर में 19 सितंबर को होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम से दो दिन पहले कही। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार युवाओं के हित में कई योजनाएं संचालित कर रही है। भाजपा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन और निर्वाचित जन प्रतिनिधि के तौर पर उनके 25 वर्ष पूरे होने पर इंदौर में राज्य सरकार के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को मोदी के नेतृत्व में भारत का तेज रफ्तार विकास, गरीब कल्याण और रक्षा क्षेत्र में देश का स्वाभिमान देखकर पीड़ा होती है। नवीन ने कहा, चूंकि उन्हें (विपक्षी नेता) अब सत्ता का कोई दरवाजा नहीं दिख रहा है, इसलिए उन्हें भीतर ही भीतर बेचैनी हो रही है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि नयी दिल्ली में हाल ही में संपन्न 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नजर आ रहा था कि दुनिया के शक्तिशाली मुल्क भारत के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हैं, लेकिन विपक्ष के नेता भारत की धाक के बजाय सम्मेलन में परोसे गए व्यंजनों की सूची देख रहे थे। नवीन ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के सेवा दिवस, सेवा संकल्प अभियान, और आशीर्वाद का दीया जैसे आयोजनों को लेकर सवाल उठाने वाले विपक्षी नेताओं को आड़े हाथों लिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, आपने (विपक्षी नेता) केवल राजनीति की, हमने समाज को जोड़कर जनता को विकास की राह पर आगे ले जाने का काम किया। आप सेवा शब्द का मतलब समझ ही नहीं सकते। नवीन ने कहा कि मोदी ने राष्ट्र प्रथम के नारे से पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया है, जबकि विपक्ष की सोच सेल्फ फर्स्ट, पार्टी नेक्स्ट और नेशन लास्ट की है।

इंटरटेनमेंट...

आईआईएफए अवॉर्ड्स 2027 अबू धाबी में होगा



मुंबई। इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स का 27वां संस्करण 22-23 जनवरी 2027 को अबू धाबी में होगा। सलमान खान, करीना कपूर खान और शाहिद कपूर समेत कई सितारे इसमें शामिल होंगे। करण जौहर, वरुण धवन, जाह्नवी कपूर, पंकज त्रिपाठी और अली फजल भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। दो दिन के इस इवेंट में कलाकार, फिल्ममेकर और म्यूजिक आर्टिस्ट शामिल होंगे। सलमान खान ने अपने करियर में पहली बार 22वें आईआईएफए अवार्ड्स (2022) की मुख्य सेरेमनी को होस्ट किया था। आईआईएफए 2027 का आयोजन अबू धाबी के यास आइलैंड स्थित एतिहाद एरिना में होगा। अबू धाबी में आईआईएफए का यह चौथा आयोजन होगा। कार्यक्रम डिपार्टमेंट ऑफ कल्चर एंड टूरिज्म अबू धाबी और मिराल के साथ साझेदारी में होगा। दो दिन के इस कार्यक्रम में सितारों की परफॉर्मेंस और अवॉर्ड्स सेरेमनी होगी। 27वां संस्करण 2027 में यास आइलैंड के एतिहाद एरिना, अबू धाबी में आयोजित किया जाएगा। करीना ने फिल्म 'जब वी मेट' (2008) और फिल्म '3 इडियट्स' (2010) के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' का मुख्य आईआईएफए पुरस्कार जीता था। करीना ने फिल्म 'जब वी मेट' (2008) और फिल्म '3 इडियट्स' (2010) के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' का मुख्य आईआईएफए पुरस्कार जीता था। 2025 में 'लापता लेडीज' ने 10 अवॉर्ड्स जीते थे। बता दें कि पहले योजना थी कि आईआईएफए 2026 को अगस्त-सितंबर के महीने में साउथ-ईस्ट एशिया में आयोजित किया जाएगा, लेकिन बड़े स्तर पर तैयारियों और अंतरराष्ट्रीय तारीखों के तालमेल के कारण आयोजकों ने इसे आगे बढ़ाकर अब 2027 की शुरूआत में आयोजित करने का फैसला किया। इससे पहले आईआईएफए अवॉर्ड्स का सिल्वर जुबली समारोह 8 और 9 मार्च 2025 को भारत में आयोजित हुआ। जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (खएउउ) में हुए इस समारोह में बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। इवेंट को अभिनेता कार्तिक आर्यन और फिल्ममेकर करण जौहर ने को-होस्ट किया।

> सलमान खान, करीना कपूर समेत कई सितारे होंगे शामिल, जानिए सेरेमनी का इतिहास

ऑस्कर के लिए नेपाल की फिल्म 'एलीफेंट्स इन द फॉग' को चुना



काठमांडू। नेपाली फिल्म एलीफेंट्स इन द फॉग (तिनिहरु) को 2027 में होने वाले 99वें अकादमी पुरस्कारों (ऑस्कर) में नेपाल की प्रविष्टि के रूप में चुना गया है। अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म चयन समिति (नेपाल) को विचार के लिए गौथली सहित दो फिल्में मिली थीं। हालांकि, समिति ने घोषणा की कि अविनाश विक्रम शाह द्वारा निर्देशित एलीफेंट्स इन द फॉग 2027 के ऑस्कर में नेपाल का प्रतिनिधित्व करेगी।

समिति ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि दोनों फिल्मों के तकनीकी पक्ष, कहानी, किरदारों के भावनात्मक चित्रण, कलात्मक प्रस्तुति और फिल्म की समग्र गुणवत्ता का गहन मूल्यांकन करने के बाद प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नेपाल का प्रतिनिधित्व करने के वास्ते एलीफेंट्स इन द फॉग को चुना गया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में नेपाल का प्रतिनिधित्व करेगी।

लीजेंड्री गायिका टर सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक में रश्मिका

मुंबई। लीजेंड्री गायिका टर सुब्बुलक्ष्मी पर बायोपिक बनेगी। रश्मिका मंदाना फिल्म में उनका किरदार निभाएंगी। फिल्म का आधिकारिक लॉन्च 16 सितंबर 2026 को उनकी 110वीं जयंती पर चेन्नई के द म्यूजिक एकेडमी में किया गया। गौतम तिन्ननुरी फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, जो पहले 'जर्सी' और 'किंगडम' जैसी हिट फिल्में बना चुके हैं। रश्मिका से पहले साई पल्लवी का नाम इस बायोपिक के लिए सामने आया था। रश्मिका पहली बार ऐसी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक शख्सियत का किरदार निभाएंगी, जिसकी पहचान मुख्य रूप से कर्नाटक शास्त्रीय संगीत से जुड़ी है।

सिद्धार्थ-तमन्ना की फिल्म 'वन' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की अपकमिंग फैंटेसी फिल्म 'वन' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 2 मिनट 44 सेकंड का यह ट्रेलर एक रहस्यमयी और प्रतिबंधित जंगल की कहानी दिखाता है, जहां आस्था और लोककथाओं का मिलन होता है। फिल्म में सिद्धार्थ एक नास्तिक व्यक्ति के किरदार में हैं, जो जंगल के भीतर की शक्तियों और भूतों से मुकाबला करते नजर आते हैं।

'पंचायत' वेब सीरीज के निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में पहली बार तमन्ना भाटिया और सिद्धार्थ मल्होत्रा साथ काम कर रहे हैं। ट्रेलर की शुरूआत में तमन्ना भाटिया और सिद्धार्थ मल्होत्रा के किरदारों की बातचीत दिखाई गई है। तमन्ना का किरदार छठ पूजा की छुट्टियों में जंगल की तरफ जाने की बात करता है, जबकि सिद्धार्थ का किरदार बहाने बनाता दिखता है। तमन्ना का मानना है कि उन्हें देवी ने खुद बुलाया है। इसके बाद कहानी में कई अकल्पनीय घटनाएं घटने लगती हैं। यहां



'वन देवी' का प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर से पुरानी लोककथाएं फिर से जीवित हो उठती हैं। फिल्म की इस रहस्यमयी दुनिया का सबसे बड़ा नियम है सूर्यास्त के बाद वन में प्रवेश करना वर्जित है। जंगल के भीतर 'भुटका' नाम की अंधेरी और खौफनाक शक्तियां रहती हैं, जो रात के सन्नाटे से भी ज्यादा खतरनाक मानी जाती हैं। लोकमान्यता के अनुसार, अगर कोई इंसान रात के समय इस जंगल में कदम रखता है, तो वह कभी जिंदा वापस नहीं लौट पाता। सिद्धार्थ का किरदार इन खतरों के बावजूद इस जंगल की तरफ खिंचा चला जाता है।

सिद्धार्थ और तमन्ना के अलावा मनीष पॉल, श्वेता तिवारी, सुनील ग्रोवर और अनूप सोनी जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में डर और प्रामाणिकता का अहसास कराने के लिए मेकर्स ने असली जंगलों में शूटिंग की है। 'तुंबाद', 'भ्रमयुगम' और 'कांतारा' जैसी लोककथाओं पर बनी फिल्मों की सफलता के बाद दर्शक इस तरह के कंटेंट को काफी पसंद कर रहे हैं। बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को शोभा कपूर और एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है।

> फिल्म में दिखाई गई खौफनाक जंगल की दुनिया भूतों से मुकाबला करते नजर आए सिद्धार्थ



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com